@Qpatrika | @qaumipatrika hindi | instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका

राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित

वीरवार, 13 नवंबर 2025

VISIT: www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 19 अंक 9 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

# दिल्ली लास्ट प्रधानमंत्री अस्पताल में घायलों से मिले

## ● जनवरी से रची जा रही थी साजिशःदो साल से विस्फोटक जमा कर रही थी लेडी टेररिस्ट

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली धमाका करने वाले आतंकियों का ग्रुप फरीदाबाद की अल फलाह यूनिवर्सिटी से संचालित हो रहा था। सूत्रों के मुताबिक धमाकों की साजिश जनवरी से की जा रही थी। फरीदाबाद से गिरफ्तार डॉ. शाहीन शाहिद ने बताया कि वह पिछले दो साल से विस्फोटक जमा कर रही थी। शाहीन और उसके साथियों को मिलाकर एक व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल बनाया गया था। यानी इसमें पेशेवर लोगों को शामिल किया गया था। इसमें शामिल आतंकी जैश-ए-मोहम्मद और अंसार गजवत-उल-





हिंद नाम के संगठनों जुड़े थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार दोपहर भूटान से लौटे। वे एयरपोर्ट से सीधे LNJP अस्पताल पहुंचे। यहां उन्होंने दिल्ली ब्लास्ट के घायलों के इलाज का जायजा लिया और डॉक्टरों से भी बात की। प्रधानमंत्री ने कहा कि साजिश को अंजाम देने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

LNJP अस्पताल में ब्लास्ट में घायल महिला से पीएम मोदी ने मुलाकात की और हाल जाना। इस दौरान पीएम मोदी महिला के सिर पर हाथ रखकर सहानुभूति जताई।

LNJP अस्पताल में ब्लास्ट में घायल महिला से पीएम मोदी ने मुलाकात की और हाल जाना। इस दौरान पीएम मोदी महिला के सिर पर हाथ रखकर सहानुभूति जताई। मोदी LNJP अस्पताल में आधा घंटा रहे। मरीजों से धमाके के वक्त की स्थिति जानी।

## आतंकियों की दूसरी कार फरीदाबाद में मिली

इधर पुलिस ने आशंका जताई थी कि दिल्ली धमाके में शामिल आतंकियों के पास एक नहीं, बल्कि दो कारें थीं। लाल रंग की इस फोर्ड इकोस्पोर्ट कार का नंबर DL10-CK-0458 है। दिल्ली पुलिस ने बुधवार को इसकी तलाश के लिए दिल्ली के साथ पड़ोसी राज्यों यूपी और हरियाणा में अलर्ट जारी किया गया था। अलर्ट जारी होने के बाद बुधवार शाम को ही कार को हरियाणा के खंदावली गांव के पास से बरामद किया गया है। यह कार डॉ. उमर उन नबी के नाम पर रजिस्टर्ड है।




## विमान को बम से उड़ाने की धमकी

मुंबई से वाराणसी जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट को बीच उड़ान के दौरान बम की धमकी मिलने की सूचना है। इसके बाद वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया। एयरपोर्ट निदेशक पुनीत गुप्ता ने बताया कि विमान की पूरी जांच कर ली गई है। कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। विमान को सुरक्षित घोषित किया गया है और अब एयरपोर्ट का संचालन सामान्य हो गया है। जानकारी के अनुसार, सूचना के बाद विमान की तुरंत इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। इसके बाद उसे आइसोलेशन में भी ले जाया गया। सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जबकि बम निरोधक दस्ते द्वारा विमान की विस्तृत जांच की जा रही है। अधिकारी धमकी के स्रोत की जांच शुरू कर चुके हैं।

# नोएडा जेल से निठारी हत्याकांड में आरोपी सुरेंद्र कोली की रिहाई

## ● सुप्रीम कोर्ट ने किया था बरी

**एजेंसी**

**नोएडा।** नोएडा के सबसे चर्चित निठारी हत्याकांड में आरोपी सुरेंद्र कोली की आज रिहाई हो गई है। बीते मंगलवार को रिहाई नहीं हुई थी। सुप्रीम कोर्ट द्वारा क्यूरेटिव पिटीशन पर सुनवाई के बाद कोली को अंतिम केस में भी बरी कर दिया गया और तत्काल रिहाई के आदेश दिए गए थे। लेकिन रिहाई परवाना लुक्सर स्थित जेल तक शाम तक नहीं पहुंच पाया। जिसकी वजह से मंगलवार को जेल से नहीं छोड़ा गया। सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यीय खंडपीठ ने निठारी कांड से जुड़े आखिरी मामले में सुरेंद्र



कोली को बरी करते हुए कहा कि उन्हें तुरंत रिहा किया जाए। इससे पहले कोली वर्ष 2006 में निठारी प्रकरण के खुलासे के बाद से लगातार कानूनी लड़ाई लड़ रहा था। करीब दो वर्षों से वह गौतमबुद्धनगर जिला जेल में बंद था। उसे अन्य कैदियों के साथ ही गाजियाबाद की डासना जेल से लुक्सर की जेल में स्थानांतरित किया गया था।

बता दे कि वर्ष 2023 में मुनेंद्र सिंह पंढेर भी निठारी कांड के सभी मामलों से बरी हो चुका है। निठारी कांड वर्ष 2006 में उस समय सुर्खियों में आया था जब नोएडा के निठारी गांव में कई बच्चों के कंकाल मिले थे। इस घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया था। जिसके बाद पुलिस ने पंढेर और उसके घरेलू सहायक सुरेंद्र कोली को आरोपी बनाकर गिरफ्तार किया था।

## बिहार में राजग को मिलेगा पूर्ण बहुमत, नीतीश ही बनेंगे मुख्यमंत्रीः मौर्य

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और बिहार के सहप्रभारी केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को पूर्ण बहुमत मिलेगा और बिहार के तेजस्वी और ऊर्जावान नेता नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री बनेंगे। श्री मौर्य ने 'यूनीवार्ता' से विशेष बातचीत के दौरान बिहार को लेकर विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। बिहार में बहुमत मिलने की दशा में नीतीश के मुख्यमंत्री बनने अथवा कोई नया चेहरा सामने लाने के सवाल पर उन्होने कहा, ' बिहार में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सहयोगी दलों के साथ मिलकर राजग गठबंधन के तहत चुनाव लड़ा है।

## दिल्ली धमाके के बाद मिस्र और अर्जेंटीना ने कहा- हम भारत के साथ, *आतंकवाद रुकना चाहिए*

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत में मिस्र के राजदूत कामेल जायेद गलाल ने दिल्ली धमाके की कड़ी निंदा की है। आईएएनएस के साथ खास बातचीत में मिस्र के राजदूत ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ भारत ही नहीं, अंतर्राष्ट्रीय और मानवीय तौर पर भी एक ही कानून है। कामेल जायेद गलाल ने कहा, 'अपने देश मिस्र की सरकार और जनता की ओर से हम पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं और सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। यह हमारे समाज के लिए सच्चाई का और नाजुक क्षण है और हमें इस कृत्य को वर्गीकृत करने में सतर्क रहना चाहिए।' भारत में मिस्र के राजदूत ने आगे कहा, 'किसी भी आपराधिक मामले को न्याय के कठघरे में लाया जाना चाहिए। हम इसका समर्थन करते हैं। मुझे लगता है कि यही बात अंतरराष्ट्रीय कानून और मानवीय कानून पर भी लागू होती है।' वहीं भारत और मिस्र के बीच संबंध को लेकर उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को क्रियान्वित करने के लिए दोनों विदेश मंत्रियों ने एक संपूर्ण रोडमैप पर सहमति व्यक्त की है।



दूसरी तरफलाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए कार विस्फोट पर भारत में अर्जेंटीना के राजदूत मारियानो काउसिनो ने कहा, 'हमें नहीं पता कि यह आतंकवादी हमला था या नहीं। आज सुबह तक कोई आधिकारिक जानकारी नहीं थी, लेकिन निश्चित रूप से अगर यह पुष्टि हो जाती है कि आतंकवादी हमला हुआ है तो अर्जेंटीना भारत का समर्थन करेगा, जैसा कि हमने इस साल अप्रैल में किया था जब कश्मीर में आतंकवादी हमला हुआ था।' उन्होंने कहा कि जब दो दिन पहले यह विस्फोट हुआ था, तब हमने मृतकों, उनके परिवारों और घायलों के प्रति अपनी एकजुटता व्यक्त की थी। हम उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। भारत में अर्जेंटीना के राजदूत मारियानो काउसिनो कहते हैं, 'हम आतंकवाद पर प्रधानमंत्री मोदी के रुख से सहमत हैं।

# सीएम मोहन यादव ने लाडली बहनाओं के खातों में 1500 रुपए की राशि ट्रांसफर की

## यह राशि हर माह उनके खाते में आएगी।

**एजेंसी**

**सिवनी/भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा लाडली बहनाओं को 1500 रुपए मासिक दिए जाने का वादा बुधवार को पूरा कर दिया गया। प्रदेश की लगभग एक करोड़ 26 लाख बहनाओं के खातों में सिंगल क्लिक से राशि अंतरित की गई। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बुधवार को सिवनी के पॉलिटेक्निक कॉलेज मैदान में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के तहत 1500 रुपए की राशि अंतरित की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने लाडली बहनाओं के खाते में 1500 रुपए की राशि अंतरित की है, यह राशि हर माह उनके खाते में आएगी। मुख्यमंत्री यादव प्रदेश की 1.26 करोड़ से अधिक लाडली बहनों के खाते में 30वीं किस्त के रूप में कुल 1857 करोड़ रुपए की राशि सिंगल क्लिक



के माध्यम से अंतरित की। इसके साथ ही सीएम मोहन यादव ने सिवनी जिले में 539.75 करोड़ रुपए की लागत के 114 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन भी किया। राज्य में लाडली बहनाओं को शुरुआत में एक हजार रुपए मासिक दिया जाता था, जिसे बाद में 1250 रुपए कर दिया गया और अब उसमें 250 रुपए की बढ़ोत्तरी की गई है। इस तरह लाड़ली बहनाओं को अब 1500 रुपए मासिक मिलने लगे हैं। राज्य सरकार वादा कर चुकी है कि लाडली बहनाओं को पूर्व में किए गए वादे के अनुसार तीन हजार रुपए मासिक दिए जाएंगे, इस राशि में निरंतर बढ़ोत्तरी होती रहेगी। वहीं, कांग्रेस ने प्रदेश सरकार पर हमला बोला है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी का कहना है कि लाडली बहनाओं को सरकार ने तीन हजार रुपए मासिक देने का वादा किया था, जिसे अब तक पूरा नहीं किया गया है। लाडली बहनाओं के साथ सरकार वादा खिलाफी कर रही है। उन्होंने कहा कि लाडली बहनाओं को तीन हजार रुपए प्रति माह दिए जाने चाहिए।

# एटीएस ने ठाणे और पुणे में संदिग्धों के ठिकानों पर मारा छापा, *आतंकवादियों* से जुड़े होने का आरोप

## ● यह कार्रवाई हाल ही में गिरतार सॉटवेयर इंजीनियर ज़ुबैर इलियास हंगरगेकर के मामले की जांच के तहत की गई

**एजेंसी**

**पुणे।** दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के आपस हुए बम धमाके के बाद महाराष्ट्र एंटी-टेररिज्म स्क्वॉड (एटीएस) ने ठाणे और पुणे में संदिग्धों के घर पर रेड मारी। इस दौरान एटीएस की टीम ठाणे जिले के मुंब्रा कौसा इलाके में एक मदरसे के शिक्षक के घर और पुणे के कोंढवा स्थित एक घर पहुंची। यह कार्रवाई हाल ही में गिरफ्तार सॉफ्टवेयर इंजीनियर जुबैर इलियास हंगरगेकर के मामले की जांच के तहत की गई। अधिकारियों ने सुरक्षा कारणों से संदिग्धों के नाम उजागर नहीं किए, लेकिन सूत्रों के मुताबिक एक संदिग्ध मुंब्रा का शिक्षक इब्राहिम आबिदी है, जो जमात-ए-इस्लामिया से जुड़ा बताया जा रहा है। एटीएस ने स्पष्ट किया है कि ये छापेमारियां दिल्ली में सोमवार को हुए कार बम विस्फोट से सीधे तौर पर जुड़ी नहीं




हैं, जिसमें 12 लोगों की मौत हो गई थी। हालांकि एजेंसी जम्मू-कश्मीर, फरीदाबाद और दिल्ली की हालिया गतिविधियों का महाराष्ट्र से किसी संभावित संबंध की जांच कर रही है। एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, 'यह मानक जांच प्रक्रिया का हिस्सा है। हम हर संभावित लिंक को खंगाल रहे हैं, ताकि राज्य में सुरक्षा सुनिश्चित रहे।' छापेमारी के दौरान दोनों स्थानों से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, दस्तावेज और अन्य सामग्री जब्त की गई। मुंब्रा के शिक्षक को हिरासत में लेकर कुर्ला स्थित उसके दूसरे घर पर भी तलाशी ली गई। 27 अक्टूबर को एटीएस ने पुणे के कोंढवा से 37 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर जुबैर हंगरगेकर को गिरफ्तार किया था। उसके फोन से पाकिस्तान-आधारित अल-कायदा इन इंडियन सबकॉन्टिनेंट के हैंडलर्स से संपर्क, रेडिकल प्रोपेगेंडा वीडियो और 20 से अधिक युवाओं को 'ऑनलाइन जिहाद' के लिए भर्ती करने के सबूत मिले थे। हंगरगेकर सोलापुर के मध्यमवर्गीय मुस्लिम परिवार से है और आईटी कंपनी में काम करता था। वह कोंढवा में धार्मिक प्रवचन देता था। उस पर कट्टरपंथ फैलाने का आरोप है। यूएपीए कोर्ट ने उसे रिमांड पर भेजा था, जिससे पूछताछ के बाद मुंब्रा के शिक्षक का नाम सामने आया।

## *भारत जलवायु परिवर्तन से प्रभावित शीर्ष 10 देशों में शामिल*

**नई दिल्ली।** जलवायु परिवर्तन से सबसे अधिक प्रभावित होने वाले शीर्ष दस देशों में भारत भी शामिल है। बुधवार को यहां जारी रिपोर्ट में भारत सहित संवेदनशील देशों पर लू, तूफान और बाढ़ जैसी चरम मौसम की घटनाओं के असर को प्रमुख कारक बताया गया है। जर्मन वॉच द्वारा जारी 2026 जलवायु जोखिम सूचकांक के अनुसार, डोमिनिका, म्यांमार और होंडुरास पिछले तीन दशकों में चरम मौसम से सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाले तीन देश हैं। शीर्ष रैंकिंग में शामिल अधिकतर देश वैश्विक दक्षिण में हैं लेकिन कई यूरोपीय देश और अमेरिका भी शीर्ष 30 में शामिल हैं जो जलवायु परिवर्तन के व्यापक प्रभावों को दर्शाता है।

# समाज में शांति के लिए हर आतंकवादी तत्व का सफाया करना होगा : उपराज्यपाल सिन्हा

## ● उपराज्यपाल ने श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का उद्घाटन किया

**एजेंसी**

**श्रीनगर।** उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को कहा कि हमें समाज में शांति बहाल करने के लिए हर आतंकवादी तत्व का सफाया करना होगा और इस प्रयास में जनता के सभी वर्गों का सहयोग आवश्यक है। उपराज्यपाल वोमेध समूह की ओर से आयोजित श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। उपराज्यपाल ने फिल्म निर्माताओं से ऐसी फिल्में बनाने का आह्वान किया, जो आतंकवाद पीड़ितों की व्यथा को बयां करें, आतंकवादी तंत्र के सरगनाओं को बेनकाब करें और अगस्त 2019 के बाद आए बदलाव को प्रदर्शित करें। उपराज्यपाल ने कहा कि लोगों को पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों को शांति के दुश्मनों के बारे



में जानकारी देकर उन्हें बेनकाब करना चाहिए, ताकि समाज में छिपे पूरे आतंकवादी तंत्र को बेअसर किया जा सके और पड़ोसी देश के नापाक इरादों को करारा जवाब दिया जा सके। उपराज्यपाल ने कहा कि पिछले 5-6 वर्षों के अथक, समर्पित कार्य और जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना, खुफिया और सुरक्षा बलों के अनेक बलिदानों के बाद हम जम्मू-कश्मीर में एक भयमुक्त वातावरण बनाने और युवाओं के सपनों को साकार करने के लिए एक सुरक्षित, सहायक और समावेशी व्यवस्था स्थापित करने में सक्षम हुए हैं। उपराज्यपाल ने कहा कि इस शांति, प्रगति, आनंद और नई आशा की रक्षा के लिए समाज को एकजुट होना चाहिए। उपराज्यपाल ने फिल्म शूटिंग को आसान बनाने और फिल्म उद्योग के साथ जम्मू-कश्मीर के संबंधों को पुनर्जीवित करने के लिए केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन द्वारा किए गए प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने फिल्म निर्माताओं से मनोरंजन और सामाजिक जिम्मेदारी के बीच संतुलन बनाने का भी आह्वान किया। उपराज्यपाल ने कहा कि सिनेमा सामाजिक आख्यानों को आकार देने, सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देने और एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को बढ़ावा देने के सबसे शक्तिशाली साधनों में से एक है।

## *अलफलाह विश्वविद्यालय का दावा*

# पकड़े गए डाक्टरों का ड्यूटी के अलावा नहीं कोई संबंध

**एजेंसी**

**फरीदाबाद।** दिल्ली में हुए विस्फोट और फरीदाबाद से विस्फोटक बरामद होने की घटना के बाद हरियाणा के फरीदाबाद जिले के धौज गांव में स्थित अलफलाह यूनिवर्सिटी ने बुधवार को पहली बार अधिकारिक बयान जारी किया है। विवि प्रबंधन ने डाक्टरों की गिरफ्तारी के मामले में अपना पक्ष रखा है। वाइस चांसलर प्रो. भूपिंदर कौर आनंद ने बयान जारी करते हुए कहा कि हमारे दो डॉक्टर (डॉ. मुजम्मिल और शाहीन सईद) हिरासत में हैं। उनकी ड्यूटी के अलावा यूनिवर्सिटी का इससे कोई संबंध नहीं है। यूनिवर्सिटी के अंदर किसी भी तरह का केमिकल या विस्फोटक नहीं रखा जाता है। हमारी लैब का इस्तेमाल सिर्फ एमबीबीएस के छात्रों को पढ़ाने और ट्रेनिंग देने के लिए होता है। विवि प्रबंधन की तरफ से किसी भी नियम का उल्लंघन नहीं किया गया है। हर काम कानून के हिसाब से किया जाता है। यूनिवर्सिटी की वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) भूपिंदर कौर आनंद ने कहा कि अल-फलाह ग्रुप 1997 से कई कॉलेज और स्कूल का संचालन करता है। 2009 में इसे खुद के कोर्स चलाने की अनुमति मिली और 2014 में यह यूनिवर्सिटी बन गई। इसे यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (जीसी) ने भी मान्यता दी है। अल-फलाह अस्पताल 2019 से मेडिकल कॉलेज चला रहा है और यह भारतीय यूनिवर्सिटीज के संगठन का सदस्य भी है।

# त्रिपुरा को सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पर्यटन का केंद्र बनाने को सरकार प्रतिबद्ध : सिंधिया

## ● त्रिपुरा की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को विश्व पटल पर प्रदर्शित करने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विज़न के अनुरूप त्रिपुरा को एक वैश्विक पर्यटन गंतव्य के रूप में विकसित करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। त्रिपुरा की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को विश्व पटल पर प्रदर्शित करने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। सिंधिया ने त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा की उपस्थिति में मताबाड़ी पर्यटन सर्किट के विकास पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में राज्य को सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और इको-टूरिज्म का केंद्र बनाने की दिशा में उठाए जा रहे विभिन्न कदमों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक के दौरान अगरतला हवाई अड्डे की अंतरराष्ट्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ाने, नीर महल, तेपानिया, जंपुईपुरा और उदयपुर जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों के पुनर्विकास, तथा डम्बुर द्वीप समूह को पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल के तहत विकसित करने की योजनाएं बतायी गईं। सिंधिया ने कहा कि स्थानीय पर्यटक गाइड और सेवा क्षेत्र के




प्रशिक्षण सहित सात प्रमुख क्षेत्रों में क्षमता निर्माण से रोज़गार और कौशल विकास को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे लक्षद्वीप, अंडमान-निकोबार द्वीप समूह और केवड़िया जैसे सफल पर्यटन मॉडलों से सीख लेकर त्रिपुरा में विश्वस्तरीय पर्यटन अनुभव विकसित करें। सिंधिया ने कहा कि केंद्र सरकार का लक्ष्य पूर्वोत्तर भारत की अनूठी पहचान को सशक्त पर्यटन के माध्यम से विश्व स्तर पर स्थापित करना है।

# बिहार विधानसभा चुनाव के परिणाम में एनडीए का प्रदर्शन शानदार होगा : दीया कुमारी

**एजेंसी**

**जयपुर।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर आए एग्जिट पोल के बाद से एनडीए में शामिल राजनीतिक दलों के चेहरे पर खुशी देखने को मिल रही है। आईएएनएस मैटराइज के सर्वे में एनडीए की वापसी हो रही है। एग्जिट पोल को लेकर राजस्थान की डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने कहा कि यह स्पष्ट है कि कौन जीतेगा। अभी तो एग्जिट पोल के अनुमान सामने आए हैं, 14 नवंबर को यह परिणाम में तब्दील होंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार विजयी होने के लिए तैयार हैं। मुझे विश्वास है कि एनडीए ने इस चुनाव में शानदार प्रदर्शन किया है और इसकी पूरी तस्वीर 14 नवंबर को देखने को मिलेगी। दिल्ली ब्लास्ट पर डिप्टी सीएम ने कहा कि यह बहुत ही दुखद घटना हैं, मैं निंदा करती हूं। मेरी संवेदनाएं मृतकों के परिवारों के प्रति हैं। यह जो घटना हुई, वह ठीक नहीं, बहुत गलत हुआ। हम लोग सतर्क हैं, सरकार सतर्क है। किसी को घबराने की जरूरत नहीं है, सभी टूरिस्ट प्लेस सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि सभी जांच एजेंसियां सख्ती से पूरे मामले की जांच कर रही हैं। मैं दावे के साथ कहूंगी कि जो भी इसके पीछे दोषी हैं, बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि ईश्वर दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं शोकाकुल परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करें। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। बताते चलें कि बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर दो चरण में मतदान संपन्न कराए गए। पहला चरण 6 नवंबर को आयोजित किया गया, जिसमें 121 सीटों पर मतदान हुआ।

# नोएडा-एनसीआर में हवा हुई दूषित, कई सेक्टरों में एक्युआई 400 से ऊपर


## खांसी-जुकाम, बुखार, सांस फूलना और आंखों में जलन जैसे मामले बढ़ रहे

**नोएडा (एजेंसी)।** नोएडा-एनसीआर की हवा बहुत खराब श्रेणी में पहुंच गई है। बीते दिन सुबह कई सेक्टरों में एक्युआई 420 से ऊपर दर्ज किया गया, जो बहुत ही गंभीर श्रेणी मानी जाती है। ऐसे में कोई अस्थमा का मरीज, हार्ट पेशेंट, या प्रेग्नेंट महिला है तो थोड़ी सी लापरवाही भी बड़ी परेशानी में बदल सकती है। प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के मुताबिक बारिश या ठंडी हवाओं के बिना फिलहाल हालात सुधरेंगे नहीं।

मीडिया रिपोर्ट में डॉ. मीरा पाठक के हवाले से बताया गया है कि हाई पॉल्यूशन का मतलब सिर्फ हवा गंदी होना नहीं, बल्कि हवा में ऐसे केमिकल और कणों का बढ़ जाना है, जो सीधे शरीर की कोशिकाओं, हार्मोन्स और सांस की नलियों पर हमला करते हैं। यही वजह है कि इन दिनों खांसी-जुकाम, बुखार, सिरदर्द, सांस फूलना और आंखों में जलन जैसे मामले अस्पतालों में तेजी से बढ़ रहे हैं। पहला असर दिमाग पर पड़ता है, ब्रेन फॉग यानी दिमाग थका-थका, धीमा और उलझा हुआ महसूस होता है।

डॉ. पाठक के मुताबिक गर्भवती महिलाओं को ज्यादा सावधानी रखने की जरूरत है। हवा में मौजूद पॉल्यूटेंट प्लेसेंटा के जरिए बच्चे तक पहुंच सकते हैं, जिससे शुरुआती महीनों में मिसकैरेज और ब्लीडिंग का खतरा बढ़ जाता है। वहीं आगे चलकर फीटल ग्रोथ, ब्रेन डेवलपमेंट और यहां तक कि प्रीमैच्योर डिलीवरी की संभावना भी बढ़ जाती है। इसलिए ऐसे समय में बाहर जाने पर एन-95 मास्क जरूरी है और घर में एयर प्यूरीफायर हो तो बढ़िया, नहीं तो स्नेक प्लांट, स्पाइडर प्लांट और मनी प्लांट जैसे प्राकृतिक विकल्प भी कारगर है।

खाने-पीने में हल्दी, गुड़, आंवला, संतरा, नींबू, अदरक, और हरी सब्जियां शरीर के अंदर इम्युनिटी शील्ड की तरह काम करती है। पानी खूब पिएं, गरम पानी और काढ़ा भी लाभकारी है। कोई भी लक्षण जैसे सांस में समस्या, तेज खांसी, सीने में दर्द या लगातार थकावट महसूस हो तो तुरंत नजदीकी डॉक्टर से संपर्क करें। इस मौसम में बाहर घूमना खतरा है।



बता दें बुधवार सुबह नोएडा में हवा की गुणवत्ता तेजी से गिरी। सेक्टर 76, 75, 74 और 78 की तरफ एक्युआई 424 दर्ज किया गया। वहीं सेक्टर 1, 2, 3, 5, 6 और 15 में भी यह स्तर 412 तक पहुंचा। इसके अलावा सेक्टर 125, 126 और 128 की तरफ 425 का स्तर रिकॉर्ड किया गया। ग्रेटर नोएडा में थोड़ी राहत जरूर दिखी, लेकिन वहां भी हवा 'खराब' श्रेणी में रही, जहां एक्युआई 404 दर्ज किया गया और सेक्टर 62 के आसपास एक्युआई 446 दर्ज किया गया।

बता दें 0 से 50 अच्छा जिसमें सांस लेने में कोई दिक्कत नहीं होती है। 51 से 100 के बीच संतोषजनक जिसमें संवेदनशील लोगों को हल्की परेशानी होती है। 101 से 200 मध्यम में बच्चों, बुजुर्गों और अस्थमा रोगियों को परेशानी होती है। 201 से 300 के बीच खराब होता है और इसमें सामान्य लोगों को भी खांसी, गले में जलन होती है। 301 से 400 बहुत खराब श्रेणी में आता है, जिसमें सांस की तकलीफ, आंखों में जलन के साथ और कई तरह की समस्या होने लगती है। 400 से ऊपर बहुत गंभीर श्रेणी में रखा जाता है, जिसमें स्वास्थ्य पर गंभीर असर, अस्पताल में भर्ती तक की नौबत आ सकती है।

## स्वस्थ होकर घर पहुंचे अभिनेता धर्मेंद्र, डॉक्टर बोले- घर पर देख-रेख करेगा परिवार

**मुंबई (एजेंसी)।** बॉलीबुड के ही-मैन कहे जाने वाले फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र अब पूरी तरह स्वस्थ होकर अस्पताल से अपने घर पहुंच गए हैं। उन्हे 1 नवंबर को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बुधवार सुबह एक एम्बुलेंस में उन्हें घर ले जाया गया। परिवार ने एक्टर को घर ले जाने का तय किया है, जिसके बाद उन्हें हॉस्पिटल से डिसचार्ज कर दिया गया है। सांस लेने में तकलीफ के बाद उन्हें मुंबई के निजी अस्पताल में भर्ती किया किया था, डॉक्टर्स उनकी सेहत पर लगातार नजर बनाए हुए थे और देशभर से फैंस उनकी सेहत के लिए दुआ कर रहे थे। लेकिन बुधवार को उन्हें हॉस्पिटल से डिसचार्ज करके घर ले जाने की खबर आई है। बता दें कि बीती रात बॉबी देओल, सनी देओल और धर्मेंद्र के पोतों (करण और राजवीर) को हॉस्पिटल से वापस लौटते देखा गया था। उनके चेहरों के हावभाव फैंस की चिंता और भी ज्यादा बढ़ा रहे थे। लेकिन इस बीच एक्टर को हॉस्पिटल से डिसचार्ज किया जाना उनके फैंस के लिए राहत की खबर हो सकती है। धर्मेंद्र के कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं जिनमें एक एम्बुलेंस को ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल से बाहर आते देखा जा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक धर्मेंद्र का इलाज कर रहे डॉक्टर प्रतीत समदानी ने बताया, धर्मेंद्रजी को सुबह करीब 7.30 बजे के करीब हॉस्पिटल से डिसचार्ज कर दिया गया है। उनका इलाज घर पर चलता रहेगा क्योंकि परिवार ने घर पर ही उनका ट्रीटमेंट करवाने का फैसला किया है। धर्मेंद्र की बेटी ईशा देओल ने बताया था कि धर्मेंद्र की हालत में सुधार है और पत्नी हेमा मालिनी ने मीडिया से निजता बनाए रखने का आग्रह किया था। मंगलवार रात तक हॉस्पिटल में धर्मेंद्र से मिलने के लिए लोगों का आना-जाना लगा रहा।



## केरल के चिड़ियाघर में कुत्तों का आतंक, 10 हिरणों को नोंच-नोंचकर खा गए

तिरुवानंतपुरम (एजेंसी)। कुत्तों के बढ़ते आतंक ने पूरे देश की नाक में दम कर रखा है। सुप्रीम कोर्ट को भी इसमें दखल देना पड़ा और कहना पड़ा कि सार्वजनिक स्थलों से कुत्तों को तत्काल हटाया जाए। इनका सफाया होता इससे पहले केरल के चिड़ियाघर से कुत्तों के आतंक की खबर आ गई। जहां करीब 10 हिरण का शिकार कुत्ते कर चुके हैं। चिड़ियाघर के निदेशक नागराज ने इस मामले पर कुछ भी कहने से इनकार किया है। वहीं, अधिकारियों ने सीसीटीवी फुटेज भी जारी नहीं किया है, जिससे घटना की सच्चाई पर और सवाल खड़े हो रहे हैं। केरल के त्रिशूर जिले में बने नए पुथुर जूलॉजिकल पार्क में एक बड़ी घटना हुई है। पार्क में घुसे आवारा कुत्तों ने 10 हिरणों को मार डाला। इस हादसे से चिड़ियाघर की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठ गए हैं। यह वही चिड़ियाघर है, जिसे खुले हुए अभी एक महीना भी नहीं हुआ है। हाल ही में पार्क ने आगंतुकों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण शुरू किया था। फिलहाल यहां सिर्फ स्कूल और कॉलेज के ग्रुप्स को ही आने की अनुमति है। आम जनता के लिए यह पार्क अभी खुला नहीं है। पुथुर जूलॉजिकल पार्क का उद्घाटन मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने 28 अक्टूबर को किया था। यह पार्क 336 एकड़ में फैला एशिया का दूसरा सबसे बड़ा और भारत का पहला 'डिजाइनर चिड़ियाघर' माना जा रहा है। पार्क में 80 प्रजातियों के 534 जानवरों को 23 खुले और प्राकृतिक स्थानों पर रखा जाना है। पुराने चिड़ियाघर के जानवरों को धीरे-धीरे यहां लाया जा रहा है। इसका डिजाइन ऐसा रखा गया है कि जानवरों को खुले और प्राकृतिक माहौल का अनुभव मिले। लेकिन जिस खुलेपन को कभी सुविधा समझा गया, आज वही सुरक्षा के लिए जोखिम बन गया है। सूत्रों के अनुसार, वन्यजीव विशेषज्ञ डॉ अरुण जकारिया की टीम ने मंगलवार को पार्क का दौरा किया और जांच शुरू की। अधिकारियों ने कहा कि हिरणों की मौत का असली कारण पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा।

## हापुड़ पुलिस ने चेकिंग में कार से बरामद किया 37 किलो हाइड्रो फ्लोरिड

हापुड़ (एजेंसी)। दिल्ली कार विस्फोट मामले के बाद पूरे यूपी में अलर्ट जारी किया गया है। इसके चलते हापुड़ पुलिस ने चेकिंग के दौरान कार से केमिकल बरामद किया है। पुलिस ने 37 किलो हाइड्रो फ्लोरिड बरामद किया है। आरोपी हरियाणा से केमिकल लेकर आ रहा था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हापुड के पिलखुवा एनएच9 का मामला है। वहीं दूसरी तरफ डॉक्टर शाहीन का कानपुर कनेक्शन आने के बाद एटीएस के साथ कानपुर कमिश्नरेट पुलिस भी अलर्ट है। एटीएस की टीम ने दूसरे दिन भी कानपुर में डेरा डाल रखा है। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के साथ-साथ कैंपस में 2006 के दौरान पोस्टेड रहे डॉक्टर से पूछताछ कर सकती है। एटीएस कानपुर यूनिट की टीम आज कन्नौज जा सकती है। कानपुर कमिश्नर के निर्देश पर गठित की गई स्पेशल टीम-3 डॉ शाहीन से जुड़े लोगों की जानकारी जुटाने में जुटी है। जानकारी के मुताबिक 2006 से 2012 में मेडिकल कॉलेज कैंपस विभाग में कार्यरत डॉक्टर और स्टाफ से भी जानकारी जुटाई जा रही है। स्पेशल टीम-3 डॉ शाहीन के पूर्व पति से भी पूछताछ कर सकती है। सुत्रों के मुताबिक साल 2015 में शाहीन का तलाक हुआ था।

## बैडमिंटन खेलते हुए 56 वर्षीय कारोबारी की मौत, सर्दियों हार्ट अटैक के मामले बढ़े

कानपुर (एजेंसी)। सर्दियों के आते ही हार्ट अटैक के मामले बढ़ने लगे हैं। हृदय की सर्जरी व क्रोनिक बीमारी बीपी, डायबिटिक के मरीजों में इसका खतरा ज्यादा देखा जा रहा है। इसके मरीजों की संख्या हृदय रोग संस्थान में बढ़ गई है। बुधवार को सुबह करीब साढ़े आठ बजे ग्रीन पार्क स्टेडियम के बैडमिंटन कोर्ट खेल रहे 56 वर्षीय प्रशांत गुप्ता की अचानक मृत्यु हो गई। मौके पर मौजूद सीपीआर विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप टंडन ने सीपीआर देकर बचाने की कोशिश की। लेकिन पहले से हृदय के रोगी प्रशांत की रास्ते में मौत हो गई। जांच में सामने आया है कि प्रशांत गुप्ता की पूर्व में हृदय सर्जरी हो चुकी है, उनके हार्ट में स्टेंट डाले थे। ग्रीन पार्क के बैडमिंटन कोच ने बताया कि गुप्ता कई वर्षों से बैडमिंटन खेलने के लिए स्टेडियम आ रहे हैं। बुधवार को सुबह करीब सवा सात बजे खेलने पहुंचे गुप्ता करीब आधा घंटे खेलने के बाद बैठ गए। इस दौरान वे बेसुध हो गए जिन्हें बैडमिंटन कोर्ट में मौजूद सीपीआर विशेषज्ञ डा. टंडन ने नब्ज की जांच करने के बाद सीपीआर दिया। डाक्टर टंडन ने बताया कि प्रशांत की सांस उखड़ती देखकर करीब 10 मिनट सीपीआर देकर हृदय रोग संस्थान तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि बैडमिंटन कोर्ट में बिना देरी किए सीपीआर देने के साथ ही सोर्बिट्रेट की गोली भी दे दी गई थी लेकिन एंबुलेंस से कार्डियोलाजी के रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

## क्या एसआईआर के दबाव में आकर टीचर ने किया सुसाइड....परिजनों ने बताया

दतिया (एजेंसी)। दतिया जिले में टीचर के सुसाइड का मामला प्रकाश में आया है। यह घटना स्कूल खुलने से कुछ देर पहले हुई, जब टीचर स्कूल पहुंचे और कमरे की खिड़की के पास फांसी लगा ली। पुलिस ने बताया कि सालोन बी गांव स्थित हाई स्कूल का मामला है। टीचर उदय भान ने स्कूल के कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। हालांकि, जहां टीचर का शव फंदे से लटका मिला है, वहां ऊंचाई कम होने के कारण पुलिस और लोगों को यह गंभीर संदेह है कि कहीं यह आत्महत्या न होकर मामला कुछ और तो नहीं है। मृतक शिक्षक भान के भाई ने घटना के पीछे प्रशासनिक दबाव को मुख्य कारण बताया है। बताया कि भान एसआईआर यानी विशेष गहन पुनरीक्षण में ड्यूटी लगने के बाद से ज्यादा तनाव ले रहे थे। ज्यादा डिप्रेशन में थे, क्योंकि अधिकारियों का बार-बार ऊपर से दबाव भी आता था। परिजन ने बताया कि टीचर भान कंप्यूटर और मोबाइल ज्यादा नहीं चला पाते थे और प्रशासन के अधिकारी उन पर लगातार दबाव बना रहे थे। भाई ने कहा कि घर के बच्चों ने बताया कि वह बहुत ज्यादा तनाव ले रहे थे और गहरे डिप्रेशन में थे।

### बम की धमकी के बाद एयर इंडिया की मुंबई से आ रही फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

वाराणसी (एजेंसी)। मुंबई से उप्र के वाराणसी आ रही एअर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट में बम की धमकी मिली है। जिसके बाद वाराणसी एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई है। विमान में बम की सूचना मिलते ही सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड में है। विमान की इमरजेंसी लैंडिंग के बाद जांच की प्रक्रिया तेज कर दी गई है।

## बंगाल और तमिलनाडु ने की एसआईआर पर रोक की मांग, सुनवाई 26 को

**-सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा- वे एसआईआर में सुधार के सुझाव दे सकते हैं**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और पुडुचेरी के सियासी दलों और नेताओं ने याचिका दाखिल की है। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में मामले की सुनवाई की। अब सुप्रीम कोर्ट ने भारत निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। पीठ ने याचिकाकर्ताओं से कहा कि आप सभी को एसआईआर प्रक्रिया को हर मतदाता तक पहुंचाने की कोशिश करनी चाहिए। इसके बाद अंतरिम रोक की मांग पर नोटिस जारी करके चुनाव आयोग से 24 नवंबर तक जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 26 नवंबर को होगी।

डीएमके और टीएमसी याचिकाकर्ताओं की आरे से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल पेश हुए। उन्होंने एसआईआर पर रोक लगाने की मांग की तो कोर्ट ने हैरानी जताई। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जयमाल्या बागची की युगलपीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता मतदाता सूची में सुधार का विरोध क्यों कर रहे हैं? पीठ ने आगे कहा कि वे एसआईआर में सुधार के सुझाव दे सकते हैं। सिब्बल ने तर्क दिया कि जब उत्तर पूर्व मानसून सक्रिय होता है तो राज्य में नवंबर और दिसंबर में भारी बारिश होती है। ऐसे में बीएलओ/ईआरओ/एईआरओ की ड्यूटी बाढ़ राहत में लगी होगी। लोग भी बाढ़ की तैयारी में होंगे। ऐसे में यह समय एसआईआर के लिए उपयुक्त नहीं है।

एक अन्य तर्क में सिब्बल ने कहा कि दिसंबर और जनवरी में फसल कटाई का समय होता है। इस वक्त ज्यादातर किसान एसआईआर में हिस्सा लेने की खातिर अपने घरों पर उपलब्ध नहीं होंगे। आगे क्रिसमस और पोंगल की छुट्टियां हैं। इस सभी वजह से लोग 24 दिसंबर से 18 जनवरी तक उपलब्ध नहीं होंगे। कपिल सिब्बल ने दावा किया कि पहले एसआईआर लंबे समय तक चलाया जाता था, जबकि अब चुनाव आयोग इसे केवल एक महीने तक चला रहा है। इससे लाखों मतदाता अपने मताधिकार से वंचित हो सकते हैं।

टीएमसी सांसद अपनी याचिका में तर्क दिया कि पश्चिम बंगाल के कई इलाकों में 4जी और 5जी मोबाइल सेवा उपलब्ध नहीं है। इस कारण चुनाव आयोग की वेबसाइट पर अपना डेटा अपलोड करने और सुधार करने में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने चुनाव आयोग का पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि जब मतदाता सूची में सुधार की बात आती है तो राज्य के यह दिखाने के लिए मुकाबला होता है कि वे कितने पिछड़े हैं।

## उप मुख्यमंत्री पवन कल्याण ने सनातन धर्म परीक्षण बोर्ड की स्थापना की अपील

**अमरावती (एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश के तिरुपति बालाजी मंदिर में लड्डू (प्रसादम) में इस्तेमाल होने वाले कथित नकली घी विवाद के बीच उप मुख्यमंत्री और अभिनेता पवन कल्याण ने हिन्दुत्व और सनातन धर्म की रक्षा के लिए सनातन धर्म परीक्षण बोर्ड की स्थापना की अपील की है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में पवन कल्याण ने कहा कि सनातनियों की भावनाओं और प्रथाओं का मजाक उड़ाया जा रहा है और उन्हें कमतर आंका जा रहा है, इससे करोड़ों भक्तों का विश्वास कम हो रहा है। उप-मुख्यमंत्री ने लिखा, वैश्विक हिंदू समुदाय के लिए, तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम एक तीर्थस्थल से कहीं बढ़कर है, यह एक पवित्र आध्यात्मिक प्रवास है। तिरुपति लड्डू सिर्फ एक मिठाई नहीं है, यह एक साझा भावना है। हम लडडूओं को दोस्तों, परिवार और अजनबियों के बीच समान रूप से बाँटते हैं, क्योंकि यह हमारी सामूहिक आस्था और गहन विश्वास का प्रतीक है।



उन्होंने लिखा, 'औसतन, हर साल करीब 2.5 करोड़ भक्त तिरुमाला आते हैं और जब सनातनियों की भावनाओं और प्रथाओं का मजाक उड़ाया जाता है या उन्हें कमतर आंका जाता है, तब यह न केवल आहत करने वाला होता है; बल्कि यह दुनिया भर के लाखों लोगों के विश्वास और श्रद्धा को भी चकनाचूर कर देता है। धर्मनिरपेक्षता दोतरफा होनी चाहिए।'

सनातन धर्म के लिए संरक्षण निकाय की स्थापना का आह्वान कर कल्याण ने कहा कि बोर्ड का गठन सभी हितधारकों की सहमति से होना चाहिए। उन्होंने लिखा, हमारी आस्था की सुरक्षा और सम्मान से समझौता नहीं हो सकता। हमारा सनातन धर्म सबसे प्राचीन और निरंतर विकसित होती सभ्यताओं में से एक है, और अब समय आ गया है कि हम सभी हितधारकों की सहमति से सनातन धर्म परीक्षण बोर्ड की स्थापना करें।

वहीं एक अन्य एक्स पोस्ट में उन्होंने एक रिपोर्ट का हवाला दिया, जिसमें आरोप लगाया गया है कि 2019 से 2024 के बीच तिरुपति लड्डुओं में 250 करोड़ के मिलावटी घी का इस्तेमाल हुआ है। यह मामला तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के पूर्व कार्यकारी अधिकारी धर्म रेड्डी के मिलावटी घी मामले में विशेष जांच दल (एसआईटी) के समक्ष पेश होने के बाद आया है।

इस बीच, एसआईटी ने टीटीडी के पूर्व अध्यक्ष वाईवी सुब्बा रेड्डी को ऑनलाइन नोटिस जारी कर 13 नवंबर को पूछताछ के लिए बुलाया है। बताया जा रहा है कि उन्होंने एक हफ्ते का समय मांगकर कहा है कि वह 15 नवंबर के बाद पेश हो सकते है।

## शिवसेना कार्यकर्ताओं की पार्टी है, किसी एक व्यक्ति की नहीं : एकनाथ शिंदे

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा है कि शिवसेना हमेशा अपने जमीनी कार्यकर्ताओं के साथ मजबूती से खड़ी रहेगी। राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों और समुदायों से जुड़े कई नेता और सदस्य मुंबई में उनके आधिकारिक मुक्तागिरी निवास पर पार्टी में शामिल हुए। पार्टी में शामिल होने वाले नेताओं का स्वागत करते हुए एकनाथ शिंदे ने कहा कि शिवसेना कार्यकर्ताओं की पार्टी है जहां काम करने वालों का सम्मान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी हमेशा आम लोगों, पिछड़े वर्गों और जमीनी स्तर पर काम करने वालों के कल्याण के लिए कोशिश करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य भर में हर दिन हजारों कार्यकर्ता पार्टी में शामिल हो रहे हैं, जो शिवसेना के नेतृत्व और विचारधारा में लोगों के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। शिंदे ने कहा कि राज्य के सीएम रहते हुए भी मैंने एक पार्टी कार्यकर्ता के रूप में काम किया और अब भी करता हूं। यह पार्टी कार्यकर्ताओं की है, किसी एक व्यक्ति की नहीं।

## वायु प्रदूषण पर सख्त सुप्रीम कोर्ट, पंजाब और हरियाणा से पराली जलाने से रोकने उठाए कदमों का डेटा मांगा

**-इस मामले की अगली सुनवाई सोमवार को होगी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में वायु प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा की सरकारों को पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए उठाए गए कदमों का डेटा प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा सरकारों को उनके राज्यों में पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए उठाए गए कदमों का डेटा एक सप्ताह के भीतर पेश करने का निर्देश दिया है। एमिकस क्यूरी (न्याय मित्र) ने बताया कि वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशनों का डेटा या अपलोड नहीं हो रहा है या गलत डेटा अपलोड किया जा रहा है। दिल्ली में खतरनाक श्रेणी की हवा के कारण इस मामले की अगली सुनवाई सोमवार को होगी।

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने सीज़न में पराली जलाने की




घटनाओं को कंट्रोल करने में जिले की खराब स्थिति के लिए फतेहाबाद के उपायुक्त (डीसी) विवेक भारती को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। डीसी को 17 नवंबर, 2025 की शाम 5:00 बजे तक लिखित स्पष्टीकरण मांगा गया है। जवाब नहीं मिलने पर सीएक्यूएम अधिनियम की धारा 14 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। आयोग ने 1 से 9 नवंबर के बीच फतेहाबाद में खेतों में आग लगने की घटनाओं में महत्वपूर्ण तेजी पर चिंता जाहिर की है। 15 सितंबर से 9 नवंबर के बीच कुल 59 मामले दर्ज किए गए। सिर्फ 8 और 9 नवंबर को ही 28 मामले दर्ज हुए। सीएक्यूएम ने कहा कि बार-बार निर्देशों के बावजूद पर्याप्त पर्यवेक्षण और कार्रवाई लागू नहीं की गई। वहीं सीएक्यूएम ने बताया कि हरियाणा में इस साल खेतों में आग लगने की 206 घटनाएं दर्ज की गईं, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह संख्या 888 थी। लेकिन आयोग ने इसे सिर्फ मामूली सुधार बताया। सीएक्यूएम ने मई 9, 2025 के निर्देश का भी जिक्र किया, जिसमें पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश को 2025 की कटाई के मौसम के दौरान पराली जलाने को पूरी तरह से समाप्त करने का निर्देश दिया गया था। सीएक्यूएम अधिनियम की धारा 14(1) के तहत आयोग के आदेशों का पालन न करने पर पांच साल तक की जेल या 1 करोड़ तक का जुर्माना या दोनों का प्रावधान है। आयोग ने चेतावनी दी है कि यदि डीसी निर्धारित समय तक स्पष्टीकरण नहीं देते हैं, तब अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई शुरू की जाएगी।

## जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में जमात के 200 से ज्यादा ठिकानों पर छापे

**-आपत्तिजनक सामग्री व डिजिटल उपकरण जब्त, 500 से ज्यादा से पूछताछ**

**जम्म (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम ज़लि में पुलिस ने बुधवार को जमात-ए-इस्लामी के खिलाफ कार्रवाई की। इस कार्रवाई में 200 से ज्यादा ठिकानों पर छापे मारे गए और आपत्तिजनक सामग्री व डिजिटल उपकरण जब्त किए। यह कार्रवाई दिल्ली विस्फोट और एक अंतरराज्यीय सफेदपोश आतंकवादी मॉड्यूल के भंडाफोड़ के बाद की गई है। अधिकारियों ने बताया कि शोपियां, कुलगाम, बारामूला और गांदरबल जिलों में कई स्थानों पर छापे मारे गए। उन्होंने बताया कि जेईआई सदस्यों और उनके साथियों के आवासों और परिसरों पर छापे मारे गए और तलाशी ली गई। अधिकारियों ने कहा कि यह कार्रवाई जमीनी स्तर पर आतंकवादी ढांचे को ध्वस्त करने के निरंतर प्रयासों का एक हिस्सा है। अभियान जारी है अभी विस्तृत जानकारी नहीं मिली है। बता दें पिछले चार दिनों में 500 से ज्यादा लोगों से पूछताछ की गई है, जिनमें से कई को हिरासत में लिया गया और जिले में सुरक्षाकर्मियों द्वारा 400 घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाए गए हैं। एक पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कुलगाम पुलिस ने प्रतिबंधित जमात-ए-इस्लामी के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है, जिसके शीर्ष नेता 2019 के केंद्र सरकार के प्रतिबंध के बाद कश्मीर के अंदर और बाहर जेलों में बंद थे। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि जमीनी स्तर पर आतंकवादी तंत्र और उसके समर्थन ढांचे को ध्वस्त करने के निरंतर प्रयासों के तहत जमात के सदस्यों और उनके सहयोगियों के घरों और परिसरों पर छापे मारे। उन्होंने कहा कि छापेमारी में आपत्तिजनक सामग्री और डिजिटल उपकरण जब्त किए हैं और कई जमात-ए-इस्लामी सदस्यों से पूछताछ की गई और आतंकवाद को मदद देने वाले नेटवर्क का पता लगाने और उन्हें नष्ट करने के लिए उन्हें हिरासत में लिया गया है। कुलगाम जिले में पुलिस ने पिछले चार दिनों में सैकड़ों आतंकवाद विरोधी अभियान चलाए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि पिछले चार दिनों में जिले के कई इलाकों में 400 से ज्यादा घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाए गए।

## कार धमाके से हमारी यूनिवर्सिटी का कोई लेना-देना नहीं, फैलाई जा रही गलत बातें

**-परिसर में जितनी भी प्रयोगशालाएं उनका इस्तेमाल सिर्फ अध्ययन के लिए**

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** फरीदाबाद टेरर मॉड्यूल के भंडाफोड़ और दिल्ली के लाल किले के पास हुए कार धमाके के बाद अल फलाह यूनिवर्सिटी का नाम चर्चाओं में आ गया है। इस यूनिवर्सिटी से जुड़े दो लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है, जबकि तीसरा शख्स लाल किले के पास हुए ब्लास्ट में मारा गया।

इसको देखते हुए अब यूनिवर्सिटी ने अपनी आधिकारिक बयान जारी कर कहा है कि हमारा इस धमाके से कोई लेना-देना नहीं है। जिन लोगों को भी इस कार धमाके में अपनी जान गंवानी पड़ी, उनके प्रति हम दुख व्यक्त करते हैं, लेकिन जिस तरह से हमारी यूनिवर्सिटी का नाम लिया जा रहा है, उससे इसकी गरिमा को ठेस पहुंच रही है। हमारे संज्ञान में यह भी आया है कि कई सोशल ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर हमारी यूनिवर्सिटी के संबंध में मनगढ़ंत और झूठे बयान दे रहे हैं, जिनमें बिल्कुल भी सत्यता नहीं है। इसका मुख्य मकसद सिर्फ हमारी यूनिवर्सिटी की गरिमा को नुकसान पहुंचाना है।

यूनिवर्सिटी ने बयान में कहा कि हमारे संज्ञान में आया है कि हमारे दो डॉक्टरों की गिरफ्तारी हुई है, लेकिन हम यह साफ कर देना चाहते हैं कि हमारे यूनिवर्सिटी परिसर का इस्तेमाल किसी भी शरारती गतिविधियों में प्रयुक्त होने वाले केमिकल के निर्माण के लिए नहीं किया गया था, जिस तरह की बातें फैलाई जा रही है, वह पूरी तरह से भ्रामक और बेबुनियादी हैं। यूनिवर्सिटी परिसर में स्थित जितनी भी प्रयोगशालाएं हैं, उनका इस्तेमाल सिर्फ एमबीबीएस और अन्य पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए ही किया जाता है। इसके अलावा, हमारी यूनिवर्सिटी में स्थित जितनी भी प्रयोगशालाएं हैं, उनका संचालन निर्धारित दिशानिर्देश के अनुरूप ही किया जाता है।

बयान में कहा गया है कि हम सभी संगठन और अन्य लोगों से कहना चाहेंगे कि अगर हमारी यूनिवर्सिटी के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी किसी भी मंच के जरिए से मिले, तो उसे साझा करने से पहले ये सत्यापित करें कि उसमें सत्यता है या नहीं। बिना सत्यापित किए हमारी यूनिवर्सिटी के संबंध में किसी भी जानकारी को साझा करने से बचें। साथ ही आधिकारिक बयान में कहा गया है कि हम इस मुश्किल घड़ी में राष्ट्र के साथ खड़े हैं। इस घटना के संबंध में जो भी जांच हो रही है, उसमें हम हर तरफ से सहयोग करने को तैयार हैं। वहीं, हम यह भी स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि हमारी यूनिवर्सिटी के सभी छात्र पूरी तरह से सिर्फ पढ़ाई में संलिप्त हैं।

यूनिवर्सिटी की तरफ से बयान में जानकारी देते दी गई कि अल फलाह ग्रुप 1997 से कई संस्थानों के संचालन में अहम भूमिका निभा रहा है। अल फलाह यूनिवर्सिटी 2014 में अस्तित्व में आई थी, जिसे




विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की तरफ से मान्यता भी मिली हुई है। वहीं, अल फलाह यूनिवर्सिटी में साल 2019 से मेडिकल की पढ़ाई कराई जा रही है। साथ ही अल फलाह यूनिवर्सिटी ने अपने आधिकारिक बयान में यह भी कहा कि हमारे यहां से मेडिकल की पढ़ाई करके निकलने वाले सभी छात्र आज की तारीख में देश-विदेश में उच्च और गरिमापूर्ण पदों पर काबिज हैं।

## देश भर के सभी राजमार्गों पर सुविधाओं की होगी रेटिंग और मॉनिटरिंग

नई दिल्ली। अब राष्ट्रीय राजमार्गों पर सफर करने वाले यात्रियों को रास्ते में साफ-सुथरे ढाबे, शौचालय, पार्किंग और ट्रॉमा सेंटर जैसी सुविधाओं के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। केंद्र सरकार ने हमसफर नीति के तहत ऐसी व्यापक व्यवस्था लागू की है, जिसके तहत पूरे देश में हर 50 किलोमीटर पर आराम और विराम केंद्र बनाए जा रहे हैं। इन केंद्रों की गुणवत्ता और सेवा का स्तर तय मानकों पर परखा जाएगा। इस दिशा में नेशनल हाईवेज लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट लिमिटेड (एनएचएलएमएल) ने एक नई पहल शुरू की है। इसके तहत अब सभी ढाबों, पेट्रोल पंप, रेस्टोरेंट, वाशरूम, ट्रॉमा सेंटर और पार्किंग स्थलों की वार्षिक रेटिंग और मॉनिटरिंग होगी। सरकार का लक्ष्य है कि 2027 तक सभी राष्ट्रीय राजमार्गों को सुविधा मानक कॉरिडोर के रूप में विकसित किया जाए। देश में हर साल लाखों लोग राजमार्गों पर यात्रा करते हैं, लेकिन अब तक यात्रियों के ठहरने, भोजन या स्वच्छता की कोई एकीकृत प्रणाली नहीं थी। हमसफर नीति इसी कमी को पूरा करने के लिए तैयार की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपने हालिया बयान में कहा था कि राजमार्गों पर सुविधाएं केवल ढांचे नहीं, बल्कि यात्रियों की गरिमा और सुरक्षा से जुड़ा दायित्व हैं। बीते साल अक्तूबर में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने इस हमसफर नीति लांच की थी। इसके तहत अब निजी एजेंसी नियुक्त की जाएगी। इसके लिए निविदा जारी कर दी गई है। पहला ढाबों, पेट्रोल पंपों और रेस्टोरेंट्स के पंजीकरण दस्तावेजों की जांच। दूसरा स्वच्छता, भोजन की गुणवत्ता, पार्किंग व्यवस्था, शौचालय की सफाई, पानी, रोशनी और सुरक्षा के आधार पर 1 से 5 स्टार तक रेटिंग दिया जाएगा। तीसरा हर वर्ष निरीक्षण कर यह देखना कि सुविधाएं मानकों पर खरी उतर रही हैं या नहीं। इसके अलावा सरकार ने यात्रियों को भी इस प्रक्रिया में शामिल किया है। राजमार्ग यात्रा एप के जरिए हर यात्री अपनी राय या शिकायत दर्ज कर सकेगा। अगर किसी ढाबे या स्टेशन की रेटिंग लगातार दो महीने तक 2.5 स्टार से कम रही, तो उसका लाइसेंस नवीनीकृत नहीं किया जाएगा। राजमार्गों पर हर 100 किलोमीटर के दायरे में ट्रॉमा सेंटर, एंबुलेंस सेवा और अपना घर जैसे विश्राम केंद्र भी बनाए जा रहे हैं।

# दो महीने के लॉकडाउन के बाद खुला चिड़ियाघर, सैलानियों में उत्साह; नई इंस्टा टिकट बुकिंग सेवा भी शुरू

**कौमी पत्रिका**

दिल्ली। बर्ड फ्लू के डर से दो महीने से बंद पड़े राष्ट्रीय प्राणी उद्यान (चिड़ियाघर) ने शनिवार को फिर से अपने दरवाजे आगंतुकों के लिए खोल दिए। सुबह से ही हजारों उत्साही परिवार, बच्चे और पर्यटक उमड़ पड़े। लंबे इंतजार के बाद लोगों की खुशी का ठिकाना न रहा तो जानवरों ने भी जैसे मौके का फायदा उठाया। बाघों ने गुर्राहट भरी, बंदरों ने उछल-कूद मचाई और पक्षियों ने चहचहाहट से स्वागत किया। चिड़ियाघर के अंदर का नजारा देखने लायक था। इसके अलावा, जानवर अठखेलियां करते नजर आए। रॉयल बंगाल टाइगर ने अपनी सफेद धारियों के साथ घूम-फिरकर पोज दिए, जबकि एशियाई शेरों ने गुर्राहट से पर्यटकों को रोमांचित किया। बंदरों का झुंड तो जैसे पार्टी कर रहा था। उछल-कूद, शरारतें और एक-दूसरे से खेलना। पक्षियों के एनक्लोजर में तो रंग-बिरंगे परिंदे चहचहा रहे थे, मानो बंदी से आजादी मिल गई हो। हाथी और गैंडे भी शांत, लेकिन एक्टिव नजर आए। गर्मियों में जब दो पेंटेड स्टॉर्क पक्षियों में एच5एन1 बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई तो चिड़ियाघर को 30 अगस्त से बंद कर दिया गया था। इसके बाद वेटरिनरी डॉक्टरों ने जानवरों की पूरी जांच की, दवाइयां दीं और जगह को साफ-सुथरा बनाया। पशुपालन मंत्रालय की मंजूरी मिलते ही शनिवार सुबह चिड़ियाघर खुल गया। शनिवार को पूरे चिड़ियाघर में बर्ड फ्लू के प्रकोप के बाद पक्षियों और बाड़ों में एंटी-वायरस का छिड़काव किया गया है। दूसरी ओर, एंट्री गेट पर लंबी कतारें लगी हुई थी। केवल दो घंटे में ही 5,000 से ज्यादा विजिटर्स अंदर घुस चुके थे। लाजपत नगर से अपने परिवार के साथ आई रीना शर्मा ने बताया कि बच्चों को इतने दिनों से चिड़ियाघर ले जाना बाकी था। शनिवार तो जैसे हम लोगों के लिए जश्न मनाया। उन्होंने बताया कि बच्चों ने शेरों को दौड़ते देखा तो डर भी लगा, लेकिन मजा भी आया। चिड़ियाघर में शनिवार को बर्ड फ्लू के बाद पूरा दिल्ली चिड़ियाघर खुल गया, लेकिन रिप्टाइल हाउस (सांपों का बाड़ा) अभी बंद रहा। इससे पर्यटक मायूस दिखाई दिए। बाकी जानवरों ने खूब मनोरंजन किया। अधिकारी के अनुसार, मेंटेनेंस और वेंटिलेशन चेक के लिए जुलाई से बाड़ा बंद है। सेफ्टी अपग्रेड चल रहा है। शनिवार को चिड़ियाघर खुलने पर बड़ी संख्या में लोग परिवारों के साथ घूमने पहुंचे। हालांकि, ज्यादातर पर्यटकों ने एहतियाती हिदायतों की अनदेखी की। चिड़ियाघर के अंदर कई जगहों पर लोग बिना मास्क के घूमते और भीड़ लगाते दिखाई दिए। प्रशासन की ओर से बार-बार मास्क पहनने और दूरी बनाए रखने की अपील की गई, लेकिन ज्यादातर आगंतुकों ने नियमों का पालन नहीं किया। अधिकारियों ने बताया कि भीड़ को नियंत्रित करने और सुरक्षा दिशानिर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त स्टाफ की तैनाती की जा रही है। चिड़ियाघर निदेशक डॉ. संजीत कुमार ने बताया कि प्रबंधन ने सभी प्रोटोकॉल फॉलो किए हैं। जानवर पूरी तरह स्वस्थ हैं और शनिवार को उनका मूड भी खासा अच्छा था। बाघों ने तो जैसे शो किया है। अधिकारियों का कहना है कि बंद के दौरान जानवरों को स्पेशल केयर मिली, जिससे वे और फिट हो गए। अधिकारियों ने बताया कि जू में सख्त सेनेटाइजेशन के बाद ही इसे खोला गया है और अब तक सब कुछ ठीक चल रहा है। चिड़ियाघर के अधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, शनिवार को कुल 8,065 लोग पहुंचे। इनमें 12 स्कूलों के 954 स्कूली बच्चे भी शामिल थे, जिन्होंने वन्यजीवों की दुनिया का रोमांचक अनुभव लिया। वहीं, चिड़ियाघर प्रबंधन ने आगंतुकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए समय-सारणी निर्धारित की है। चिड़ियाघर सुबह 9ः00 बजे से शाम 5ः00 बजे तक खुला रहेगा, जबकि टिकट बुकिंग और प्रवेश शाम 4ः30 बजे तक उपलब्ध होगा। आगंतुकों को शाम 5ः30 बजे तक बाहर निकलना अनिवार्य है। चिड़ियाघर प्रबंधन ने आगंतुकों के लिए एक सुविधा इंस्टा टिकट बुकिंग सेवा शुरू की है। यह सेवा चिड़ियाघर की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध नियमित ऑनलाइन बुकिंग के अतिरिक्त है। अब आगंतुक प्रवेश द्वार पर लगे क्यूआर कोड को स्कैन करके मात्र कुछ सेकंड में टिकट बुक कर सकते हैं। भुगतान के लिए यूपीआई (यूपीआई) के अलावा फोनपे, पेटीएम, गूगल पे, भीम जैसे ऐप्स, डेबिट/क्रेडिट कार्ड या नेट बैंकिंग का उपयोग किया जा सकता है। यह प्रणाली समय की बचत और परेशानी मुक्त प्रवेश सुनिश्चित करती है। पहले दिन ही कई आगंतुकों ने इस सेवा का लाभ उठाया।

# दिल्ली में जल्द दौड़ेंगी सहकारी टैक्सियां, अगले महीने से यात्रा हो सकती है सस्ती और सुरक्षित

नई दिल्ली। राजधानी में निजी कंपनियों की टैक्सी सेवाओं को टक्कर देने के लिए दिल्ली सरकार सहकारी टैक्सी सेवा शुरू करने जा रही है। केंद्र के सहयोग से शुरू होने वाली यह पहल न केवल यात्रियों के लिए सस्ती होगी बल्कि टैक्सी चालकों के लिए भी बिना कमीशन की कमाई का नया अवसर बनेगी। केंद्र सरकार के सहकारिता मंत्रालय के सहयोग से दिल्ली में इस माह भारत टैक्सी सेवा शुरू करने की तैयारी चल रही है। दिल्ली सरकार और मंत्रालय के बीच बातचीत अंतिम चरण में है। योजना के तहत टैक्सी सेवा पूरी तरह सहकारी मॉडल पर संचालित होगी जिसमें संचालन और प्रबंधन की जिम्मेदारी सहकारी संस्थाओं के पास रहेगी। इस परियोजना के तहत केंद्र के सहयोग से दिल्ली सरकार सहकारिता विभाग को फिर से मजबूती से खड़ा करने की तैयारी कर रही है। योजना के लिए भारत टैक्सी नाम से ऐप बनाया जा रहा है जो सब्सक्रिप्शन मॉडल पर चलेगा यानी सेवा प्रदाता कोई कमीशन नहीं लेगा और टैक्सी चालकों को किराये से होने वाली पूरी कमाई अपने पास रखने की अनुमति होगी। इससे यात्रियों को भी सस्ते किराये का लाभ मिलेगा। उम्मीद है कि नवंबर के आखिर तक भारत टैक्सी मोबाइल ऐप सभी मोबाइल प्लेटफॉर्म पर आ जाएगा और दिल्ली में गाड़ियां सड़कों पर उतर जाएंगी। दिल्ली सरकार के सहकारिता विभाग के मुताबिक भारत टैक्सी सेवा की डिजाइनिंग और व्यवहार्यता (फीजिबिलिटी) पर काम जारी है। शुरुआती चरण में इसके तकनीकी, आर्थिक और प्रायोगिक पहलुओं का मूल्यांकन किया जा रहा है ताकि योजना तय समय पर शुरू की जा सके। दिल्ली के अलावा गुजरात और महाराष्ट्र में भी इस पर काम चल रहा है। योजना को आठ बड़ी सहकारी समितियों के सहयोग से आगे बढ़ाया जा रहा है। इनमें एनसीडीसी, इफ्को, जीसीएमएमएफ (अमूल), एनसीईएल, एनडीडीबी, नाबार्ड, कृभको और नेफेड शामिल हैं। केंद्र और दिल्ली सरकार का लक्ष्य है कि इससे बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार के अवसर मिलें और निजी ऐप कंपनियों पर निर्भरता घटे। महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए इस सेवा से महिला टैक्सी ड्राइवरों को भी जोड़ा जाएगा। टैक्सियों में इमरजेंसी सिग्नल की सुविधा और मोबाइल ऐप में इमरजेंसी बटन रहेगा, जिससे जरूरत पड़ने पर यात्री सीधे पुलिस से संपर्क कर सकेंगे। दिल्ली सहकारिता विभाग के मुताबिक एक बार ऐप आने पर इसमें वे सभी जरूरी फीचर्स होंगे जो किसी भी कैब ऐप के लिए बेहतर मॉडल बनेगा। राजधानी में फिलहाल 1.5 लाख टैक्सियां चल रही हैं जिनमें ज्यादातर निजी कंपनियों से जुड़ी हैं। इन ऐप बेस्ड कैब में 10 किलोमीटर का किराया 150 से 200 रुपये तक होता है जो आम लोगों की जेब पर भारी पड़ता है। नई सहकारी टैक्सी योजना में ड्राइवर और ग्राहक के बीच कोई बिचौलिया नहीं होगा इसलिए किराया स्वाभाविक रूप से सस्ता रहेगा। पूर्व आप सरकार ने टैक्सी किराया नियंत्रित करने के लिए एग्रीगेटर पॉलिसी बनाई थी लेकिन किराया तय करने का अधिकार कंपनियों के पास ही रहा। सरकार केवल शिकायत आने पर ही हस्तक्षेप कर सकती थी। नतीजा यह हुआ कि किराया बढ़ता गया और ड्राइवरों व यात्रियों को फायदा नहीं हुआ। सहकारी मॉडल इस समस्या को खत्म करेगा। अब कोई निजी प्लेटफॉर्म कमीशन नहीं लेगा और पारदर्शी ढांचे में किराया तय होगा। केंद्र की सहकारिता टैक्सी योजना से पहले भी कुछ राज्यों ने सरकारी टैक्सी सेवाएं शुरू की थीं। पश्चिम बंगाल में यात्री साथी नाम की टैक्सी सेवा चल रही है जो पहले केवल कोलकाता तक ही सीमित थी लेकिन अब सिलीगुड़ी, आसनसोल और दुर्गापुर तक फैल गई है। केरल ने 2022 में केरल सवारी ऐप शुरू की थी लेकिन सीमित उपयोग के कारण बाद में इसे बंद कर दिया गया।

# फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर अश्लील फोटो पोस्ट करने वाला गिरफ्तार

नई दिल्ली। फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर युवती का अश्लील फोटो पोस्ट करने वाले साइबर स्टॉकर मोहम्मद साहिद को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से अपराध में इस्तेमाल किया गया एक स्मार्टफ़ोन बरामद किया है। आरोपी साइबर स्टॉकर ने अपनी पूर्व महिला कर्मचारी की तस्वीर को प्रोफाइल फोटो के रूप में इस्तेमाल करके फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट बनाया था। इसके बाद वह इस आईडी से युवती की अश्लील फोटो पोस्ट करने लगा ताकि वह उससे मोटी रकम ऐंठ सके। दक्षिण-पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया, जिले की साइबर थाना पुलिस को 23 सितंबर, 2025 को पीड़ित युवती ने शिकायत दर्ज कराई थी। मामला दर्जकर साइबर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर प्रवेश कौशिक और एसआई प्रियंका की टीम ने फर्जी अकाउंट के डिजिटल फुटप्रिंट का विश्लेषण किया और डिजिटल प्लेटफॉर्म से महत्वपूर्ण विवरण प्राप्त किए। तकनीकी निगरानी से पता चला कि फर्जी अकाउंट आईएमटी मानेसर, हरियाणा क्षेत्र से संचालित किया जा रहा था। टीम ने मानेसर, हरियाणा में संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर आरोपी को 27 अक्तूबर को गिरफ्तार कर लिया।

**NAME CHANGE**

I MD SUBHAN S/O MD RIYAZUDDIN R/O B-4 GALI NO- 2, SANGAM VIHAR WAZIRABAD DELHI- 110084, I have changed my name to MOHAMMAD SUBHAN ANSARI Permanently

**NAME CHANGE**

I, hitherto known as Rupali Dipak Mole D/O Yashawant W/O Ex husband Dipak Vinayak Mole R/O House No. 211. Masjid Moth, Andrewsgang,South Extension, New Delhi, Delhi 110049, have changed my name and shall hereafter be known as Rozina Shariff.

**PUBLIC NOTICE**

I, hitherto known as Rupali Dipak Mole D/O Yashawant W/O Ex husband Dipak Vinayak Mole R/O House No. 211. Masjid Moth, Andrewsgang,South Extension, New Delhi 110049, do hereby solemnly affirm and declare that I have embraced Muslim and renounced HINDUISM with effect from 25.05.2019.

**NAME CHANGE**

I, KAILASHBA NIRUBHA JADEJA is a real mother of No. 15797647N Rank NK/GNR Name JADEJA MAYURSINH NIRUBHA presently residing VILL-KUBER VISHOTRI, TEH-KHAMBHALIYA, DIST-JAMNAGAR, (GUJARAT)-361310 have changed my name from KAILASHBA NIRUBHA JADEJA to JADEJA KAILASHBA for all future purposes. Vide Affidavit Dated 12/11/2025 before SUB DIVISIONAL MAGISTRATE New Delhi.

**NAME CHANGE**

I Priya Kumari C/O: Neelesh Kumar, Flat Number-21 C, Gayatri Apartment, Sector-9, Rohini, PO:Rohini Sector-7, DIST:North West Delhi, Delhi, 110085 have changed my name to Priya Shrivastava for all future purposes.

**NAME CHANGE**

I, NIRUBHA ABHERAJSINH JADEJA is a real father of No. 15797647N Rank NK/GNR Name JADEJA MAYURSINH NIRUBHA presently residing VILL-KUBER VISHOTRI, TEH-KHAMBHALIYA, DIST-JAMNAGAR, (GUJARAT)-361310 have changed my name from NIRUBHA ABHERAJSINH JADEJA to JADEJA NIRUBHA for all future purposes. Vide Affidavit Dated 12/11/2025 before SUB DIVISIONAL MAGISTRATE New Delhi.

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public that Mrs. Harpyari Devi, are the owner of Residential Plot Bearing No. 10, area measuring 112.5 Sq. Yds. i.e. 94.09 Sq. Mtrs., out of Khasra No. 2947, Situated at Mansarovar Park, in the area of Village Shahpur Bamheta, Pargana Dasna, Tehsil & District Ghaziabad, U.P., by virtue of Regd. GPA, on dated 31.07.2025, as Doc No. 462, executed by Mrs. Anju Singh & Others, and same to be sold to Mr. Ashu and same to be finance by SMFG India Home Finance Company Ltd., General public hereby informed that if anybody has any charge/interest/title in the said property or any kind of dispute kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

**Rahul Pathak,**
SG Associates (Law Firm)
B-01, Plot No.20, Kaushambi, Ghaziabad-201010. E-MAIL:sgassociatespl@gmail.com, Ph:0120-4968888, 8130309204

**NAME CHANGE**

It is for general information that I, HARINDER MAHTO S/O LATE SH TAPESHWAR MEHTO R/O H NO-466A, KH NO-54/13/14, NEAR SHIV PUBLIC SCHOOL, BAPROLA VILLAGE, NANGLI VIHAR EXTN PH-3, NAJAFGARH, SOUTH WEST DELHI, DELHI-110043, declare that name of mine has been wrongly written as HARINDER MEHTO in my minor son RITIK KUMAR aged16 years in his School Record. The actual name of mine is HARINDER MAHTO respectively which may be amended accordingly

**NAME CHANGE**

I, Anil Kumar S/o Bedu R/o Kotwali Nagar, Rae Bareli, Uttar Pradesh - 229001, have changed my minor son's name from Pranjal Singh Aged 09 Years to Aditya forever.

**NAME CHANGE**

I, hitherto known as Dhanoj alias Dhananjay Kumar Rajbhar S/O Shyam Dev Rajbhar R/O Dhuraudha, Ballia Uttar Pradesh-277302, have changed my name and shall hereafter be known as DHANANJYA KUMAR RAJBHAR.

**NAME CHANGE**

I hitherto known as MUKESH W/O SATENDRA R/O 104, Tula Shahbazpur, Teela Sahbazpur, Ghaziabad Uttar Pradesh-201102, have changed my name and shall hereafter be known as MUNESH.

**NAME CHANGE**

I,Ragiv Ali S/o Abdul Hamid R/o D-158/A, Ground Floor, Gali No.5, Jaitpur Extn Part-2, Badarpur, Delhi-110044 have changed my name to Ragib Ali.

**NAME CHANGE**

I Ajay Kumar Singh S/o Nem Singh R/o House No-202, Gaon Jamon, Etah, Uttar Pradesh - 207302, have changed my name to Anil Kumar.

**नाम परिवर्तन**

मैं, किरणजीत कौर, पत्नी दीदार सिंह, निवासी पत्ती होशियारा, वी.पी.ओ.,रामपुर तहसील,पायल जिला, लुधियाना पिन कोडः141418 मैंने भविष्य में सभी उद्देश्यों के लिए अपना नाम Kiranjeet kaur से बदलकर Kiranjit kaur कर लिया है।

**NAME CHANGE**

I hitherto known as Km. Hafsa W/o Naim R/o 624, Kaila Bhatta, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201001 have changed my name and shall hereafter be known as Hafsa.

**सार्वजनिक सूचना**

बबिया खातून पत्नी श्री समीउल्लाह निवासी मकान खुशहाल पार्क, लोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201102. आधार कार्ड संख्या 3471 3406 7294 एतद्द्वारा शपथपूर्वक ब्यान करती हूँ-कि मेरा पुत्र खालिद आये दिन हमारे साथ लड़ाई झगड़ा करता रहता है इसलिये उसके अनैतिक आचरण व दुर्व्यवहारों के कारणों से दुःखी होकर मैंने उसे अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर उससे अपने सभी पारिवारिक सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। यह भविष्य में पुत्र खालिद से मेरा व मेरे परिवार का किसी प्रकार का कोई वास्ता व सरोकर नहीं रहा है और भविष्य में यदि कोई उसके साथ किसी प्रकार का कोई लेन-देन करता है तो इसके लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगा तथा उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत के लिये मैं और परिवार जिम्मेदार नहीं होगा तथा वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**NAME CHANGE**

It is for general information that I, SUMAN DEVI W/O HIRA LAL VERMA R/O G-1798, G-Block, Jahangir Puri, North West Delhi, Delhi-110033 declare that name of mine and my husband has been wrongly written as SUMAN and HEERALAL VERMA in my minor son namely SURAJ aged 15 years in his School Records. The actual name of mine and my husband are SUMAN DEVI and HIRA LAL VERMA which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**

It is for general information that I, DILIP KUMAR S/O RAM JEE LAL R/O H NO S-37, Flat No 2, Pandav Nagar, Pandav Nagar, East Delhi, Delhi-110092declare that name of my minor son has been wrongly written as RAKSHIT in my minor son namely RAKSHIT PRASANNA aged 12 years in his School Records. The actual name of my minor son is RAKSHIT PRASANNA which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**

I hitherto known as Seelam D/o Rajaram W/o Munna Lal R/o B-137, Gali No-10, New Usmanpur, Garhi Mendu, North East Delhi, Delhi-110053 have changed my name and shall hereafter be known as Seelam Jaiswal.

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the general public that **PNB Housing Finance Ltd.,** having a branch at Uttam Nagar, New Delhi, proposes to extend a loan facility to Mrs. Shakeela, against the security of Upper Ground Floor without roof rights Backside portion, area measuring 50 Sq. Yds., and Second Floor with roof rights, area measuring 50 Sq. Yds., Built on Property bearing No.WZ-15/1, Plot No. 46, area measuring 50 Sq. Yds., Out of area measuring 150 Sq. Yds., pertaining to Mustatil No. 32, Killa No. 22 situated in the area of Village Khyala, Colony known as Ravi Nagar, Vishnu Garden, New Delhi110018. The said property was originally owned by Mrs. Shakeela, by virtue of Sale Deed dated 19.02.2025, duly registered as Document No. 2025/22/I/2143 on 20.02.2025 from 20.02.2025 from Mr. Balbir Kaur. Any person(s) or entity(ies) having any claim, right, title, interest, or objection whatsoever in respect of the aforesaid property and/or the proposed mortgage transaction is hereby called upon to submit their claim(s)/objection(s) in writing to **Advocate Rishi Maheshwari at +91-9340118309** within **seven (7) days** from the date of publication of this notice. Failure to respond within the stipulated time shall be deemed as no claim or objection, and the proposed transaction shall proceed without any legal hindrance.

**Rishi Maheshwari (Advocate)**
Office At : RZ-29, Upper Ground Floor, Bhagwati Garden Jain Road Near Dwarka More New Delhi 110059.
Contact No- +91- 9340118309

**NAME CHANGE**

I, KAVITA W/o SANDEEP R/o House No-423, Khera Kalan, Narela, North West Delhi, Delhi-110082, have changed the name of my minor son NISHANT RANA aged 11 year and he shall hereafter be known as ISHANT RANA.

**NAME CHANGE**

I hitherto known as GANESH CHAND S/O SUBHASH CHAND R/O A-83, GAZIPUR VILLAGE, VASUNDHRA ENCLAVE, EAST DELHI, DELHI-110096 have changed my name and shall hereafter be known as GANESH SINGH.

**NAME CHANGE**

I, No-2812715W Rank-HAV Name-DHEPALE KAUTIK R/o VPO-RATIR MALYAT, TEHSIL-RATIR, DIST-NASHIK, MAHARASHTRA-423301, have changed my mother's name from DHEPALE SARUBHAI BAPU to SARUBAI BAPU DHEPALE for all future purposes vide Affidavit dated 10/11/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I MD SHAHABUDDIN S/O ABDULAH R/O C-30 SECOND FLOOR GALI N0-8 MADANPUR KHADAR EXTN. DELHI-110076 HAVE CHANGE MY NAME TO MOHD SHAHABUDDIN FOR ALL PURPOSE

**NAME CHANGE**

I, Shilpi Devi W/O Vijay Nandan Singh. R/O C 1/3 Old Colony modipuram, PO: modipuram. DIST Meerut, Uttar Pradesh-250110, have changed the name of my minor son Ranvijay aged 13 years and he shall hereafter be known as SURYANSH SINGH.

**NAME CHANGE**

I,Iram D/o Laiq Ahmad R/o H.No-783, F/F, Kh No.322-323, Puri Gali, Maujpur, Delhi-110053 have changed my name to Iram Laiq.

**NAME CHANGE**

I, PRIYANKA Wife of No. 17009423N Rank-HAV Name-PARVEEN KUMAR Presently residing at PLOT NO-82, OPPOSITE D P I S SCHOOL LAXMI VIHAR COLONY, UDASAR, BIKANER, RAJASTHAN-334022, have changed my name from PRIYANKA to PRIYANKA BINAWRA for all future purposes vide Affidavit dated 12/11/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, GUNTAAS SINGH SOHI S/o AMANPREET SINGH R/o 56/8, MANEKSHAW OFFICERS ENCLAVE, DELHI CANTT-110010, have changed my name from GUNTAAS SINGH SOHI to GUNTAAS SINGH for all future purposes.

**NAME CHANGE**

I, DEVENDRA AMOLA S/O GHANSHYAM AMOLA R/O 509-A THIRD FLOOR GOVIND PURI KALKAJI 110019 have changed my name from DEVINDER PRASAD to DEVENDRA AMOLA for all future purposes.

**NAME CHANGE**

I hitherto known as PAPPU S/o ALTAF AHMAD, R/o H.No. 283, Block – 33, Trilokpuri, Chilla Saroda Khadar, Chilla, East Delhi, Delhi - 110091, have changed my name and shall hereafter be known as ISLAM NABI.

**NAME CHANGE**

I hitherto known as SHANTI MARRY D/O K. RAKKAPPAN W/O JOHN FRANCIS , R/O Flat No. - T - 1, Plot No. 13, M . G . Road, Sultan Pur, South Delhi, Delhi - 110030 have changed my name and shall hereafter be known as BANU RAKKAPPAN.

**NAME CHANGE**

I hitherto known as BABITA wife of Shri SALEKHCHAND, residing at House No.13, Panchsheel Colony, Lal Kuan, Chipyana Buzurg, Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh-201009, have changed my name and shall hereafter be known as SUNITA.

**नाम परिवर्तन**

मैं, न0-15712841N, रैंक-हवलदार, नाम-राजेन्द्र प्रसाद, निवासी- गांव-पथाना, पोस्ट ऑफिस -पचेरी बडी, तहसील-बुहाना, जिला-झुंझुनू, राजस्थान-333515, यह घोषित करता हूँ कि मेरे पिता का नाम समुन्द्र सिंह परिवर्तित होकर समुद्र सिंह कर दिया गया है। यह परिवर्तन भविष्य के सभी प्रयोजनों के लिए मान्य होगा, शपथ पत्र संख्या IN-DL92176502668189X दिनांक 12/11/2025 के अनुसार।

**NAME CHANGE**

I, ROHIT SETHI S/o OM PRAKASH SETHI R/o 246, Gali No. 10, Amrit Puri B Garhi, East Of Kailash, Dist: South Delhi , Delhi - 110065 have changed the name of my minor son NIRVAIR SETHI aged 1 year and he shall hereafter be known as TRISHIV SETHI.

**NAME CHANGE**

It is for general information that I RAJIB RANJAN JHA S/o MRITYUNJAY JHA R/O Village Rambandh , Near BCC , Hirapur , Asansol (m Corp.) , PO: Bumpur , DIST : Paschim Bardhaman , West Bengal -713325 Presently Residing at Qtr. No .106 ,Type-III , Sector -1 , Sadiq Nagar , South Delhi , New Delhi - 110049 declare that name of my wife has been wrongly written as RUPAM KUMARI in my minor son namely RUDRANCE RANJAN JHA , aged 15 years, in his School Records. The actual name of my wife is RUPAM JHA, which may be amended accordingly.

**PUBLIC NOTICE**

GENERAL PUBLIC IS HEREBY INFORMED THAT ORIGINAL LEASE DEED DT. 27.04.2013 EXECUTED BY GR. NOIDA IN FAVOUR OF MRS. SAROJ LAL AS DOC. NO. 10064 IN RESPECT OF FLAT NO. 394-SF, SECTOR-CHI-PHI, GR. NOIDA, U.P. (CALLED AS SAID PROPERTY) HAS BEEN LOST BY THE CURRENT OWNER MRS. HARSHITA CHAUDHARY D/O MR. YASH PAL SINGH, R/O, E-26, SEC-36, GR. NOIDA, KASNA, U.P. AND SAID OWNER MRS. HARSHITA CHAUDHARY PURCHASED THE SAID PROPERTY VIDE TRANSFER DEED DT. 22.08.2024 AS DOC. NO. 25170 EXECUTED BY MRS. SAROJ PAL. NOW MR. SHAMBHU PRASAD IS GOING TO PURCHASE THE SAID PROPERTY, FROM OWNER / SELLER MRS. HARSHITA CHAUDHARY, WHICH WILL BE MORTGAGED WITH IIFL AS SECURITY AGAINST HOUSING LOAN FOR PURCHASING OF SAID PROPERTY. PLEASE SUBMIT THE SAID ORIGINAL LEASE DEED IF FIND BY ANY PERSON. ALSO PLEASE CONTACT WITH WRITTEN OBJECTION LETTER WITH RELEVANT DOCUMENTS WITH UNDERSIGNED IF HAVING ANY OBJECTION IN RESPECT OF SAID PROPERTY/LEASE DEED WITHIN 07 DAYS OF THIS PUBLICATION. ITS USE BY ANYONE IS ILLEGAL.

**ADITYA VERMA, ADVOCATE**
E-16, MANSAROVAR PARK, SHAHDARA, DELHI-110032
MOBILE NO. 9999042521

**NOTICE**

Public at large is hereby informed that my client Mrs. Shahajadi who is the owner of Plot No. 23, area measuring 99.16 sq. yds. i.e. 82.90 sq. Mtrs. out of Khasra No. 01Minn, Situated at Village Sahbiswa, Pargana Jalalabad, Tehsil Modinagar, District Ghaziabad. Vide Sale Deed Dated 09.10.2020 executed by Mr. Gyanchand & Mr. Sushil Noshaniya & Mr. Manish Noshaniya in favour of Mrs. Shahajadi in respect of the said Property. That Original Sale Deed Dated 21.04.2012 executed by Mr. Subhod Kumar and Mr. Rampal Tyagi in favour of Mr. Gyanchand & Mr. Sushil Noshaniya & Mr. Manish Noshaniya in respect of the said property, Doc No. 5456, Vol. no. 5218. Was lost on 20/10/2025 duly reported to police as per police complaint dated 20/10/2025 in the police station of Muradnagar. If anyone found the same may return to undersigned and if the same is misused shall be at his/her own risk. That my client intends to mortgage the said immovable property for her bonafide requirements to Cholamandalam Investment and Finance Company Ltd. Whosoever is having any objection to the said mortgage or anyone has claim or right or interest in the property shall contact the undersigned with the objection within 07 days failing which it shall be presumed that there stands no objections.

NEW DELHI
DATE: 12/11/2025

**PRAGYA BHUSHAN ADVOCATE**
Enrl. No. D/721/02
Office: L-27,GF, Kailash Colony, New Delhi-48
Mob.: 9968006418

**NAME CHANGE**

It is for general information that I, INTEKHAB S/o AZHARUDDIN R/o H No.222, Gali No.4, Ramghat Wazirabad, Burari, North Delhi, Delhi-110084, declare that name of mine has been wrongly written as MD INTEKHAB in my Driving License No. P06042008195427 and name of my father has been wrongly written as MOHD AZHARUDDIN in my PAN Card No. AALPI9326E. The actual name of mine and my father are INTEKHAB and AZHARUDDIN respectively, which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**

I, hitherto known as SUMAN PANWAR alias SUMAN RAWAT D/o RAJENDER SINGH PANWAR W/o MEHARWAN SINGH RAWAT R/o RZH-333, Gali No-11, H Block, Raj Nagar Part-2, Palam Colony, Dwarka, South West Delhi, Delhi-110077, have changed my name and shall hereafter be known as SUMAN RAWAT.

**NAME CHANGE**

I Km khushbu kohli W/O Shobhit Sharma R/O. E-2/41 street no-1 Shastri Nagar Delhi-110052 changed my name to Khushbu Sharma.

**NAME CHANGE**

I Soni Devi W/O Harikesh Tiwari R/O. E-89 2nd floor Ganesh Nagar Delhi-110092 changed my name to Soni Kumari.

**NAME CHANGE**

I, SURENDER TULI S/o Vidya Prasad R/o B-26, First Floor, Flat No.1, Nanhey Park, Uttam Nagar, Delhi-110059, have changed my name to SURENDER KUMAR TULI permanently

**NAME CHANGE**

I, MOHAMMAD NISAR S/o Master Munny R/o 4892 A, Gali No.1, Near Kalan Masjid, Old Seelampur, Delhi-110031, have changed my name to MOHD NISAR permanently

**NAME CHANGE**

I,Vineet Kumar S/o Vinay Kumar R/o A-90/2, Devli Extension, Delhi-110062 have changed my name to Vineet Kumar Gupta.

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री हरिओम गुप्ता पुत्र श्री खजांची लाल गुप्ता पता मकान नं0 आर जेड-80, जैन कालोनी पार्ट-2, शनि बाजार रोड, मटियाला उत्तम नगर, नई दिल्ली -110059 ने अपने बडे पुत्र पुष्कर गुप्ता आयु करीब 43 वर्ष को उसके अभद्र व्यवहार व नियंत्रण में नहीं होने के कारण अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है और अपने सारे सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है अगर भविष्य में उपरोक्त पुत्र कोई नैतिक व अनैतिक कार्य करता है तो वह उनका स्वयं का जोखिम होगा इसमें मेरा मुविक्कल का कोई लेना देना नहीं होगा।

**पंकज त्रिपाठी अधिवक्ता**
चैम्बर नं0 754, जिला न्यायालय, द्वारका कोर्ट, द्वारका, नई दिल्ली 110075

**PUBLIC NOTICE**

Information is given to general public at large that our client S. Jaspal Singh S/o S. Kalyan Singh is the owner of Freehold Residential Plot No. 43-B, area measuring 75 Sq. Yds., i.e., 62.68 Sq. Meters, out of Khasra No. 41/5, Situated in the area of Village Nilothi, colony known as Vikas Puri Extension, Nangloi, New Delhi-41. by virtue of Conveyance Deed dated 29.07.2022 duly regd. on SR-II-A, Punjabi Bagh, as Doc. No. 5266, in Book No. 1, Vol. No. 4607, Page No. 87-92, dated 29.07.2022. now our client is declaring that that any other Person does not have any right over the said property, and same has been Finance by ICICI Home Finance Co. Ltd. Branch: Janakpuri, Delhi. If any person(s) have any objection(s) or claim(s) with respect to the right, title or interest in the Said Property then contact us within 07 days from the date of Publication of this notice and or the same to the undersigned if found by anyone. Thereafter no claim shall be entertained

**[NAVEEN KUMAR VERMA]**
Advocate
F-211,sector-3 Vaishali Ghaziabad Uttar Pradesh-201010, Contact at 09958871432

**NAME CHANGE**

I, Mahruddin S/o Sher Dil Khan R/o H.No.820, Street No.4, Near Millat Masjid, Chauhan Bangar, New Seelampur, Bhajanpura, Delhi-110053 have changed my name to Meharuddin.

**PUBLIC NOTICE**

Be it known to all, through this Public Notice that our client Chanda W/o Sh. Sukhdev Singh permanently R/o Ground Floor, Plot No-16-A/1 & 17-B/1, KH No-23/16, Goyla Vihar, New Delhi-110071 and disowned, debarred and disinherited her son, daughter-in-law and grand-daughter namely Amar S/o Sh. Sukhdev Singh, Hina W/o Amar and Alisha Singh D/o Amar from all her movable and immovable properties with immediate effect and also severe all kinds of relationship with them as they are not in their control and not respecting, caring and obeying me and they used to misbehave with our client and also used to threatened our client with falsely implicate false criminal cases. If anyone dealing with them, shall be doing so at his/her own risks, cost and consequences.

**Sandeep Kaushik Advocate**
Ch. No.: 301A, Dwarka Courts, New Delhi-110075

**NAME CHANGE**

I SHAKILA / SHAKILA BANO W/O MOHAMMED ISMAIL R/O H NO-274, STREET NO-7, NEW KARDAM PURI DELHI -110094, have changed my name to SHAKILA BEGUM for all future purpose.

**NAME CHANGE**

I ISMAIL / MOHD ISMAIL S/O GULAM HUSSAIN R/O H NO-274, STREET NO-7, NEW KARDAM PURI DELHI -110094, have changed my name to MOHAMMD ISMAIL for all future purpose.

**NAME CHANGE**

I GULAM HUSSAIN and HUSEN BAXS both are the same and one person. my correct name as GULAM HUSSAIN for all future purpose.

**NAME CHANGE**

I, NO-15712841N Rank-HAV Name-RAJENDRA PRASAD residing at VILL-PATHANA, PO-PACHERI BARI, TEHSIL-BUHANA, DIST-JHUNJHUNU, RAJASTHAN-333515 have changed my father's name from SAMUNDRA SINGH to SAMUDRA SINGH for all future purposes vide Affidavit dated 12/11/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, SHASHI KUMAR S/O SARADA CHARAN HALDER, residing at H NO-37/9/1/B DAKSHIN BEHALA ROAD ANANDA NAGAR, KALITALA SARSUNA THAKURPUKUR MAHESTOLA SOUTH 24 PARGANAS WEST BENGAL-700061have changed my name to SASHI BHUSHAN HALDER for all future purpose.

**NAME CHANGE**

I, SEEMA W/O SASHI BHUSHAN HALDER, residing at H NO-37/9/1/B DAKSHIN BEHALA ROAD ANANDA NAGAR, KALITALA SARSUNA THAKURPUKUR MAHESTOLA SOUTH 24 PARGANAS WEST BENGAL-700061have changed my name to LABANYA HALDER for all future purpose.

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अनिल कुमार, पुत्रः गोपाल पासवान, निवासीः मकान नंबर-36, गली नंबर-32, कसोम विहार, थाना, ट्रॉनिका सिटी, लोनी गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश और निवासीः प्लॉट नंबर-32, खसरा नंबर-790, कासिम विहार, फेज-1, लोनी गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश** ने **FIR No.: 179/19, U/s:380/457/411/34 IPC, पुलिस थाना पहाड़ गंज, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अनिल कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अनिल कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना पहाड़ गंज, दिल्ली** के अभियुक्त **अनिल कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.12.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री नीतू शर्मा**
**एसीजेएम-01, केंद्रीय, कमरा संख्या 366,**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/15233/CD/2025**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आकाश मलिक** पुत्र स्वर्गीय वीरेंद्र मलिक निवासी फ्लैट नं. एसएफ-3, प्लॉट संख्या 678, शालीमार गार्डन, साहिबाबाद, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 417/16 धारा 406/419/420/471/34 भा.द.स., थाना उत्तर रोहिणी, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **आकाश मलिक** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **आकाश मलिक** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 417/16 धारा 406/419/420/471/34 भा.द.स., थाना उत्तर रोहिणी, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **आकाश मलिक** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **17.01.2026** को हाजिर हो।

**आदेशानुसारः सुश्री इब्बानी अग्रवाल**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-03 (उत्तर-पश्चिम)**
**कमरा नं. 107, प्रथम तल,**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/15101/RD/2025**

**कौमी पत्रिका**

**संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर**
स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300

**E - mail address :**
qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in

**R.N.I. No.**
**UP-HIN/2007/21472**

**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

# युवा नशे से दूर रहकर राष्ट्रनिर्माण में बनें भागीदारः मुख्यमंत्री नायब सैनी

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि खेल ही वह शक्ति है जो युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देती है। जब युवा मैदान में दौड़ता है, तो वह नशे से दूर रहते हुए अनुशासन के साथ राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनता है। मुख्यमंत्री नायब सिंह नारायणगढ (अंबाला) के बड़ागढ में हरियाणा स्टेट चैम्पियनशिप -2025 के उद्घाटन अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस स्टेडियम में 16 करोड़ 71 लाख रुपये की लागत से बनने वाले हॉकी एस्ट्रोटर्फ मैदान और फोरलेन सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक का शिलान्यास भी किया। मुख्यमंत्री ने अक्तूबर में आयोजित एशियन गेम्स में रजत पदक जीतने वाली बॉक्सर हरनूर कौर को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़ागढ़ की इस पवित्र धरती पर आकर मुझे बड़े




उत्साह और उमंग का अनुभव हो रहा है। इसमें प्रदेश के चार हजार से अधिक ऊर्जावान युवाओं का दल शामिल है। जहां तक नजर डालो, वहां हर चेहरा उमंग से दमक रहा है और हर दिल में एक ही संकल्प धड़क रहा है कि जो मैदान में उतरेंगे तो जीतकर ही लौटेंगे। इस चेंपियनशिप से खिलाड़ी अपने खेल स्तर को और अधिक उंचा उठाने में सफल रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस ट्रैक के बनने से हमारे युवाओं के सपनों को एक नई उड़ान मिलेगी। साथ ही, यह आधुनिक हॉकी एस्ट्रोटर्फ मैदान हरियाणा को स्पोर्ट्स पावर ऑफ इंडिया बनाने में कारगर कदम सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि शाहबाद में स्थित हॉकी अकेडमी में बने एस्ट्रोटर्फ मैदान से रानी रामपाल व सविता पूनिया जैसी खिलाडियों ने देश का नेतृत्व किया है, उसी प्रकार यहां से भी निकलने वाले खिलाड़ी देश-विदेश में नाम कमाएंगे। यह स्टेडियम भी शाहबाद की तरह हॉकी की नर्सरी कहलाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने खेल सुविधाएं पूरे राज्य में विकसित करने का बीड़ा उठाया हुआ है। इसके लिए खेल विभाग का बजट भी दोगुणे से ज्यादा किया गया है। इस वित्त वर्ष के बजट में खेलों के लिए 589 करोड़ 69 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है।

## वेतन नियमितीकरण की मांग पर मुख्यमंत्री से मिला विश्वविद्यालय प्रतिनिधिमंडल

**एजेंसी**

**सोनीपत।** सोनीपत के खानपुर कलां स्थित भक्त फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय कर्मचारी संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिला और कर्मचारियों के वेतन से जुड़ी अनियमितताओं के स्थायी समाधान की मांग रखी। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि पिछले महीनों का बकाया वेतन अब तक नहीं मिला है तथा आगामी महीनों के वेतन को लेकर भी बजट संबंधी आशंकाएं बनी हुई हैं। मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय को विशेष अनुदान जारी करने का आग्रह किया, ताकि कर्मचारियों को भविष्य में वेतन संबंधी कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों की समस्याओं का संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देने के निर्देश जारी किए और आश्वासन दिया कि इस समस्या का स्थायी समाधान जल्द किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों से अपने दायित्वों के प्रति पूरी निष्ठा



और समर्पण के साथ कार्य करनेका भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय राज्य की शिक्षा व्यवस्था का महत्वपूर्ण केंद्र है और इसके सुचारू संचालन के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। कर्मचारी संघर्ष समिति की सचिव डॉ. सुमन ने बताया कि मुख्यमंत्री से हुई भेंट पूरी तरह सफल रही और उन्हें पूर्ण विश्वास है कि सरकार शीघ्र ही वेतन संबंधी समस्या का समाधान कर देगी। समिति ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया।

## फरीदाबाद में विस्फोटक मिलने के बाद पुलिस ने सात संदिग्ध हिरासत में लिए

**एजेंसी**

**फरीदाबाद।** धौज और फतेहपुर तगा से भारी मात्रा में अमोनियम नाइट्रेट मिलने तथा दिल्ली में हुए बम धमाके के बाद फरीदाबाद पुलिस पूरी तरह से अलर्ट हो गई है। फरीदाबाद पुलिस के 800 कर्मचारी थाना धौज के अंतर्गत आने वाले विभिन्न क्षेत्रों में सर्च अभियान चलाए हुए है। 2900 किलोग्राम विस्फोटक मिलने के बाद अल-फलाह यूनिवर्सिटी में पुलिस व एनआईए की टीमें पहुंची। करीब डेढ़ घंटे तक कर्मचारियों से पूछताछ के बाद एनआईए की टीमें तो लौट गईं लेकिन पुलिस पूरा दिन तैनात रही।पुलिस सूत्रों के मुताबिक, यूनिवर्सिटी की लैब में काम करने वाले तीन कर्मचारियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। इसके साथ ही पुलिस फरीदाबाद के फतेहपुर तगा गांव की मस्जिदों में जांच कर रही है। फरीदाबाद से पकड़ा गया डॉक्टर मुजम्मिल शकील तगा की मस्जिद में नमाज के लिए आता था।पुलिस ने मंगलवार को मस्जिद में जम्मू कश्मीर, तमिलनाडु और नूंह से आए जमातियों से भी पूछताछ की। इसके बाद तीन जमातियों को शक के आधार पर हिरासत में लिया गया है। विस्फोटक मिलने की सूचना है। सूचना के बाद डॉक्टर सोहेल खान फरार हो गया है। मौके पर पुलिस की क्राइम ब्रांच की टीम भी पहुंची हुई है। क्लीनिक के ऊपर रहने वाले दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पुलिस



इनकी वॉट्सऐप चैट डिलीट मिली है। इन जमातियों में एक जम्मू-कश्मीर, एक तमिलनाडु, एक उड़ीसा और एक पलवल जिले के हथीन का रहने वाला है। सेक्टर-56 स्थित डॉक्टर सोहेल खान के क्लिनिक से उनसे पूछताछ कर रही है। मामले में फॉरेंसिक टीम के हाथ कई सबूत लगे हैं। पुलिस आयुक्त फरीदाबाद सतेंद्र गुप्ता ने कहा कि यह ऑपरेशन अभी जारी है मामला संवेदनशील होने के कारण ज्यादा कुछ नहीं बता सकते।

## मिशन प्रदूषण मुक्त स्वच्छ गुरुग्राम अभियान में नगर निगम की टीमें सक्रिय

**एजेंसी**

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम द्वारा मिशन प्रदूषण मुक्त स्वच्छ गुरुग्राम अभियान के तहत शहर की स्वच्छता व्यवस्था और प्रदूषण नियंत्रण को और सुदृढ़ बनाने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। निगम की टीमें मुख्य सडक़ों से धूल-मिट्टी, खरपतवार, सीएंडडी वेस्ट, बागवानी अवशेषों और कचरे को उठाने का काम कर रही हैं। धूल उडने से रोकने के लिए शहर की प्रमुख सडक़ों पर टैंकरों के माध्यम से शोधित पानी का छिडक़ाव लगातार जारी है। रात्रि के समय भी स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए मैकेनाइज्ड स्वीपिंग मशीनें सक्रिय रूप से तैनात हैं। इन मशीनों द्वारा मुख्य सडक़ों की सफाई की जाती है, ताकि सुबह के समय नागरिक साफ-सुथरे वातावरण का अनुभव कर सकें। निगम की स्वच्छता एवं जागरुकता टीमें नागरिकों को स्वच्छता बनाए रखने, कचरे को निर्धारित स्थान पर डालने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित कर रही हैं। इसके तहत विभिन्न स्कूलों, रिहायशी सोसायटियों, बाजार क्षेत्रों, मंडियों और वेंडिंग जोन में जागरुकता आयोग द्वारा लागू ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान की पालना सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम की टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं। निगम द्वारा कचरे में आग लगने, खुले में



कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। हीरो होंडा चौक पर रेहड़ी-फड़ी वालों और दुकानदारों को डस्टबिन रखने, पॉलीथीन का उपयोग न करने और अपने आस-पास सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान उन्हें स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई।वायु गुणवत्ता प्रबंधन कचरा या मलबा फेंकने और अन्य प्रदूषणकारी गतिविधियों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। आग लगने की सूचना पर टीमें तुरंत मौके पर पहुंचकर आग को नियंत्रित करती हैं तथा पहचान होने पर दोषी व्यक्ति के खिलाफ चालान भी जारी किया जाता है।

## 'सनातन एकता पदयात्रा' का पलवल पहुंचने पर भव्य धार्मिक भजन संध्या का आयोजन

**एजेंसी**

**पलवल।** बागेश्वर धाम महाराज धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की अगुवाई में निकाली जा रही 'सनातन एकता पदयात्रा' का पलवल पहुंचने पर भव्य धार्मिक भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या में श्रद्धालुओं ने बढ़चढक़र भाग लेकर भक्तिरस का पान किया। राष्ट्रीय राजमार्ग - 19 पर स्थित गांव पृथला व बघौला के सरपंचों द्वारा व हुड्डा सेक्टर दो पर भागवत किंकर वासुदेव श्री कृष्ण जी महाराज द्वारा धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का गदा भेंटकर जोरदार स्वागत किया गया। यात्रा के दौरान लोग बड़ी संख्या में सडक़ों के किनारे खड़े होकर पदयात्रा का स्वागत करने को उत्सुक और ललायित दिखाई दिए। सांसद मनोज तिवारी ने 'हम राम के थे, राम के हैं, हम राम के रहेंगे' भजन के माध्यम से श्रद्धालुओं में उत्साह और जोश का संचार किया।

**सनातन एकता का महायज्ञ है 'सनातन एकता पदयात्रा' : गौरव गौतम**

खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने भजन संध्या मंच से पदयात्रा का



अभिनंदन करते हुए कहा कि इस 'सनातन एकता पदयात्रा' का मुख्य उद्देश्य समस्त सनातनियों में एकता स्थापित करना तथा समाज में सनातन एकता का भाव जागृत करना है। यह पदयात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, सनातन एकता को जागृत करने का महायज्ञ है। पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की यह यात्रा आज के समय में सनातन धर्म की आत्मा को पुनः जागृत करने का प्रयास है। यह पदयात्रा भारत की सांस्कृतिक एकता और सनातन चेतना का जीवंत प्रतीक बन गई है।

**आज मितरौल-तुमसरा से आगे बढ़ेगी 'सनातन एकता पदयात्रा'** : 'सनातन एकता पदयात्रा' बागेश्वर धाम महाराज धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की अगुवाई में नेता जी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम से कुशलीपुर, अटोहा मोड, बहरोला, शुगर मिल पलवल, बामनी खेड़ा, होते हुए मितरौल-तुमसरा पहुंची, जहां पदयात्रा का रात्रि ठहराव होगा। इस अवसर पर बागेश्वर धाम महाराज धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने सभी को सनातन एकता की शपथ दिलवाई। बुधवार 12 नवंबर को 'सनातन एकता पदयात्रा' मितरौल से चलकर मुंडकटी, बंचारी होते हुए होडल स्थित अनाज मंडी में प्रवेश करेगी। जहां पदयात्रा का रात्रि ठहराव होगा। गुरुवार 13 नवंबर को यात्रा होडल से कोसी होते हुए उत्तर प्रदेश की सीमा में प्रवेश करेगी। पदयात्रा में शामिल भक्तजनों और श्रद्धालुओं का जगह-जगह पुष्प वर्षा और ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया जा रहा है। यह 10 दिवसीय पदयात्रा 16 नवंबर 2025 तक चलेगी और दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश से होते हुए वृंदावन में श्री बांके बिहारी जी के दर्शन के साथ संपन्न होगी।

## प्रदूषण स्तर बढ़ने पर झज्जर जिले में ग्रैप-3 लागू

**एजेंसी**

**झज्जर।** बढ़ते वायु प्रदूषण को देखते हुए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और निकटवर्ती क्षेत्र वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के तीसरे चरण को जिले में लागू कर दिया है। यह कदम वायु गुणवत्ता को सुधारने और प्रदूषण के दुष्प्रभावों को कम करने के उद्देश्य से उठाया गया है। उपायुक्त स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा कि बढ़ता हुआ वायु प्रदूषण हम सबके लिए चिंता का विषय है, जिसका हमारे स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ता है। वायु प्रदूषण नियंत्रण को



लेकर ग्रैप नियमों की सख्ती से पालना करना बेहद जरूरी है। डीसी ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और निकटवर्ती क्षेत्र वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की ओर से झज्जर सहित एनसीआर क्षेत्र में लागू किए गए ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) थ्री के तहत संबंधित विभागों को जरूरी दिशा निर्देश दिए गए हैं। डीसी ने कहा कि दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में प्रदूषण का स्तर बढ़ने पर ग्रैप-3 की पाबंदी लागू हो गई हैं। जिला झज्जर भी एनसीआर क्षेत्र में आता है, ऐसे में प्रदूषण नियंत्रण उपायों को पूरी गंभीरता से अपनाना होगा। उन्होंने कहा सभी जिलावासी वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने वाले उपायों में सक्रिय रूप से भागीदार बनें। डीसी ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, शहरी निकायों, एचएसआईआईडीसी सहित अन्य संबंधित विभागाध्यक्षों को कड़े निर्देश दिए कि वे जिले में बढ़ते प्रदूषण स्तर को नियंत्रित करने के लिए सख्त कदम उठाएं।

## मानवता व स्वतंत्र विचारों की रक्षा का प्रतीक था गुरु तेग बहादुर का बलिदान : डॉ. एसएस ढाका

**हिसार।** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास), में गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहादत वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एक सारगर्भित एवं प्रेरणादायक सेमिनार का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के वेटरनरी ऑडिटोरियम में आयोजित यह कार्यक्रम में कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा के निर्देशन में तथा छात्र कल्याण निदेशालय के तत्वाधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एसएस ढाका थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि गुरु तेग बहादुर जी का बलिदान केवल धर्म की रक्षा के लिए नहीं था, बल्कि सत्य, मानवता और स्वतंत्र विचारों की रक्षा का प्रतीक था। उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी ने शिक्षा को केवल ज्ञान प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, नैतिकता और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का मार्ग बताया। कुलसचिव डॉ. ढाका ने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे ज्यादा ज्यादा गुरु तेग बहादुर जी के आदर्शों, सत्य, साहस और करुणा को अपने जीवन में अपनाकर एक संवेदनशील, नैतिक और जिम्मेदार नागरिक बनें। सेमिनार का संचालन एवं समन्वयन छात्र कल्याण निदेशक डॉ. संदीप कुमार गुप्ता के निर्देशन में किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरु तेग बहादुर जी की शिक्षाएँ आज भी समाज में एकता, करुणा और साहस का सन्देश देती हैं। इस अवसर पर डॉ. विशाल शर्मा, डॉ. दिव्या अग्निहोत्री एवं संजय अरोड़ा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं समन्वयन की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई।

## हरियाणा के सभी गांवों में चलेगा सफाई अभियान

**चंडीगढ़।** हरियाणा के ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत कार्यरत राज्य स्तरीय स्पेशल टास्क फोर्स के चेयरमैन एवं असंध से विधायक योगेंद्र सिंह राणा ने कहा है कि हरियाणा की सभी ग्राम पंचायतों के साथ मिलकर प्रदेश भर के गांवों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। जिसके तहत गांवों की गलियों, तालाबों की सफाई, शहरों की तर्ज पर कूड़े को अलग-अलग करने की योजना को लागू किया जाएगा। योगेंद्र राणा चेयरमैन पद का कार्यभार ग्रहण करने के बाद चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस अवसर पर हरियाणा विधानसभा के स्पीकर हरविंद्र कल्याण, विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्णलाल पंवार तथा हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने उन्हें पदभार ग्रहण करवाया। पत्रकारों से बातचीत में योगेंद्र राणा ने इस नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बहुत जल्द संबंधित विभागीय अधिकारियों की बैठक बुलाकर गांवों के लिए विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। अगले चार साल के लिए समूचे प्रदेश में स्वच्छता अभियान के लिए विशेष रोड मैप तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी तथा विकास एवं पंचायत मंत्री के साथ बैठक के बाद प्रदेश के सभी जिलों में जिला टास्क फोर्स का गठन किया जाएगा। जिला स्तर पर टास्क फोर्स चेयरमैन तथा सदस्य नियुक्त किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि गांव स्तर पर सफाई अभियान को नियमित रूप से चलाने के लिए ग्रामीण कमेटियों का गठन किया जाएगा।

## फसल खरीद के बाद किसानों के खाते में डाले 14336.92 करोड़

**चंडीगढ़।** हरियाणा में खरीफ खरीद सीजन 2025-26 के दौरान किसानों के खातों में अब तक 14336.92 करोड़ रुपये की अदायगी उनके बैंक खातों में सीधे स्थानांतरित की जा चुकी है। इस तरह सरकार ने किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का भुगतान सुनिश्चित किया है। हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के हितों को देखते हुए जिला की सभी अनाज मंडियों में धान की खरीद का कार्य सुचारू रूप से जारी है। उन्होंने कहा कि जिले में हैफेड, वेयर हाउस और फूड एंड सप्लाई एजेंसियों द्वारा धान की खरीद की जा रही है। संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि धान की फसल बेचने में किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' पोर्टल पर पंजीकृत किसानों से धान की खरीदी की जा रही है। राज्य में अब तक 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' पोर्टल' पर पंजीकृत 2,99,696 लाख किसानों से धान की खरीद की गई है। उन्होंने बताया कि विभिन्न जिलों की मंडियों से अब तक 60,58,470 मीट्रिक टन धान का उठान हो चुका है। अब तक मंडियों से 61,48, 624 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है।

## फरीदाबाद में पुलिस ने चलाया सघन सर्च अभियान, 800 पुलिस कर्मी जुटे

**फरीदाबाद।** दिल्ली के लाल किले के निकट सोमवार रात हुए कार बम धमाके के बाद फरीदाबाद पुलिस पूरी तरह अलर्ट हो गई है। धौज एवं फतेहपुर तगा से भारी मात्रा में अमोनियम नाइट्रेट सहित विस्फोटक सामग्री बरामद होने से सुरक्षा घेरा कस दिया गया है। थाना धौज क्षेत्र में 800 पुलिसकर्मी की ओर से सर्च अभियान जारी है।पुलिस आयुक्त फरीदाबाद सतेंद्र गुप्ता का कहना है कि शहर की सुरक्षा की दृष्टि से पुलिसकर्मियों के ट्रैफिक पुलिस के जवानों के साथ राजमार्ग पर जगह-जगह तैनात किया है। सादा कपड़ों में पुलिसकर्मी शहर में सभी गतिविधियों पर नजर रखे हुए हैं। होटल, गेस्ट हाउस, पब्लिक ट्रांसपोर्ट सहित भीड़भाड़ वाली जगह पर सघन तलाशी अभियान चलाने के आदेश दिए हैं। ऐसे समय में किसी भी तरह की पुलिसकर्मियों और अधिकारिक स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।पुलिस आयुक्त सतेंद्र गुप्ता ने सभी संबंधित थाना क्षेत्रों की पुलिस को अपने-अपने क्षेत्र में नाके लगा कर चेकिंग करने और संदिग्ध लोगों पर नजर रखने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा क्राइम ब्रांच को भी होटल-गेस्ट हाउस में जांच करने को कहा गया है। दिल्ली जाने वाले वाहनों की बदरपुर बॉर्डर पर पुलिस ने नाकेबंदी करके जांच शुरू कर दी है। यहां से निकले वाली सभी गाडियों की जांच की जा रही है।

# दिल्ली विस्फोट के साजिशकर्ताओं को नहीं बख्शेंगेः मोहन लाल बड़ौली

**एजेंसी**

**गुरुग्राम।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने दिल्ली के लाल किला के पास हुई विस्फोट की घटना को निंदनीय और दुखद बताया। उन्होंने कहा कि इस बम विस्फोट में शामिल लोगों का पर्दाफाश होगा और उन्हें मोदी सरकार कड़ी से कड़ी सजा दिलाएगी।

मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि बम विस्फोट के साजिशकर्ता अगर पाताल में भी छिप जाए मोदी सरकार उन्हें छोडने़ वाली नहीं है। विस्फोट करने वालों को चेताते हुए कहा कि साजिशकर्ताओं को यह समझ लेना चाहिए कि अब वे पाताल में भी होंगे तो उन्हें मोदी सरकार किसी भी सूरत में नहीं बख्शेगी।उन्होंने भगवान से दिवंगतों की आत्मा को शांति प्रदान करने और शोकाकुल परिजनों को इस कठिन घड़ी में धैर्य और आत्मबल देने की प्रार्थना की। पंडित मोहन लाल बड़ौली गुरुगाम स्थित मां शीतला देवी मंदिर पहुंचे और दर्शन कर पूजा अर्चना की। उन्होंने हरियाणा प्रदेश के जन-जन के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और आरोग्यता का प्रकाश सदा बना रहने



की माता रानी से प्रार्थना की। माता के दर्शन के बाद प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने शीतला माता श्राइन बोर्ड सदस्यों के साथ मुलाकात भी की। इस मौके पर बड़ौली के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी, विधायक मुकेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। माता शीतला देवी के दर्शन के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने सह-परिवार काली खोली वाले बाबा मोहनराम जी के मंदिर में जाकर विधिवत पूजा-अर्चना की। यहां भी उन्होंने प्रदेश के सभी परिवारजनों की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की मंगलकामना की।

## पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल से की मुलाकात

**एजेंसी**

**हिसार।** पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल से उनके दिल्ली स्थित आवास पर भेंट की। भेंट के दौरान हिसार जिले के विकास कार्यों, प्रस्तावित परियोजनाओं एवं भविष्य की योजनाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की। डॉ. गुप्ता ने मंगलवार को विशेष रूप से अग्रोहा-हिसार ग्लोबल सिटी परियोजना के शीघ्र क्रियान्वयन का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि यह योजना न केवल हिसार बल्कि समूचे हरियाणा के औद्योगिक, शैक्षिक एवं सामाजिक विकास की दृष्टि से मील का पत्थर सिद्ध होगी। इस परियोजना से रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, निवेश को बढ़ावा मिलेगा तथा क्षेत्र को राज्य की आर्थिक धारा से और सशक्त रूप में जोड़ा जा सकेगा।



भेंट के दौरान महाराजा अग्रसेन अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, हिसार के विकास एवं विस्तार पर भी चर्चा हुई। डॉ. गुप्ता ने एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इससे न केवल पर्यटन और व्यापार को गति मिलेगी, बल्कि हिसार राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर एक नया पहचान केंद्र बनेगा। केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल ने डॉ. गुप्ता के सुझावों की सराहना करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर हरियाणा के संतुलित एवं सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि हिसार क्षेत्र की परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि अग्रोहा-हिसार ग्लोबल सिटी योजना का प्रारंभिक प्रस्ताव स्वयं डॉ. कमल गुप्ता द्वारा प्रदेश सरकार को प्रस्तुत किया गया था। इस योजना से हिसार को एक आधुनिक, व्यवस्थित और आत्मनिर्भर नगर के रूप में विकसित करने की दिशा में ठोस आधार तैयार होगा।

## गुरु तेग बहादुर ने मानवता व धर्म की रक्षा के लिए अपने शीश को किया कुर्बान : डा. कृष्ण मिड्ढा

**एजेंसी**

**जींद।** डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी वह महापुरुष थे, जिन्होंने अपने शीश की कुर्बानी देकर मानवता व धर्म की स्वतंत्रता की रक्षा की थी। यह उस समय की बात है जब जुल्म, अत्याचार और भय हर ओर फैल चुका था। लोग अपने धर्म की आजादी के लिए तरस रहे थे। डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा श्री गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहीदी वर्षगांठ के उपलक्ष में हिंद की चादर लाइट एंड साउंड शो के भव्य आयोजन के मौके पर स्थानीय सीआरएसयू के डा. हरिचंद मिड्ढा ऑडिटोरियम में बतौर मुख्यअतिथि बोल रहे थे। इस अवसर पर डीसी मोहम्मद इमरान रजा, जुलाना के एसडीएम होशियार सिंह, सीआरएसयू की रजिस्ट्रार लवलीन मोहन उपस्थित रहे। डिप्टी स्पीकर ने कहा कि यह कार्यक्रम गुरु तेग बहादुर जी के जीवन आदर्शों, त्याग, बलिदान और अमर विरासत को समर्पित है। गुरु जी ने धर्म, मानवता और राष्ट्र की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उनका बलिदान राष्ट्र की अस्मिता और एकता का प्रतीक है। गुरु जी की शिक्षा केवल इतिहास की किताब नही बल्कि भविष्य का जीवंत ब्लूप्रिंट है।



जो आने वाली पीढियों को मार्गदर्शन देता रहेगा। इस अवसर पर प्रस्तुत की गई रंगारंग सांस्कृतिक झलकियों के माध्यम से गुरु तेग बहादुर जी के त्याग, शौर्य और मानवीय मूल्यों का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया।

लाइट एंड साउंड के माध्यम से उनके जीवन वृतांत को इस तरह संजोया गया। डा. मिड्ढा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा हरियाणा में गत एक नवंबर से गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहीदी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला आरंभ की गई है। जिनका राज्य स्तरीय मुख्य आयोजन 25 नवंबर को कुरुक्षेत्र में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर को हिंद की चादर इसलिए कहा गया है। क्योंकि वे केवल सिख धर्म के नही बल्कि पूरे भारत की अस्मिता की ढाल बन गए थे। दिल्ली के चांदनी चैक में जब उन्होंने अपना शीश बलिदान किया तो वह सिर्फ अपने लिए नही बल्कि संपूर्ण मानव जाति की आजादी के लिए किया था।

# भाजपा सरकार जनता के मुद्दों से भाग रही : शैलजा

**एजेंसी**

**जींद।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं सिरसा लोकसभा क्षेत्र की सांसद कुमारी सैलजा नरवाना खंड के गांव जाजनवाला पहुंची और जम्मू-कश्मीर के पुंछ में शहीद हुए भारतीय सेना के जवान अमरजीत नैन को श्रद्धांजलि अर्पित की। यहां परिजनों को सांसद ने ढांढस बंधाया और कहा कि अमरजीत नैन की वीरता और बलिदान पर पूरे देश को गर्व है। इसके बाद सांसद सैलजा ने नरवाना के हरियल टूरिस्ट कॉम्प्लेक्स में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि भाजपा सरकार जनता के मुद्दों से भाग रही है और चुनाव आते ही केवल झूठे वादे और लुभावनी बातें करने लगती है। भाजपा के नेता जनता के बीच अपने विकास कार्यों की चर्चा करने की बजाय विपक्ष पर छींटाकशी करने में लगे रहते हैं। बिहार चुनावों में भाजपा नेताओं द्वारा एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह बेहद दुखद है कि सत्ता पक्ष के नेता एक-दूसरे पर कीचड़ उछाल रहे हैं। जबकि उन्हें जनता के बीच जाकर अपने कार्य बताने चाहिए।

जींद में दिशा मीटिंग के बाद पत्रकारों से बातचीत में सांसद कुमारी शैलजा ने कहा कि अनेकों स्कीमें बंद होने की जानकारी इस बैठक में मिली है और दिशा कमेटी ने यही निर्देश दिया है उन्हें पूरा ब्यौरा चाहिए कि कौन-कौन सी स्कीमें बंद हो गई हैं, ताकि लोग गुमराह न हों। नागरिक अस्पताल में 14 करोड़ रुपये खर्च किए जाने को लेकर सांसद ने कहा कि जो पब्लिक का पैसा है, वो पब्लिक के लिए खर्च होना चाहिए ताकि आम नागरिक को सुविधाएं मिल सके। सरकार की पूरी उदासीनता है कि जनता व बिल्डिंग के प्रति। उन्होंने कहा कि यह समझ नहीं आया कि एक लीटर सरसो तेल की कीमत 30 रुपये है। जबकि दो लीटर लेंगे तो सौ रुपये देने होंगे। इसका लोजिक समझ नही आया है और यह गरीबों के साथ मजाक है।

## अमेरिकी टैरिफ के बाद अब जर्मनी में मंदी............कानपुर के लेदर कारोबारी पर सीधा असर

**कानपुर** उत्तर प्रदेश के निर्यातकों के लिए साल 2025 चुनौतियों से भरा हुआ है। दरअसल अमेरिका की ओर से टैरिफ में किसी भी तरह की राहत न मिलने से कारोबार पर बुरा असर पड़ा है। पहले जहां अमेरिकी बाजार से सबसे अधिक ऑर्डर मिलते थे, अब वहां से मांग में भारी गिरावट आई है। बढ़े हुए टैरिफ के कारण भारतीय उत्पाद महंगे हो गए हैं, इसमें लेदर, टेक्सटाइल और इंजीनियरिंग जैसे प्रमुख सेक्टर सबसे ज्यादा मार पड़ी है। अमेरिका की चुनौतियों के बीच अब जर्मनी की मंदी ने भी निर्यातकों के माथे पर चिंता की लकीर ला दी है। यूरोप के सबसे बड़े बाजारों में से एक जर्मनी में मांग में आई भारी गिरावट ने कारोबार की रफ्तार धीमी हुई है। पहले जहां वहां से लगातार ऑर्डर मिलते थे, अब आर्थिक सुस्ती के कारण कंपनियों ने नए सौदे रोक दिए हैं। कानपुर का लेदर और हैंडीक्राफ्ट उद्योग इस असर को सबसे ज्यादा झेल रहा है। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन (एफईईओ) की रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2024-25 में अप्रैल से जुलाई तक यूपी से 3460 करोड़ रुपये का निर्यात हुआ था, जबकि 2025-26 की इसी अवधि में यह केवल 3640 करोड़ रुपये तक पहुंच सका। यानी महज 180 करोड़ रुपये की मामूली बढ़ोतरी। जबकि पहले हर तिमाही में औसतन 500 करोड़ रुपये की वृद्धि होती थी। कानपुर की लेदर कारोबारी प्रेरणा वर्मा का कहना है कि अमेरिकी टैरिफ और जर्मनी की मंदी दोनों ने मिलकर कारोबार को बड़ा झटका दिया है। अब व्यापारियों को एशिया, अफ्रीका और मध्य पूर्व के देशों में नए मौके तलाशना होगा। आईआईए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील वैश्य ने कहा कि अमेरिका और जर्मनी लंबे समय से प्रमुख निर्यात बाजार रहे हैं, लेकिन इस बार दोनों ओर से सुस्ती ने चिंता बढ़ा दी है।

## इस साल प्रायमरी मार्केट के निवेशकों को भारी नुकसान

### हर दूसरे आईपीओ से निवेशकों को नुकसान

**मुंबई** शेयर बाजार के निवेश मार्केट में प्राइमरी निवेशकों को आईपीओ में भारी झटका लगा है। जो भी नए आईपीओ आए हैं। उनमें से हर दूसरा आईपीओ लिस्टिंग प्राइस से नीचे पर कारोबार कर रहा है। जिसके कारण निवेशकों को भारी नुकसान हुआ है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इस वर्ष 91 मेन बोर्ड के और 224, एसएमई के आईपीओ मार्केट में आए हैं। 306 कंपनियों में से 138 कंपनियों के शेयर इश्यू प्राइज से कम कीमत पर कारोबार कर रहे हैं। 45 फ़ीसदी निवेशकों को भारी घाटा उठाना पड़ा है। कई कंपनियां 79 फ़ीसदी इश्यू प्राइस से कम मूल्य पर कारोबार कर रही हैं। **'प्राइमरी निवेशक सतर्क रहें '** विदेशी निवेशक शेयर मार्केट से धीरे-धीरे बाहर हो रहे हैं। पहले जब आईपीओ आते थे। तब इन्हें 30 फ़ीसदी शेयर आवंटित होते थे। अब 2025 में यह आंकड़ा घटकर मात्र 20 फ़ीसदी रह गया है। विदेशी निवेशक शॉर्ट टर्म के लिए आते हैं। ऐसी स्थिति में छोटे निवेशकों को सतर्क रहने की जरूरत है। **'इश्यू प्राइज से नीचे कारोबार'** इस साल मेन बोर्ड में 111 आईपीओ की लिस्टिंग हुई। इसमें से 87 अभी भी इश्यू प्राइस से नीचे कारोबार कर रहे हैं। 42 शेयर 30 फ़ीसदी से लेकर 82 फीसदी तक नीचे कारोबार कर रहे हैं। इस स्थिति को देखते हुए आईपीओ अब छोटे निवेशकों के लिए सुरक्षित नहीं रहे। यह माना जा सकता है।

## डिजिटल गोल्ड में निवेश सुरक्षित?

### 2025 में डिजिटल ई-गोल्ड में निवेश बेतहासा

**मुंबई** इन दिनों ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और एप के जरिए ई गोल्ड पर निवेश बढ़ता चला जा रहा है। कई मोबाइल एप छोटे निवेशकों को ₹100 से शुरू होने वाले सोने पर निवेश के नाम पर लोगों को लुभा रहे हैं। इनमें बड़े पैमाने पर निवेश हो रहा है। जिस तरह से छोटे निवेशकों को लुभाने के लिए कई डिजिटल कंपनियां इस क्षेत्र में आ गई हैं।इसमें कोई सुरक्षा नहीं है। आर्थिक विशेषज्ञ इसे सुरक्षित नहीं मान रहे हैं। रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया का भी मानना है, जो डिजिटल गोल्ड के प्रस्ताव सेबी के अधीन आते हैं।उन्हें तो सुरक्षित माना जा सकता है। लेकिन जो सेबी या शेयर बाजार में पंजीकृत नहीं है। उनके दावों पर यकीन नहीं किया जा सकता है। ई गोल्ड में निवेश के नाम पर पिछले 11 महीना में यह कारोबार दो गुना बढ़ गया है। यूपीआई से डिजिटल गोल्ड की खरीद बड़ी तेजी के साथ बढ़ रही है। जनवरी 2025 मे ई गोल्ड में जहां 690 करोड रुपए का निवेश था। वह सितंबर 2025 में बढ़कर 1508 करोड रुपए पर पहुंच गया है। जिस तरह से डिजिटल धोखेबाजी बड़ी तेजी के साथ बढ़ रही है। ऐसी स्थिति में ई गोल्ड के निवेशको को सावधान रहने की जरूरत है।

# 14 नवंबर से भारत मंडपम में शुरू होगा अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला

### इस साल मेले का विषय एक भारत श्रेष्ठ भारत है, 14 दिन चलेगा

**नई दिल्ली**

भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला 14 नवंबर यानी शुक्रवार से भारत मंडपम में शुरू होने जा रहा है। आधिकारिक बयान के मुताबिक संयुक्त अरब अमीरात, चीन, ईरान, दक्षिण कोरिया और मिस्र समेत 12 देशों के विदेशी प्रदर्शक 14 दिन चलने वाले इस मेले में भाग लेंगे। इसमें कहा गया कि मेला, भारत के उद्योग की ताकत एवं उसके उत्पादों की गुणवत्ता प्रदर्शित करने का एक प्रमुख मंच है। इस साल मेले का विषय एक भारत श्रेष्ठ भारत है।

भारत व्यापार संवर्धन संगठन (आईटीपीओ) ने बयान में कहा कि बिहार, महाराष्ट्र, राजस्थान और यूपी 'साझेदार राज्य के रूप में भाग लेंगे जबकि झारखंड को 'फोकस राज्य के रूप में चुना गया है। मेले का समय सुबह 10 से शाम साढ़े सात बजे तक रहेगा। भैरों रोड की ओर तीन व चार और मथुरा रोड पर छह व 10 नंबर प्रवेश द्वार से लोग आवाजाही कर सकते हैं।



व्यावसायिक दिन 14 से 18 नवंबर के बाद इसे 19 से 27 नवंबर तक आम जनता के लिए खोला जाएगा।

## लिस्टिंग के बाद इन शेयरों में आई करीब 2 फीसद की गिरावट

**मुंबई** टाटा मोटर्स की कमर्शियल इकाई के शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 335 रुपए प्रति यूनिट पर लिस्ट हुए, जो कि डिस्कवरी प्राइस 260.75 रुपए प्रति यूनिट से 28.5 प्रतिशत अधिक है। वहीं, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर टाटा मोटर्स कमर्शियल वाहन के शेयर 330.25 रुपए प्रति यूनिट पर लिस्ट हुए, जो कि डिस्कवरी प्राइस 261.90 रुपए प्रति शेयर से 26.09 प्रतिशत था। हालांकि, लिस्टिंग के बाद शेयरों में करीब 2 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है। सुबह करीब 11ः35 बजे, एनएसई पर शेयर 1.90 प्रतिशत की गिरावट के साथ 328.65 रुपए पर कारोबार कर रहा था। वहीं, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल के शेयर 0.69 प्रतिशत की गिरावट के साथ 404.75 रुपये पर कारोबार कर रहे थे। टाटा मोटर्स के बोर्ड ने पिछले साल अपने कमर्शियल वाहन और पैसेंजर वाहन कारोबार को बेहतर ऑपरेशनल एफिशिएंसी के लिए 1ः1 के अनुपात में अलग-अलग लिस्ट करने का ऐलान किया था। यह डीमर्जर एक अक्टूबर 2025 से प्रभावी हो गया है।

## चालू वित्त वर्ष में भारत की अर्थव्यवस्था 7.4 फीसदी पर पहुंचने की उम्मीद

### एनआईपीएफपी ने की आर्थिक समीक्षा

**नई दिल्ली** नैशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनेंस ऐंड पॉलिसी (एनआईपीएफपी) ने आर्थिक समीक्षा में कहा कि जीएसटी दर को युक्तिसंगत बनाए जाने और अमेरिका की अर्थव्यवस्था का क्षमता के मुताबिक प्रदर्शन होने से चालू वित्त वर्ष में भारत की अर्थव्यवस्था 7.4 फीसदी की दर से बढ़ने की उम्मीद है। इस साल अप्रैल की समीक्षा में इसने वित्त वर्ष 26 में 6.6 फीसदी वृद्धि का अनुमान लगाया था। वहीं भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 6.8 फीसदी वृद्धि का अनुमान लगाया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आर्थिक समीक्षा में कहा गया है कि सार्वजनिक क्षेत्र में भारी निवेश, ग्रामीण व शहरी दोनों क्षेत्रों में घरेलू खपत की मांग बहाल होने, वस्तु एवं सेवा कर को युक्तिसंगत बनाए जाने और बाहरी क्षेत्र खासकर अमेरिका का प्रदर्शन बेहतर रहने की उम्मीद से भारत की अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर तेज रहने की उम्मीद है। हालांकि वित्त मंत्रालय के तहत आने वाले स्वायत्त शोध संस्थान ने अपनी समीक्षा में दो वैकल्पिक परिदृश्य भी बताया है, जिसमें अमेरिकी अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन उम्मीद से बेहतर और उम्मीद से कमतर रहने की परिकल्पना की गई है। इसके मुताबिक अगर अमेरिकी उत्पादन संभावित से 1 फीसदी ऊपर रहता है, तो अर्थव्यवस्था 8.8 फीसदी की दर से बढ़ने की उम्मीद है, जबकि अगर अमेरिकी उत्पादन संभावित से 1 फीसदी नीचे रहने पर वित्त वर्ष 2026 में आर्थिक वृद्धि दर 6 फीसदी रहने की संभावना है। इसके अलावा एनआईपीएफपी ने खाद्य महंगाई दर में कमी के कारण चालू वित्त वर्ष में खुदरा महंगाई दर 1.6 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है। साथ ही यह भी उल्लेख किया गया है कि खाद्य तेल की महंगाई दर ऊंची बनी हुई है और सोने और चांदी में देखी गई तेज मूल्य वृद्धि के कारण मुख्य महंगाई दर बढ़ रही है।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

### सेंसेक्स 595, निफ्टी 180 अंक उछला

**मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार बुधवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के तीसरे कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आया है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 595.19 अंक ऊपर आकर 84,466.51 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 180.85 अंक उछलकर 25,875.80 पर जाकर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान आईटी, फार्मा और ऑटो सेक्टरों में लगातार खरीदारी रही। आईटी और ऑटो दिग्गज शेयरों में भारी खरीदारी के बीच सूचकांक ने शुरुआती तेजी जारी रखते हुए 84,652.01 के इंट्रा-डे हाई तक पहुंचा।

बाजार जानकारों के अनुसार अमेरिकी सरकार के शटआउट समाप्त होने की उम्मीद और फेड की शुरुआती कटौती की बढ़ती उम्मीदों से प्रेरित होकर, वैश्विक इक्विटी में नए सिरे से जोखिम उठाने की क्षमता के कारण बाजार में तेजी है। आज टाटा स्टील, टाटा मोटर्स पीवी और टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल नकारात्मक दायरे में बंद हुए। निफ्टी आईटी 738 अंक या 2.04 फीसदी, निफ्टी ऑटो 336 अंक या 1.24 फीसदी, निफ्टी बैंक 136 अंक या 0.23 फीसदीऔर निफ्टी वित्तीय सेवाएँ 82 अंक या 0.12 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुए। व्यापक बाजार ने भी यही माहौल रहा। निफ्टी स्मॉलकैप 0.82 फीसदी, निफ्टी मिडकैप 0.79फीसदी और निफ्टी 100 0.61 फीसदी की बढ़त पर बंद हुआ।

इससे पहले आज सुबह बाजार तेजी के साथ खुला। दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी से बाजार में उछाल आया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के एच1 बी वीजा को लेकर आये बयान के बाद भी आईटी शेयरों में बढ़त आई है। वहीं पीएसयू बैंकों में खरीदारी ने भी बाजार में उत्साह का माहौल है। सुबह सेंसेक्स सुबह 323.89 अंक की बढ़त लेकर 84,195.21 पर था। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाल नैशनल स्टॉक एक्सचेंज सुबह 99.10 अंक बढ़कर 25,781 पर कारोबार कर रहा था।




वहीं विदेशी बाजारों की बात करें तो बुधवार को एशियाई शेयर बाजारों में ज़्यादातर बढ़त दर्ज की गई। अमेरिकी सरकार के शटडाउन समाप्त होने की उम्मीद से भी बाजार को बल मिला है। जापान का निक्केई 225 0.26 फीसदी गिरा, जबकि टॉपिक्स 0.35 फीसदी बढ़ा। दक्षिण कोरिया का कोस्पी स्थिर रहा, लेकिन कोस्डैक 0.62 फीसदी बढ़ा। ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी/एएसएक्स 200 0.13 फीसदी बढ़ा, जो एशिया बाजारों में हल्के सकारात्मक रुझान का संकेत देता है। डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज ने एक नया रिकॉर्ड बनाया और 1.18 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ। एसएंडपी 500 में 0.21 फीसदी की वृद्धि हुई पर नैस्डैक में 0.25 फीसदी की गिरावट आई।


## भारत की जीडीपी 7.2 फीसदी की दर से बढ़ने की उम्मीद

### रेटिंग्स एजेंसी ने कहा- इसमें निजी खपत वृद्धि प्रमुख चालक होगी

**नई दिल्ली**

इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में भारत की जीडीपी के 7.2 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया है। इसमें निजी खपत वृद्धि प्रमुख चालक होगी। वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था 5.6 फीसदी की दर से बढ़ी थी। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि भारत के वास्तविक जीडीपी के चालू वित्त वर्ष में पांच तिमाहियों में सबसे तेज गति से 7.8 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान है। वास्तविक जीडीपी आधार वर्ष 2011-12 पर आधारित होती है।

रिपोर्ट के मुताबिक राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) 28 नवंबर को वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही के जीडीपी वृद्धि अनुमानों पर आधिकारिक आंकड़े जारी करेगा। उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर सालाना आधार पर 7.2 फीसदी पर मजबूत बनी रहेगी। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च के अर्थशास्त्री एवं कार्यकारी निदेशक पारस जसराय ने कहा कि मांग पक्ष से निजी खपत, उच्च तथा निम्न आय वाले परिवारों दोनों की स्थिर वास्तविक आय में बढ़ोतरी के कारण वृद्धि का एक प्रमुख चालक है।




उन्होंने कहा कि विनिर्माण क्षेत्र में अनुकूल आधार-आधारित माल निर्यात वृद्धि के साथ-साथ मजबूत सेवा क्षेत्र ने वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में आपूर्ति पक्ष से जीडीपी वृद्धि को बढ़ावा दिया। एजेंसी को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में निजी खपत सालाना आधार पर 8 फीसदी बढ़ेगी।

वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में यह सात फीसदी और दूसरी तिमाही में 6.4 फीसदी रही थी।

## छोटी इलेक्ट्रिक कार के लिए पेटेंट फाइल किया ओला इलेक्ट्रिक ने

**नई दिल्ली** ओला इलेक्ट्रिक कंपनी ने एक छोटी इलेक्ट्रिक कार के लिए पेटेंट फाइल किया है। ओला अब इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर से आगे बढ़कर ई4डब्ल्यू (इलेक्ट्रिक फोर-व्हीलर) सेगमेंट में प्रवेश करने जा रही है। जानकारी के अनुसार, यह नई कार एक कॉम्पैक्ट 5-डोर हैचबैक होगी, जिसे एमजी कार्नेट ईवी, टाटा टियागो ईवी और विनफास्ट मिनियो ग्रीन जैसी कारों को टक्कर देने के लिए डिजाइन किया गया है। पेटेंट डिजाइन में कार का साइज छोटा लेकिन आधुनिक और व्यावहारिक दिखता है। यह कार ओला के जेन 4 मॉड्यूलर प्लेटफॉर्म पर आधारित होगी, जिसे कंपनी ने 'संकल्प 2025' इवेंट में पेश किया था। यह प्लेटफॉर्म स्कूटर, थ्री-व्हीलर और कार सभी तरह के इलेक्ट्रिक वाहनों को सपोर्ट करेगा। भारतीय इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक रही है स्थानीय ईवी बैटरी सेल निर्माण की कमी। ओला इलेक्ट्रिक ने इस दिशा में भी कदम बढ़ाते हुए भारत में ही बने 4680 सीरीज सेल दिखाए हैं, जिनमें एनएमसी कंपोजीशन होने की संभावना है। इससे कंपनी को न केवल लागत में कमी मिलेगी, बल्कि 'मेड इन इंडिया' ईवी बनाने की दिशा में मजबूती भी मिलेगी। ओला ने अपनी एस1 सीरीज स्कूटर से भारतीय ईवी बाजार में नई हलचल मचाई थी, लेकिन आफ्टरसेल्स सर्विस और भरोसे को लेकर कंपनी को चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

# टोरेंट पावर कंपनी का नेट प्रॉफिट 50 फीसदी बढ़कर 741.55 करोड़ हुआ

**नई दिल्ली**

टोरेंट ग्रुप की इंटीग्रेटेड बिजली कंपनी टोरेंट पावर ने वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही के नतीजों का ऐलान कर दिया है। जुलाई-सितंबर तिमाही में कंपनी का कंसोलिडेटेड नेट प्रॉफिट करीब 50 फीसदी बढ़कर 741.55 करोड़ रुपए हो गया। कंपनी का पिछले साल इसी तिमाही में मुनाफा 495.72 करोड़ रुपए रहा था। टोरेंट पावर ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया था कि दूसरी तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 7,953.91 करोड़ रुपए हो गई जो एक साल पहले इसी तिमाही में 7,300.51 करोड़ रुपए थी।

उत्पादन कारोबार से रेवेन्यू जुलाई-सितंबर तिमाही में सालाना आधार पर 1,833.55 करोड़ रुपए से बढ़कर 2,420.92 करोड़ रुपए हो गया। ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन बिजनेस से रेवेन्यू सालाना आधार पर 6,596.61 करोड़ रुपए से घटकर 6,367.83 करोड़ रुपए रह गया।

इस तिमाही में रिन्यूएबल एनर्जी से रेवेन्यू बढ़कर 326.62 करोड़ रुपए हो गया, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 291.15 करोड़ रुपए था। टोरेंट पावर, करीब 45,000 करोड़ रुपए के टोरेंट ग्रुप की 29,165 करोड़ रुपए की इंटीग्रेटेड बिजली कंपनी है जो देश के पावर सेक्टर की सबसे बड़ी कंपनियों में से एक है। इसकी उपस्थिति संपूर्ण विद्युत मूल्य श्रृंखला- उत्पादन, पारेषण व वितरण में है।

कंपनी गुजरात में अहमदाबाद, गांधीनगर, सूरत, दाहेज एसईजेड और धोलेरा एसआईआर, संघ शासित प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली और दमन व दीव, महाराष्ट्र में भिवंडी, शिल, मुंब्रा व कलवा तथा यूपी में आगरा जैसे शहरों में करीब 42.1 लाख ग्राहकों को करीब 31 अरब यूनिट वितरित करती है।

## अक्टूबर में एसआईपी निवेश 29,529 करोड़ के ऑलटाइम हाई पर पहुंचा

### खुदरा निवेशक अब कहीं ज्यादा समझदार और स्थिर हो गए

**नई दिल्ली**

इक्विटी म्युचुअल फंड में अक्टूबर के दौरान लगातार तीसरे महीने निवेश घटा है। इसके बावजूद सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के जरिए निवेशक म्युचुअल फंड्स में ताबड़तोड़ पैसा लगा रहे हैं और यह पिछले महीने 29,500 करोड़ के रिकॉर्ड ऑलटाइम हाई पर पहुंच गया। सितंबर में एसआईपी के जरिए 29,361 करोड़ रुपए का निवेश आया था। अगस्त में यह आंकड़ा 28,265 करोड़ रुपए था। जबकि, इक्विटी फंड्स में इनफ्लो मासिक आधार पर 19 फीसदी घटकर 24,690 करोड़ रुपए रह गया। एक्सपर्ट मान रहे हैं कि वैश्विक व्यापार की चिंताओं के बाजार में दिख रहे असर के बीच रिटेल निवेशक अनुशासित रहे और एसआईपी में निवेश बनाए रखा।

खातों के हिसाब से देखें तो एक्टिव एसआईपी अकाउंट बढ़कर 9.45 करोड़ हो गए, जो सितंबर में 9.25 करोड़ रुपए थे। अगस्त में यह संख्या 8.99 करोड़ थी। वहीं, कुल एसआईपी खातों की संख्या बढ़कर 9.88 करोड़ पहुंच गई, जो सितंबर में 9.73 करोड़ थी। यह बढ़ोतरी करीब 60 लाख नए खातों के जुड़ने और करीब 45 लाख खातों के बंद होने के बाद दर्ज की गई। मिरे असेट इनवेस्टमेंट मैनेजर्स (इंडिया) की हेड ऑफ डिस्ट्रीब्यूशन एंड स्ट्रैटेजिक अलायंसेज ने कहा कि सबसे उत्साहजनक बात यह है कि एसआईपी इनफ्लो की मजबूती बनी हुई है। उन्होंने कहा कि यह दिखाता है कि खुदरा निवेशक अब कहीं ज्यादा समझदार और स्थिर हो गए हैं। वे बाजार के छोटे-मोटे उतार-चढ़ाव के बावजूद अपनी लंबी अवधि के निवेश लक्ष्यों पर टिके हैं। हमारा मानना है कि निवेशकों को अपने एसआईपी जारी रखने चाहिए, क्योंकि बाजार के चक्रों के दौरान निवेशित रहना ही समय के साथ संपत्ति बनाने का सबसे अच्छा तरीका है।




## टाटा ग्रुप में नई पीढ़ी की एंट्री, नेविल और भास्कर को नियुक्त किया नया ट्रस्टी

**नई दिल्ली**

टाटा समूह के दो मुख्य ट्रस्टों में से एक, सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल टाटा के बेटे नेविल टाटा और टाटा समूह के अनुभवी भास्कर भट्ट को तीन साल की अवधि के लिए नया ट्रस्टी नियुक्त किया है। विश्लेषकों का कहना है कि नेविल की नियुक्ति से नोएल टाटा का ग्रुप पर प्रभाव और मजबूत हुआ है। नेविल टाटा, जो अभी बिज़नेस हेड हैं, पहले से ही कई टाटा ट्रस्ट्स के बोर्ड में ट्रस्टी हैं। उनकी उम्र 32 साल है और उन्हें ट्रस्ट में एक नई पीढ़ी का प्रतिनिधि माना जा रहा है।

हाल ही में टाटा ट्रस्ट्स ने ट्रस्टी के लिए आजीवन कार्यकाल की नीति अपनाई थी, लेकिन इसके बावजूद नेविल टाटा और भास्कर भट्ट को केवल तीन साल के कार्यकाल के लिए नियुक्त किया है। इसी तरह उद्योगपति वेनू श्रीनिवासन को भी सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट में तीन साल के लिए ट्रस्टी नियुक्त किया गया है। उन्हें ट्रस्ट का वाइस चेयरमैन भी बनाया गया है। ट्रस्ट के एक बयान के मुताबिक महाराष्ट्र सरकार के एक हालिया अध्यादेश के तहत ट्रस्टी का कार्यकाल अब अधिकतम पांच साल तक सीमित कर दिया गया है। इस वजह से ट्रस्ट ने तीन साल का कार्यकाल तय किया है।

नेविल टाटा का नाम वकील दरियस खंबाटा ने प्रस्तावित किया था, जिसे सभी ट्रस्टियों ने सर्वसम्मति से मंजूरी दी। वहीं भास्कर भट्ट का नाम वाइस चेयरमैन विजय सिंह ने रखा था, जिसका समर्थन सभी ने किया, जिनमें प्रमीत झावेरी भी शामिल हैं। ये नई नियुक्तियां 12 नवंबर 2025 से प्रभावी होंगी।

दिलचस्प बात यह है कि नेविल की नियुक्ति को मंजूरी नोएल टाटा के जन्मदिन से एक दिन पहले मिली। बताया जा रहा है कि यह कदम रतन टाटा के पुराने विजन का हिस्सा था। उन्होंने नेविल को टाटा ट्रस्ट्स में शामिल कर भविष्य का नेतृत्व सौंपने की इच्छा जताई थी। जनवरी 2026 में नेविल को सर रतन टाटा ट्रस्ट में भी ट्रस्टी बनाए जाने की संभावना है।

ट्रस्ट ने अपनी एग्जीक्यूटिव कमेटी को भंग कर दिया है। अब टाटा ट्रस्ट्स के सीईओ सिद्धार्थ शर्मा सीधे चेयरमैन को रिपोर्ट करेंगे। वर्तमान में सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट की टाटा संस में 28 फीसदी हिस्सेदारी है, जबकि सर रतन टाटा ट्रस्ट की हिस्सेदारी लगभग 24 फीसदी है।

## मारुति स्विफ्ट पर मिल रहा 57,000 रुपए तक डिस्काउंट



**नई दिल्ली**

नवंबर महीने में मारुति सुजुकी ने अपने ग्राहकों के लिए बेहतरीन ऑफर पेश किया है। अक्टूबर में रिकॉर्ड बिक्री दर्ज करने के बाद, अब कंपनी नए ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए यह विशेष ऑफर लेकर आई है। कंपनी मारुति स्विफ्ट पर 57,000 रुपए तक का डिस्काउंट दे रही है। यह छूट इसके पेट्रोल, एएमटी और सीएनजी वैरिएंट्स पर लागू है। मारुति स्विफ्ट के झेडएक्सआई और वीएक्सआई (पेट्रोल एमटी, एएमटी और सीएनजी) वैरिएंट्स पर रुपए 57,100 तक का अधिकतम डिस्काउंट मिल रहा है, जबकि एलएक्सआई ट्रिम पर रुपए 37,100 तक की छूट दी जा रही है। इस ऑफर में रुपए 10,000 का कैश डिस्काउंट, रुपए 15,000 का एक्सचेंज बोनस या रुपए 25,000 का स्क्रैपेज बोनस शामिल है। इसके साथ ही रुपए 2,100 तक के अतिरिक्त लाभ भी ग्राहकों को मिल सकते हैं। नई स्विफ्ट की एक्स-शोरूम कीमत रुपए 5.78 लाख से रुपए8.64 लाख तक जाती है, जिससे यह डील और आकर्षक बन गई है। नई स्विफ्ट में कंपनी ने 1.2 लीटर झेड12ई 3-सिलेंडर नैचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन दिया है, जो 80 बीएचपी की पावर और 112एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। इसमें माइल्ड हाइब्रिड सिस्टम भी जोड़ा गया है, जो माइलेज बढ़ाने में मदद करता है। कंपनी का दावा है कि इसके मैनुअल वर्जन का माइलेज 24.80 केएमपीएल और ऑटोमैटिक (एएमटी) वर्जन का माइलेज 25.75केएमपीएल तक है। इंटीरियर की बात करें तो इसमें 9 इंच का टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, वायरलेस एंड्रॉयड ऑटो और एप्पल कारप्ले, रियर एसी वेंट्स, डुअल चार्जिंग पोर्ट्स और वायरलेस चार्जर जैसे फीचर्स दिए गए हैं।

# चढ़ रहा है चुनावी सर्वे का बाजार, चुनावी नतीजों के लिए एक्जिट पोल पर फोकस



कांतिलाल मांडोत

बहार में चुनाव का प्रचार और पार्टी क्रियान्वयन पिछले छह महीनों से लगातार चल रहा था। हाल ही सम्पन्न बिहार चुनाव के दौरान एक्जिट पोल पर नजर है।क्योंकि एजेंसी को छोड़कर सटीक सर्वेक्षण देना मुश्किल है।दरअसल, बाजार सर्वेक्षण के बड़ा हिस्सा है।जिसके तहत कम्पनिया कोई उत्पाद बाजार में उतारने या अपने किसी निजी कम्पनियो को फायदा है।राजनैतिक सर्वेक्षण के जरिये मोटा हिस्सा ले लेती है।

वोटरों का मिजाज भांपने के लिए 1980 के दशक के अंत में भारत मे पहली बार ओपिनियन पोल किया गया था। तब से अब तक चुनाव खत्म होते ही नेता,बुद्धिजीवी और जनता जनार्दन को एक ही दिलचस्पी रहती है कि आखिर जीत किसकी?कौन बनाएगा सरकार और किस दल का बनेगा मुख्यमंत्री?11 नवम्बर को बिहार के चुनाव पूर्ण हो गए है।14 नवम्बर को नतीजे आएंगे।लेकिन आज ही लोगो के मन मे कुतूहल पैदा हो गया है कि बिहार में सरकार किसकी बनेगी? नीतीश या महागठबंधन की।चुनावी सर्वेक्षण और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का जन्म एकसाथ हुआ है।चुनावी सर्वे की लोकप्रियता उतनी ही है,जब तक सटीक जानकारी उपलब्ध हो ।क्योंकि गलत नतीजे दर्शाए जाने वाले मीडिया घरानों को जनता विस्मृत कर देती है।आज कई सर्वे मीडिया घराने पर जनता भरोसा करती है।पिछले चार दशकों से ज्यादा समय से हर चुनाव के समय का अपरिहार्य बना दिया है।आज 11 नवम्बर को एकटकी लोग टीवी चैनल पर सर्वे के लिए इंतजार कर रहे है।बिना इन सर्वेक्षणों के अभाव में भारत मे चुनावो की कल्पना भी नही की जा सकती है।हालांकि कुछ समाचार चैनल तो साल में कई बार ऐसे सर्वेक्षण करवाते है और इसके जरिये सरकारों की लोकप्रियता को प्रभावित करने वाले मुद्दो की पडताल करते रहते है।ऐसे में यह जानना दिलचस्प है कि आखिर भारत मे इन सर्वेक्षणों का अर्थशास्त्र क्या है?आखिरी इन सर्वेक्षणों को करवाने से किसका भला होता है और यदि कोई संगठन पैसे देकर ऐसे सर्वेक्षण करवाता है तो उसका कोई निजी स्वार्थ भी इसमें जुड़ा होता है।

बिहार में चुनाव का प्रचार और पार्टी क्रियान्वयन पिछले छह महीनों से लगातार चल रहा था। हाल ही सम्पन्न बिहार चुनाव के दौरान एक्जिट पोल पर नजर है।क्योंकि एजेंसी को छोड़कर सटीक सर्वेक्षण देना मुश्किल है।दरअसल, बाजार सर्वेक्षण के बड़ा हिस्सा है।जिसके तहत कम्पनिया कोई उत्पाद बाजार में उतारने या अपने किसी निजी कम्पनियो को फायदा है।राजनैतिक सर्वेक्षण के जरिये मोटा हिस्सा ले लेती है।हालांकि यह देश की तेज गति से तरक्की करने वाले सेक्टर में से एक है।देश में दो सौ से ज्यादा सर्वेक्षण कम्पनिया है जिनकी पूरे देश मे पहुंच है ।बाकि अलग अलग शहरों में छोटे स्तर पर काम करती है।लेनदेन या पैसे के मामले में कोई विशेष फायदे नही है।फिर भी



कम्पनिया इसलिए चुनावी सर्वे करवाती है कि इन्हें मुफ्त का प्रचार मिल जाता है।यदि किसी चैनल और मीडिया घराने ने ऐसी किसी एजेंसी को पैसे देकर सर्वे कराया तब तो लागत निकलने के साथ साथ कुछ फायदा भी हो जाता है।आज के दौर में चुनाव के पहले मिलने वाले सर्वे के इनपुट से कई दिनों तक पार्टी नेताओं की खुमारी बरकरार रहती है।नींद अच्छी आती है,जबकि विपरीत परिणाम वाले दलों और पार्टी नेताओं के चेहरे मुरझा जाते है।पिछले कई चुनाव में हम देख रहे है कि अलग अलग एजेंसियों के एक्जिट पोल के नितीजे अलग अलग आते है।इसके पीछे मुख्य वजह यह है कि सर्वे का काम सीटों की संख्या बताना नही है।यदि हम वोट शेयर की स्थिति देखेंगे तो पाएंगे कि प्रतिष्ठित कम्पनियो के सर्वे में पार्टीयां को मिलने वाले वोट को अनुमान कमोबेश एक जैसा ही होता है।मगर इन वोटो को सीट में बदलने का फामूर्ला अलग अलग अपनाने के कारण उनके सीटों के अनुमान में भारी अंतर हो जाता है।

भारत मे यह हाल है कि वोट शेयर के बावजूद सीटे ज्यादा आती है और ज्यादा सीटे वाली पार्टी विजय घोषित की जाती है।आज के समय में त्वरीत परिणाम की चाह में राजनीतिक दल हर सीमा लांघने के लिए तैयार रहते है।आज सभी की नजरें बिहार चुनाव पर होगी।भारत मे ओपीनियन पोल का पूरा फोकस सिर्फ इस बात पर रहता है कि किसी राजनैतिक दल की कितनी सीटे आएगी।क्योंकि वोट शेयर से सरकार की हार जीत निश्चित नही की जाती है।लेकिन सर्वे का काम सीट बताना है।इनके द्वारा सटीक जानकारी तो नही मिलती है लेकिन हार जीत के समीप जरूर पहुंचा दी जाती है।सर्वे के लिए चुनाव के दौरान हर पत्रकार उस वोटर से मिलकर किस दल को वोट किया है।उसको जानने की जिज्ञासा रहती है और यही आधार सर्वे का हिस्सा बन जाता है।

भारत में मीडिया ने इसे सीटों की संख्या तक सीमित कर दिया है। रमेश कोठारी कहते हैं कि सर्वे के बाद मीडिया की खबरों को देखने से यह साफ हो जाता है कि सीट की संख्या के अलावा और कोई डाटा प्रकाशित या प्रसारित नहीं किया जाता क्योंकि मीडिया के दिग्गज मानते हैं कि बाकी डाटा से दर्शक या पाठक बोर हो जाते हैं। इस सोच ने इन सर्वेक्षणों को मजाक बना दिया है।

कई वर्ष पहले देश में सर्वे एजेंसियों पर किए गए स्टिंग ऑपरेशन से यह खुलासा हुआ है कि दरअसल पैसे देकर सीटों के इस खेल को कोई भी अपनी ओर मोड़ सकता है। इस स्टिंग के अनुसार अधिकांश छोटी एजेंसियां पैसे लेकर रॉ डाटा में बदलाव से लेकर अंतिम निष्कर्ष तक में बदलाव करने के लिए तैयार हो गई थीं। ऐसे में माना जाता है कि भारत में चुनावी सर्वे सिर्फ मीडिया हलचल भर बनकर रह गए हैं। अकसर देखा गया है कि न तो राजनीतिक दल उन्हें गंभीरता से लेते हैं और न ही आम जनता उसके आधार पर कोई राय कायम करती है।

हाल के समय में इन सर्वेक्षणों पर भरोसा कम हुआ है। राजूसिंह कहते हैं कि चुनावी सर्वे या फिर चुनाव बाद एक्जिट पोल की पूरी प्रक्रिया वैज्ञानिक पद्धति से होती है। मगर दिक्कत तब आती है जब उसमें निजी हित समाहित हो जाता है। ऐसे में सर्वेक्षण की पवित्रता प्रभावित होती है और इससे सही निष्कर्ष नहीं निकाले जा सकते। राजू कहते हैं कि इसी वजह से भारत में चुनावी सर्वेक्षणों के नतीजों में एकरूपता नहीं होती और इसी के कारण वे असली परिणामों से मेल भी नहीं खाते। किए जाने वाले चुनावी सर्वेक्षणों को मीडिया के जरिए लोगों के सामने पेश करने में उनका चेहरा ही एजेंसी की तरफ से सामने रखा जाता था। उसी के जरिए उन्हें आम जनता में बेहद लोकप्रियता भी मिली।

वैसे पिछले करीब 80 फीसदी चुनावों में सीटों का 95 फीसदी तक सही आकलन करने वाली एजेंसी कई है। वे चुनावी सर्वेक्षणों के लिए मार्केट रिसर्च एजेंसियों के अंतरराष्ट्रीय एसोसिएशन द्वारा तय गाइडलाइंस का सख्ती से पालन करते हैं। हालांकी कई उन एजेंसी पर आरोप लगाते हैं कि वे सर्वे के हर स्तर पर कड़ी गोपनीयता बरतते हैं और कभी भी सवाल उठने के बावजूद अपने रॉ डाटा को सार्वजनिक नहीं करते। हालांकि ग्राहकों की निजता को मुख्य वजह बताते हैं।

आज अगर देश में सर्वेक्षणों की विश्वसनीयता खतरे में आ गई है तोउसके लिए पारदर्शिता का अभाव बड़ी वजह है। वैसे ओपिनियन पोल का एक दूसरा पहलू भी है। भले ही चैनलों पर दिखाए जाने वाले इन सर्वेक्षणों पर राजनीतिक दल भरोसा नहीं करते हों मगर अधिकांश दल राज्यो की स्थिति का जायजा लेने के लिए एक्जिट पोल की मदद लेते है।यह साफ है कि ओपिनियन पोल भले ही विश्वसनीयता खो रहे हों मगर उनका धंधा खत्म नहीं होने वाला। आने वाले समय में हमें और अधिक सर्वेक्षण देखने को मिलेंगे।

## संपादकीय

### सेवा क्षेत्र में रोजगार की खराब स्थिति

भारत में सेवा क्षेत्र की केंद्रीय भूमिका है, लेकिन इसके भीतर अधिकांश कर्मियों को रोजगार सुरक्षा या सामाजिक संरक्षण हासिल नहीं है। अर्थव्यवस्था में सबसे ज्यादा योगदान के बावजूद सेवा क्षेत्र के कर्मी निम्न वेतन जाल में फंसे हुए हैं। नीति आयोग ने समस्या पर रोशनी डाली है, लेकिन ठोस समाधान सुझाने में विफल रहा है। समस्या है सेवा क्षेत्र में रोजगार की खराब स्थिति। आयोग ने कहा है- ह्यभारतीय आर्थिक ढांचे में सेवा क्षेत्र केंद्रीय स्थल पर है, लेकिन इसके भीतर अनौपचारिक क्षेत्र का हिस्सा बेहद बड़ा है, जहां अधिकांश कर्मियों को रोजगार सुरक्षा या सामाजिक संरक्षण हासिल नहीं है। अर्थव्यवस्था में सबसे ज्यादा योगदान के बावजूद सेवा क्षेत्र के कर्मी निम्न वेतन जाल में फंसे हुए हैं। सेवा क्षेत्र अर्थव्यवस्था में योगदान 55 फीसदी से अधिक है, मगर यह कुल रोजगार में इसका हिस्सा एक तिहाई ही है- और उसमें भी ज्यादातर कम वेतन वाली और अनौपचारिक नौकरियां हैं। रिपोर्ट के मुताबिक 2023-24 के अंत तक सेवा क्षेत्र में 18 करोड़ 80 लाख लोगों को काम मिला हुआ था। मगर रोजगार का यह क्षेत्र ह्यगहरे ढांचागत विभाजनह्न का शिकार है। एक तरफ सूचना तकनीक, वित्त, स्वास्थ्य, और पेशेवर सेवाओं में उच्चस्तरीय रोजगार हैं, तो दूसरी ओर अनौपचारिक क्षेत्र है जिसके भीतर 55.7 प्रतिशत कर्मी स्वरोजगार श्रेणी में आते हैं। बिना सामाजिक सुरक्षा वाले वेतनभोगी कर्मियों की संख्या 29 फीसदी है। 9.2 प्रतिशत लोग घरेलू कामकाज में सहायक की भूमिका निभा रहे हैं, जबकि 6.2 प्रतिशत दिहाड़ी मजदूर हैं। स्पष्ट है, सेवा क्षेत्र ज्यादातर कर्मियों को किसी तरह जीने का सहारा भर दे रहा है। लेकिन उससे ऐसे उपभोक्ता तैयार नहीं हो सकते, जो बाजार का विस्तार करें। तो आयोग ने कहा है कि सेवा क्षेत्र के लिए नए नीतिगत नजरिए की जरूरत है, जिसका मकसद इस क्षेत्र को औपचारिक रूप देना हो। मगर ऐसा कह भर देने से तो नहीं होगा! महिलाओं और युवाओं में कौशल विकसित करने, डिजिटल एवं ग्रीन अर्थव्यवस्था की तकनीक में निवेश करते हुए उसके लिए कर्मी तैयार करने, और संतुलित क्षेत्रीय विकास की नीतियां लागू करने जैसे नीति आयोग के सुझाव गौरतलब हैं। मगर मुद्दा यह है कि ये काम कौन करेगा? क्या सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने की जिम्मेदारी निजी क्षेत्र पर डालने के लिए वैधानिक उपायों पर सख्ती से अमल के लिए सरकार तैयार है? क्या इसके लिए सरकार अर्थव्यवस्था में हस्तक्षेप की भूमिका अपनाएगी?

## चिंतन-मनन

### संवेदनशील और सबल बनो

सदाचार का तब तक पालन किए जाओ जब तक यह तुम्हारा स्वभाव न बन जाए। मित्रता, दया और ध्यान का अभ्यास जारी रखो। जब तक यह न समझ जाओ कि यह तुम्हारा स्वभाव है। जब कार्य स्वभावतः किया जाता है,तब तुम फल की लालसा नहीं रखते हो। सहजता से बस कार्य किए जाते हो। स्वभावतः किया हुआ काम न तो थकान देता है और न पुंठित करता है। दांत साफ करना, नहाना, इत्यादि दैनिक कार्य को कृत्य नहीं समझा जाता क्योंकि ये दैनिक जीवन से जुड़े क्रिया-कलाप हैं। इन सब कार्यं को तुम बिन कर्तापन के करते हो। जब सेवा तुम्हारा स्वभाव बन जाता है, तब यह कर्तापन रहित होता है। ज्ञानी अभ्यास जारी रखते हैं ताकि वे औरों के लिए उदाहरण बनें, हांलाकि उनको किसी अभ्यास की आवश्यता नहीं। जो संवेदनशील हैं, प्रायः वे कमजोर होते हैं। जो स्वयं को सबल समझते हैं, वे प्रायः असंवेदनशील होते हैं। कुछ व्यक्ति स्वयं के प्रति संवेदनशील होते हैं पर औरों के प्रति नहीं। और कुछ लोग दूसरों के प्रति संवेदनशील होते हैं, पर खुद के प्रति नहीं। जो व्यक्ति केवल अपने प्रति संवेदशील हैं, वे प्रायः औरों को दोष देते हैं। जो केवल दूसरों के प्रति संवेदनशवील होते हैं, वे स्वयं को असहाय और दीन समझते हैं। कुछ इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि संवेदनशील होना ही नहीं चाहिए क्योंकि संवेदनशीलता पीड़ा लाती है। वे अपने आप को औरों से दूर रखने लगते हैं परन्तु यदि तुम संवेदनशील नहीं हो तो जीवन के अनेक सूक्ष्म अनुभवों को खो दोगे जैसे अंतर्ज्ञान, सौन्दर्य और प्रेम का उल्लास। यह पथ और ज्ञान तुम्हें सबल भी बनाता है और संवेदनशील भी। असंवेदनशील व्यक्ति प्रायः अपनी कमजोरियों को नहीं पहचानते। और जो संवेदनशील हैं, वे अपनी ताकत को नहीं पहचानते। उनकी संवेदनशीलता ही उनकी ताकत है। संवेदनशीलता अंतर्ज्ञान है, अनुकम्पा है, प्रेम है। संवेदनशीलता आत्म-बल है। और आत्म-बल है स्थिरता, तितिक्षा (सहनशीलता), मौन, प्रतिक्रिया-विहीनता, आत्मविश्वास, निष्ठा और एक मुस्कान। संवेदनशील और सबल, दोनों बनो।

# विश्व दयालुता दिवसः दया के रंग से जीवन की कहानी को दें नया साज



दिलीप कुमार पाठक

दया देने की आदत है, दूसरों का बोझ हल्का करने की इच्छा, या बस एक मददगार हाथ या रोने के लिए कंधा देने की इच्छा। यह हमें मानवीय बनाती है। यह हमें आध्यात्मिक रूप से ऊपर उठाती है। और यह हमारे लिए अच्छा है। -मदर टेरेसा

साल भर में कई जागरूकता दिवस, सप्ताह और महीने होते हैं, लेकिन इस नवंबर में मेरे लिए सबसे खास है, क्योंकि 13 नवंबर को विश्व दयालुता दिवस मनाया जाता है, इस अंतरराष्ट्रीय उत्सव का लक्ष्य सरल है। जिसमें ऐसी दुनिया की कल्पना को साकार करना है जहां हम सभी के लिए दयावान बनें। दयालुता को अपवाद के बजाय मानक बनाना, इस उत्सव में अक्सर दयालुता के कुछ अनोखे कार्य करने के लिए समय निकालना, उसे आगे बढ़ाने के नए तरीके खोजना और व्यक्तियों को उन कार्यों से जोड़ना होता है जिनके लिए उनकी उदारता की आवश्यकता होती है। विश्व दयालुता दिवस एक ऐसा समय है, जब हम रुककर याद करते हैं कि दयालुता व्यक्तियों और समुदायों के जीवन को समान रूप से स्वस्थ और रूपांतरित कर सकती है। जैसा कि कहा जाता है, ऐसी दुनिया में जहाँ आप कुछ भी हो सकते हैं, दयालु बनें।

विश्व दयालुता दिवस की शुरूआत साल 1998 में वर्ल्ड काइंडनेस मूवमेंट संगठन द्वारा की गई थी, जिसकी स्थापना 1997 के टोक्यो सम्मेलन में दुनिया



भर के दयालु संगठनों द्वारा की गई थी। यह कनाडा, जापान, ऑस्ट्रेलिया, नाइजीरिया और संयुक्त अरब अमीरात सहित कई देशों में मनाया जाता है। 2009 में, सिंगापुर ने पहली बार यह दिन मनाया इटली और भारत ने भी यह दिन मनाया। ब्रिटेन में विश्व दयालुता दिवस की सह-स्थापना 2010 में हुई, जब दया-संगठन के संस्थापक डेविड जेमिली ने माइकल लॉयड-व्हाइट के अनुरोध पर इस पहल को आगे बढ़ाया। माइकल ने न्यू साउथ वेल्स फेडरेशन ऑफ पैरेंट्स एंड सिटिजन्स एसोसिएशन को पत्र लिखकर एनएसडब्ल्यू शिक्षा मंत्री से इस दिन को स्कूल कैलेंडर में शामिल करने को कहा। इस सहयोग से ब्रिटेन में दया दिवस को आधिकारिक मान्यता मिली और हर साल 13नवंबर को मनाया जाने लगा। साथ ही यूनेस्को की एक संस्था, यूनेस्को- एमजीआईईपी, विश्व दयालुता दिवस को बढ़ावा देने में सक्रिय रही है, खासकर युवाओं को सामाजिक-भावनात्मक शिक्षा के माध्यम से दयालुता और सहानुभूति के लिए प्रशिक्षित करने पर ध्यान केंद्रित करके काम कर रही है।

इस दिन, प्रतिभागी, व्यक्तिगत रूप से या संगठनों के रूप में, अच्छे कार्यों का जश्न मनाकर, उन्हें बढ़ावा देकर और दयालुता के कार्यों का संकल्प लेकर दुनिया को एक बेहतर जगह बनाने का प्रयास करते हैं। दुर्भाग्य से, हम एक ऐसी दुनिया में रहते हैं जो तनाव, मानसिक स्वास्थ्य और मादक द्रव्यों के सेवन के प्रति कलंक, हिंसा और ढेर सारे दुखों से ग्रस्त है। विश्व दयालुता दिवस वर्ष में एक ऐसा दिन है जब व्यक्ति दयालुता का अभ्यास करने और दूसरों के लिए अच्छे कार्यों का प्रसार करने के लिए अपनी क्षमता से आगे बढ़ सकते हैं। अपने शब्दों और व्यवहार के माध्यम से जानबूझकर दयालुता का अभ्यास करना आपकी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बन सकता है। हमें अपने आचरण से अपनी अगली पीढ़ी को दयालु बनने की शिक्षा देनी चाहिए।

शोध से पता चला है कि दयालुता मनोवैज्ञानिक और आध्यात्मिक, दोनों स्तरों पर खुशी और संतुष्टि से गहराई से जुड़ी हुई है। दयालुता कृतज्ञता, करुणा, सहानुभूति और आपसी जुड़ाव को बढ़ावा देती है। दूसरों के प्रति दयालु होने से, दूसरों को भी दयालुता का बदला चुकाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। दयालुता का अभ्यास करने से दोस्ती और रिश्ते भी मजबूत होते हैं, और आपके अपने सौभाग्य के प्रति जागरूकता बढ़ सकती है। शोधकर्ता बारबरा फ्रेडरिकसन के अनुसार, दयालुता तनाव को कम करने, हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने और क्रोध, चिंता व अवसाद जैसी नकारात्मक भावनाओं को कम करने में भी मदद करती है।

दयालुता का मतलब यह नहीं है कि आपको पैसे खर्च करने पड़ें या मदद के लिए अपनी सीमा से बाहर जाना पड़े। दयालुता उन छोटे-छोटे कामों से भी हो सकती है जिनसे आप बिना समय निकाले दूसरों का बोझ हल्का कर सकें। ट्रैफि क में किसी को अपने आगे आने की अनुमति देना। बस, ट्रेन आदि पर बुजुर्गों, महिलाओ, बच्चों के लिए जगह छोड़ना, पड़ोसी से बात करने के लिए समय निकालना। अजनबियों और पड़ोसियों दोनों को नमस्ते कहना ह्लकृपयाह्व और ह्लधन्यवादह्व कहना। आसपास कूड़ा न फैलाना। किसी के लिए दरवाजा खुला रखना। किसी मित्र या अजनबी की अच्छी आदतों की प्रशंसा करना। अनावश्यक कपड़े और घरेलू सामान मुस्कुराते हुए दान करना। अपनी किराने का सामान खुद पैक करना। अपने समुदाय में किसी पशु आश्रय, नर्सिंग होम या इसी तरह के संगठन में स्वयंसेवा करें। किसी स्थानीय चैरिटी को दान देकर खुद एवं और लोगों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है, इस खास दिन हम संकल्प लें कि इस दुनिया को हम और भी सुन्दर, दयावान एवं करुणामयी बनाएंगे।

(लेखक पत्रकार हैं)

# सहजीवन की अवधारणा के विपरीत अव्यवहारिक है अदालत का फैसला



मनोज कुमार अग्रवाल

सदियों सहस्त्राब्दियों से इंसान और जीव पशु मवेशी सहजीवन जीते आए हैं। मानव ने अपनी ईश्वर प्रदत्त बौद्धिक क्षमता से पशुओं जीवों को अपने नियंत्रण में लेकर उनका उपयोग किया। सामान की आवाजाही से लेकर यात्रा परिवहन तक पशुओं पर आश्रित रहे कभी इंसान अपने भोजन को जुटाने के लिए शिकार के लिए कुत्तों का इस्तेमाल करते थे लेकिन समय के साथ साथ पशुओं के स्थान पर मशीनों का उपयोग विकसित हो गया। अब पशुओं जीवों की उपयोगिता कम हुयी तो अदालतें उनके लिए सीमाएं भी स्थापित करने लगी हैं।

हाल ही में देश में विभिन्न राज्यों में आवारा कुत्तों व अन्य मवेशियों की समस्या को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने जो फैसला दिया है, यह फैसला सार्वजनिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक व्यवस्था की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, लेकिन इसके साथ चुनौतियां, नैतिक वैज्ञानिक प्रश्न, कार्यान्वयन संबंधी रस्साकशी भी जुड़ी हुई हैं। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में आवारा कुत्तों और पशुओं से बढ़ते खतरे पर संज्ञान लेते हुए कई अहम दिशा-निर्देश जारी किए हैं। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, संदीप मेहता और एन.वी. अंजारिया की पीठ ने यह स्पष्ट किया कि शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों, रेलवे स्टेशनों, बस अड्डों और खेल परिसरों जैसे सार्वजनिक स्थलों में आवारा कुत्तों के प्रवेश पर रोक लगाना अनिवार्य है। साथ ही, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और राज्यों को आदेश दिया गया है कि राजमार्गों और एक्सप्रेसवे से आवारा मवेशियों और पशुओं को हटाया जाए। यह फैसला, एक ओर जहां नागरिक सुरक्षा और जनस्वास्थ्य की दृष्टि से स्वागत योग्य है, वहीं दूसरी ओर इसने पशुप्रेमियों और पशु-अधिकार संगठनों के बीच चिंता और असंतोष भी पैदा किया है। हालांकि देखा जाए तो आवारा कुत्तों-पशुओं से होने वाले हादसे, विशेष रूप से बच्चों पर हमले व रेबीज के बढ़ते मामलों ने सार्वजनिक स्वास्थ्य, शहरी प्रबंधन और पशु कल्याण की चुनौतियों को एक नए सिरे से उजागर किया है। इस पृष्ठभूमि में सुप्रीम कोर्ट द्वारा शुक्रवार को जारी सख्त निर्देशों का महत्व अनायास ही बढ़ गया है। इस आदेश का उद्देश्य निस्संदेह सराहनीय है। सार्वजनिक सुरक्षा चिंताओं को अनदेखा नहीं किया जा सकता, कब-किसने, किस स्थान पर, कितनी बार आवारा जानवरों ने मानवों पर हमला किया है, उन घटनाओं में बच्चों और बुजुर्गों का सुरक्षा-झुकाब पहले से ही अधिक रहा है। ऐसे में संवेदनशील स्थानों पर जानवरों को उपस्थिति न सिर्फ भय का कारण है, बल्कि गंभीर स्वास्थ्य जोखिम जैसे रेबीज का प्रसारण का भी जरिया बन सकती है। अगर देखा जाए तो पिछले कुछ वर्षों में देशभर में कुतों के काटने के मामलों में भयावह वृद्धि हुई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2024 में ही देशभर में लगभग 37 लाख से अधिक लोगों को कुत्तों ने काटा, जबकि रेबीज से हर वर्ष 18 से 20 हजार मौतें होती हैं। अकेले दिल्ली में पिछले वर्ष रेबीज से 54 लोगों की जान गई। ऐसे में यह स्पष्ट है कि यह केवल पशु अधिकार का नहीं, बल्कि सार्वजनिक सुरक्षा और स्वास्थ्य का गंभीर प्रश्न बन चुका है। शैक्षणिक संस्थानों और अस्पतालों में बढ़ते हमले न केवल बच्चों और बुजुर्गों के लिए भय का कारण बने हैं, बल्कि संस्थागत कार्यप्रणाली को भी बाधित कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट का यह निर्देश कि ऐसे परिसरों को आठ सप्ताह के भीतर डॉग-फ्री जोन बनाया जाए, इसी बढ़ते संकट का जवाब है। इस आदेश के विरोध में पशु-अधिकार कार्यकताओं और संगठनों ने भी मुखर प्रतिक्रिया दी है। बीजेपी सांसद और पशुप्रेमी मेनका गांधी ने इस फैसले को व्यवहारिक रूप से असंभव बताया है। उनका तर्क है कि यदि किसी शहर से 5000 कुत्तों को हटाया भी जाए, तो उन्हें रखा कहां जाएगा? देश में फिलहाल इतने आश्रय गृह नहीं हैं, और न ही उनके संचालन के लिए प्रशिक्षित जनशक्ति। पेटा इंडिया ने भी इसी तर्क के आधार पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश का विरोध किया है। उनका मानना है कि यह फैसला पशुओं के साथ क्रूरता को बढ़ावा देगा और कैच एंड कन्फाइन नीति लंबे समय में समाधान नहीं है। विशेषज्ञों की भी राय माने तो शेल्टर होम्स का निर्माण, संचालन, रख-रखाव संसाधन-गहन होगा। अनुमान है कि बड़े पैमाने पर कुत्तों को शेल्टर में स्थानांतरित करना भौतिक रूप से कठिन है। पशु कल्याण के दृष्टिकोण से यह स्पष्ट नहीं है कि क्या पर्याप्त शेल्टर लॉजिस्टिक तैयार हैं और वहां जाकर कुत्तों के स्वास्थ्य, देखभाल, मानदंड ठीक से बचे रहेंगे कि नहीं इस पर चिंताएं उठ रही हैं। जिसमेंपशु-भोजन, सामुदायिक देखभाल, पड़ोसियों द्वारा खिलाने-पानी देने आदि शामिल हैं, अपनी जड़ों में गहरी हैं। यदि इसे अचानक खत्म किया गया तो प्रतिरोध, हिंसा, अनुकूल व्यवहार में गिरावट संभावित है। इसलिए इस आदेश को मानव सुरक्षा बनाम पशु कल्याण की द्वंद्वात्मक विमर्श में देखा जा सकता है। दोनों ही दृष्टिकोण अपनी-अपनी जगह से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। यदि हम मानव जीवन, विशेष रूप से बच्चों की सुरक्षा को सर्वोपरि मानते हैं, तो निःसंदेह यह कदम जायज ठहरता है। लेकिन अगर हम पशुओं के अधिकार हक, उनकी सामाजिक पारिस्थितिकी तथा मानवीय सहयोग-व्यवस्थाओं को भी महत्व देते हैं, तो हमें यह देखना होगा कि समाधान सख्ती के साथ-साथ संयम और दीर्घकालीन रणनीति पर आधारित हो। मगर यह बात तय है कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को केवल पशुओं के खिलाफ कदम समझना भूल होगी। यह कदम मानव सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है। अदालत ने यह भी सुनिश्चित किया है कि जो भी कुत्ते पकड़े जाएं, उनका बंध्याकरण, टीकाकरण और देखभाल पशु जन्म नियंत्रण नियम, 2023 और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के अनुरूप ही किया जाए। इसका मतलब है कि अदालत ने हत्या या उन्मूलन नहीं, वल्कि प्रबंधन की दिशा में संतुलित दृष्टिकोण अपनाया है। परंतु इसके साथ यह भी सच है कि इस आदेश को लागू करने के लिए जिस प्रशासनिक, वित्तीय और तकनीकी तैयारी की जरूरत है, वह फिलहाल राज्यों के पास नहीं है। आवारा कुत्तों और मवेशियों की समस्या केवल प्रशासनिक विफलता का नतीजा नहीं, बल्कि मानव विस्तार की कीमत है। इंसानी बस्तियों के फैलाव ने जंगलों, चारागाहों और प्राकृतिक आवासों को सिकोड़ दिया है। इसके चलते न केवल वन्यजीव, बल्कि पालतू पशु भी विस्थापित हुए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### चुनाव में नेपाल को भारत से लेनी चाहिए मदद, पूर्व मंत्री मिनेंद्र रिजाल ने अंतरिम सरकार से किया आग्रह

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाली कांग्रेस के नेता और पूर्व मंत्री मिनेंद्र रिजाल ने देश की अंतरिम सरकार से आग्रह किया है कि वह आगामी मार्च 2026 के आम चुनाव के लिए भारत और अन्य मित्र देशों से सक्रिय रूप से रसद सहायता प्राप्त करे। वह बोले, मौजूदा चुनौतियों और सीमित संसाधनों को देखते हुए, सरकार को चुनावों के लिए रसद प्रबंधन में सहायता के लिए भारत जैसे पड़ोसी देशों से संपर्क करने में संकोच नहीं करना चाहिए। रिजाल ने कहा, हम अभी आदर्श समय में नहीं हैं, इसलिए आज हमारे पास जो कुछ है, उसे देखते हुए हमें रसद प्रबंधन में अपनी जरूरतों का आकलन बहुत सावधानी से करना होगा। उन्होंने कहा, भारत के साथ हमारी सीमा बहुत आसान, खुली और छिद्रपूर्ण है और सीमा के उत्तरी हिस्से की तुलना में भारत से रसद बहुत आसानी से लाई जा सकती है। इसलिए उनकी मदद, उनकी प्रतिबद्धता बहुत मददगार हो सकती है। नेपाली कांग्रेस के नेता मिनेंद्र रिजाल ने कहा, हमें भारत को यह भरोसा दिलाना होगा कि यह सरकार को फिर से संगठित करने के लिए एक निवेश है। यह निवेश शासन को फिर से संगठित करने और यह सुनिश्चित करने के लिए है कि चुनाव के बाद आने वाली नई सरकार को जनता का जनादेश मिले। वह बोले, जैसे-जैसे चुनावी तैयारियां तेज हो रही हैं, हमें अंतरराष्ट्रीय साख का इस्तेमाल करना चाहिए।

### जमैका के लिए राहत सामग्री ले जा रहा छोटा विमान फ्लोरिडा के पड़ोस में दुर्घटनाग्रस्त, 2 की मौत

**किंग्स्टन, एजेंसी।** जमैका के लिए तूफान राहत सामग्री ले जा रहा छोटा विमान फ्लोरिडा के पड़ोस में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। बताया जा रहा है कि तूफान राहत मिशन पर जमैका जा रहा एक छोटा टर्बोप्रॉप विमान सोमवार सुबह उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद फोर्ट लॉडरडेल उपनगर कोरल स्प्रिंग्स के एक आवासीय क्षेत्र में एक तालाब में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। एक अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि बचाव अभियान के दौरान किसी भी पीड़ित का पता नहीं चल पाया और उन्होंने कहा कि तलाशी अभियान अब एक राहत अभियान बन गया है। विमान में कितने लोग सवार थे, यह तुरंत पता नहीं चल पाया है। स्थानीय मीडिया के एरियल टीवी फुटेज में उस तालाब के पास एक घर के पिछवाड़े में टूटी हुई बाड़ दिखाई दे रही है, जहां विमान गिरा था।

### अमेरिका ने ड्रग्स ले जा रहे नावों पर हवाई हमला किया, 6 लोगों की मौत

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका ने रविवार को पूर्वी प्रशांत महासागर में दो संदिग्ध नावों पर हवाई हमला किया। अमेरिका के रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने बताया कि ये नाव ड्रग्स लेकर जा रहे थे। इसमें 6 लोग मारे गए हैं। यह हमला राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नार्को-आतंकवादियों के खिलाफ मुहिम का हिस्सा है। हेगसेथ ने एक्स पर पोस्ट किया कि ट्रम्प के आदेश पर नावों पर हमले हुए। ये नावें आतंकवादी संगठनों से जुड़ी थीं और कोकीन तस्करी कर रही थीं। ट्रम्प प्रशासन ने सितंबर से अब तक 19 हमले किए हैं, जिसमें कम से कम 75 लोग मारे गए है। मुहिम कैरेबियन से शुरू होकर पूर्वी प्रशांत में पहुंच गई है। अमेरिका ने इलाके में नौसेना और एयरक्राफ्ट तैनात किए हैं। ट्रम्प इसे कार्टेल्स के खिलाफ युद्ध बताते रहे हैं, जो अमेरिकी शहरों में ड्रग्स और हिंसा फैलाते हैं।

### चीनी राजनयिक ने जापानी प्रधानमंत्री को गर्दन काटने की धमकी दी

**टोक्यो , एजेंसी।** जापान ने सोमवार को चीन के एक राजनयिक की ऑनलाइन धमकी पर कड़ा विरोध दर्ज कराया। धमकी में सिर काटने की बात कही गई थी। यह जापान की नई प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची के ताइवान पर बयान के बाद आई। चीनी राजनयिक शुए जियान ने शनिवार को एक्स पर कहा था, बिना किसी हिचकिचाहट बेकार गर्दन को एक सेकेंड गंवाए काट दूंगा। हालांकि पोस्ट में प्रधानमंत्री का नाम नहीं लिया गया, लेकिन ताकाइची के संसद में दिए बयान का हवाला दिया गया। यह पोस्ट अब हटा दी गई है। शुक्रवार को संसद में ताकाइची ने कहा था कि ताइवान पर हमला होने पर जापान आत्मरक्षा के तहत सेना भेज सकता है। उन्होंने कहा, ताइवान में जंग की स्थिति जापान के लिए खतरा होगी। धमकी के बाद भी सोमवार को संसद में ताकाइची ने अपना बयान वापस लेने से इनकार किया।



# अमेरिका-भारत संबंध मजबूत करेंगे सर्जियो गोर; ट्रंप बोले- भारत के साथ रिश्ता सबसे महत्वपूर्ण

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि वे अपने करीबी सहयोगी सर्जियो गोर को भारत में नया राजदूत नियुक्त कर रहे हैं, ताकि अमेरिका और भारत के बीच संबंधों को और मजबूत किया जा सके। उन्होंने इस पद को बड़ा और अहम दायित्व बताते हुए कहा कि गोर अब हमारे देश के सबसे महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय रिश्ते को सशक्त बनाने का काम करेंगे।



**व्हाइट हाउस में हुआ शपथ ग्रहण समारोह :** उप राष्ट्रपति जे.डी. वेंस ने व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में आयोजित एक विशेष समारोह में सर्जियो गोर को शपथ दिलाई। इस मौके पर ट्रंप के साथ विदेश मंत्री मार्को रुबियो, ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट, अटॉर्नी जनरल पैम बॉन्डी और कई शीर्ष अधिकारी मौजूद रहे।

**भारत के साथ हमारे अहम संबंधों को और मजबूत करेंगे :** गोर के शपथ ग्रहण पर उपस्थित सभी लोगों ने तालियों और खुशी के साथ उनका स्वागत किया। ट्रंप ने गोर से हाथ मिलाते हुए कहा मैं सर्जियो पर भरोसा करता हूं कि वह भारत के साथ हमारे देश के सबसे अहम संबंधों को और मजबूत करेंगे। यह वास्तव में एक बड़ा काम है।

**जीवन का सबसे बड़ा सम्मान है यह जिम्मेदारी- सर्जियो गोर :** शपथ ग्रहण के बाद सर्जियो गोर ने कहा कि यह उनके जीवन का सबसे बड़ा सम्मान है। उन्होंने कहा मैं अमेरिका और भारत के बीच रिश्तों को और बेहतर बनाने के लिए पूरी लगन से काम करूंगा। गोर ने ट्रंप को धन्यवाद देते हुए कहा आपके नेतृत्व में जो उपलब्धियां हुई हैं, वे ऐतिहासिक हैं। मैं आपके साथ काम करके गर्व महसूस करता हूं और आगे भी हमेशा आपके साथ रहूंगा।

**ट्रंप बोले- भारत दुनिया की सबसे पुरानी सभ्यताओं में से एक :** ट्रंप ने भारत की सराहना करते हुए कहा भारत दुनिया की सबसे पुरानी सभ्यताओं में से एक है और अब यह दुनिया का सबसे बड़ा देश भी है, जिसकी आबादी 1.5 अरब से अधिक है। उन्होंने आगे कहा सर्जियो इस भूमिका में शानदार काम करेंगे। भारत के राजदूत का पद बेहद महत्वपूर्ण है।

**ट्रंप के करीबी और भरोसेमंद सहयोगी हैं गोर :** सर्जियो गोर, ट्रंप प्रशासन में प्रेसिडेंशियल पर्सनल डायरेक्टर रह चुके हैं। अगस्त में ट्रंप ने उन्हें भारत में राजदूत और दक्षिण व मध्य एशिया के लिए विशेष दूत नियुक्त किया था। उन्होंने ट्रंप के राष्ट्रपति चुनाव अभियान में भी अहम भूमिका निभाई थी। सेनेट ने अक्तूबर में गोर की नियुक्ति को मंजूरी दी थी।

**भारत के लिए क्या बोले गोर :** अपने सेनेट कन्फर्मेशन हियरिंग के दौरान गोर ने कहा था कि भारत अमेरिका का रणनीतिक साझेदार है और आने वाले समय में उसकी भूमिका पूरे क्षेत्र और विश्व को प्रभावित करेगी। उन्होंने कहा था कि भारत के साथ व्यापारिक संबंध मजबूत करने से अमेरिका की प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और चीन के आर्थिक दबदबे को कम करने में मदद मिलेगी।

**भारत-अमेरिका रिश्तों में नई शुरुआत :** हाल के महीनों में भारत और अमेरिका के बीच संबंध व्यापारिक शुल्क और ऊर्जा नीति को लेकर तनाव में रहे हैं। ट्रंप प्रशासन ने भारत पर 50% तक टैरिफ लगाया था, जिसमें रूसी तेल की खरीद पर 25% शुल्क भी शामिल था। भारत ने इसे अनुचित और एकतरफा निर्णय बताया था, हालांकि उसने यह भी कहा कि उसकी ऊर्जा नीति राष्ट्रीय हित पर आधारित है।

## सीमा पार से आतंकवाद और अवैध हथियारों की तस्करी के पीड़ित, भारत ने बिना नाम लिए पाकिस्तान को घेरा



**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सख्त लहजे में कहा कि देश लंबे समय से सीमा पार से आने वाले आतंकवाद और अवैध हथियारों की तस्करी का शिकार रहा है। भारत ने बिना नाम लिए पाकिस्तान पर हमला करते हुए कहा कि अब ड्रोन के जरिए भी हथियार भारत में भेजे जा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वथानेनी हरीश ने 'स्मॉल आर्म्स' पर खुले विचार-विमर्श के दौरान कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को ऐसे हथियारों की आवाजाही और इस्तेमाल को बढ़ावा देने वालों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति अपनानी चाहिए।

हरीश ने कहा भारत ने कई दशकों तक आतंकवाद की भयावहता झेली है। छोटे हथियारों और गोला-बारूद की अवैध तस्करी और आतंकवादी संगठनों तक इसकी पहुँच बेहद चिंता का विषय है।

**संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से भारत की मांग :** भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से आग्रह किया कि वह आतंकवादियों और सशस्त्र समूहों को हथियार पहुंचाने वालों के खिलाफ कठोर और समन्वित कदम उठाए। हरीश ने कहा सुरक्षा परिषद को आतंकवाद के किसी भी रूप या उसे समर्थन देने वालों के प्रति सहिष्णुता नहीं दिखानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि हथियार प्रतिबंध संघर्ष क्षेत्रों में हथियारों के प्रवाह को रोकने का एक प्रभावी तरीका है, लेकिन इसे निष्पक्ष और सख्ती से लागू किया जाना चाहिए।

**अंतरराष्ट्रीय सहयोग की जरूरत :** भारत ने कहा कि छोटे हथियारों और हल्के हथियारों की तस्करी न केवल सुरक्षा बल्कि विकास और मानवीय पहलुओं को भी प्रभावित करती है। हरीश ने कहा कि इन पर नियंत्रण के लिए देशों को मिलकर काम करना होगा, जिससे सीमा सुरक्षा, खुफिया साझेदारी और सूचना आदान-प्रदान को मजबूत किया जा सके। उन्होंने बताया कि भारत में यूएन प्रोग्राम ऑफ एक्शन (पीओए) और इंटरनेशनल ट्रेसिंग इंस्ट्रूमेंट (आईटीआई) को सक्रिय रूप से सहयोग के रूप में लागू किया जा रहा है।

## पाकिस्तान, रूस में घुसकर डिफेंस टेक्नीक चुराने की कर रहा था कोशिश; भंडाफोड़

**मास्को, एजेंसी।** बीते मई महीने में जंग के मैदान में भारत के हाथों बुरी तरह पिटने वाला पाकिस्तान अब चोरी पर उतर आया है। अपने एयर डिफेंस सिस्टम्स की नाकामी के बाद पाकिस्तान रूस में घुसकर डिफेंस टेक्नीक चुराने की कोशिश कर रहा था। हाल ही में सामने आई एक रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक रूस ने बीते दिनों पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (ढ्ढस्ढ्ढ) द्वारा चलाए जा रहे एक जासूसी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। यह नेटवर्क रूस से वायु रक्षा प्रणालियों की तकनीक की तस्करी करने की कोशिश कर रहा था।

इकोनॉमिक टाइम्स की एक रिपोर्ट में इस मामले से परिचित लोगों के हवाले से बताया गया कि रूस में एक अभियान के तहत सेंट पीटर्सबर्ग में एक रूसी नागरिक को कुछ खुफिया दस्तावेजों की तस्करी करते गिरफ्तार किया गया। इन दस्तावेजों में सैन्य हेलीकॉप्टर की तकनीक और एयर डिफेंस सिस्टम डेवलप करने के लिए इस्तेमाल होने वाले दस्तावेजों से संबंधित कई जानकारियां शामिल थीं। ढ्ढस्ढ्ढ कथित तौर पर रूस द्वारा निर्मित एडवांस्ड वायु रक्षा प्रणालियों से जुड़ी तकनीक की तस्करी करने की कोशिश कर रही थी। गौरतलब है कि रूस में पाकिस्तान की इस करतूत का खुलासा ऑपरेशन सिंदूर के कुछ महीने बाद हुआ है। ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद पाकिस्तान के खिलाफ बनी युद्ध जैसी स्थिति में भारत ने स्वदेशी वायु रक्षा प्रणालियों के साथ रूस में बनी स्400 एयर डिफेंस सिस्टम की मदद से पाकिस्तान की हालत पतली कर दी थी। पाकिस्तान के कायराना हमलों को इन डिफेंस सिस्टम्स ने पूरी तरह नाकाम कर दिया था। ऐसे में अब पाकिस्तान इन तकनीकों की चोरी पर उतर आया।

## नेपाल में फिर भड़की हिंसा: मधेश सीएम के शपथ ग्रहण का विरोध, कार्यालय में तोड़फोड़; प्रांतीय प्रमुख बर्खास्त

**काठमांडू, एजेंसी।** जेन-जी के विरोध प्रदर्शन से उबर रहे नेपाल में अब मधेस में हिंसा भड़क गई है। जनकपुरधाम स्थित मधेश के मुख्यमंत्री के ऑफिस में जमकर तोड़फोड़ हुई। भारत से सटे मधेश प्रांत में सीपीएन-यूएमएल संसदीय दल के नेता सरोज कुमार यादव को मुख्यमंत्री बनाए जाने के बाद तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। मौजूदा राजनीतिक घटनाक्रम के बाद नेपाल सरकार ने प्रांतीय प्रमुख सुमित्रा सुवेदी भंडारी को उनके पद से हटा दिया है। दरअसल, एलएसपी नेता जितेंद्र सोनल को अनुच्छेद 168 (2) के तहत नियुक्त किया गया था, लेकिन वह 8 नवंबर को विश्वास मत हासिल करने में विफल रहे थे। ऐसे में सरोज कुमार यादव की नियुक्ति की गई। प्रांतीय प्रमुख सुमित्रा सुबेदी भंडारी ने महोत्तरी में बर्दीबास के एक होटल से सोमवार



तड़के 4 बजे यादव को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई। हालांकि नियुक्ति पत्र रविवार की तारीख में जारी किया गया। इतना ही नहीं, केपी शर्मा ओली के प्रधानमंत्रित्व काल में प्रांत प्रमुख नियुक्त की गई सुमित्रा ने नेपाली कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन की दावेदारी को नजरअंदाज कर दिया।

नेपाली कांग्रेस समेत सात दलों ने सरकार गठन के लिए भंडारी को औपचारिक सूचना दी थी लेकिन वह बीमारी का हवाला देते हुए काठमांडो चली गई थीं। हालांकि इसी दौरान, उन्होंने होटल से ही सरोज यादव को मुख्यमंत्री नियुक्त करने का पत्र जारी कर दिया और उन्हें शपथ भी दिला दी। इसके बाद नेपां, जेएसपी और लोसपा कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए। प्रदर्शनकारियों ने तोड़फोड़ की, टायर जलाए और सड़कें जाम कर दीं। मुख्यमंत्री के चैंबर में फर्नीचर व संपत्ति को क्षति पहुंचाई।

धोखे से की गई सरोज यादव की नियुक्ति : जितेंद्र सोनल एक दिन पहले ही इस्तीफा देने वाले पूर्व मुख्यमंत्री जितेंद्र सोनल ने भंडारी पर आरोप लगाया कि उन्होंने काठमांडो में मेडिकल उपचार के लिए जाने का नाटक कर चुपके से सरोज यादव को नियुक्त कर मधेश के लोगों के साथ धोखा किया है। यूएमएल गठबंधन से अलग होने के बाद माओवादी सेंटर और मधेश आधारित पार्टियों के साथ मिलकर नई सरकार बनाने की तैयारी कर रही नेपाली कांग्रेस ने भी अपनी नाराजगी जाहिर की है। पार्टी महासचिव विश्व प्रकाश शर्मा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि मधेस प्रांत में जो हुआ वह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। यह राजनीति विरोधी कदम सिर्फ संघवाद के प्रति लोगों की निराशा को और बढ़ाएगी। राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) ने भी कहा कि जब आर्टिकल 168 (2) के तहत सरकार बन सकती थी, तब भी यह नाटक किया गया। हम उम्मीद करते हैं कि न्यायपालिका इसे ठीक करेगी।

## खूंखार अपराधियों का तांडव, इक्वाडोर की जेल में फांसी पर लटके मिले दर्जनों कैदी

**इक्वाडोर, एजेंसी।** दक्षिण अमेरिका के इक्वाडोर में एक बेहद खतरनाक घटना सामने आई है। यहां की मचला जेल में दंगों के बाद कम से कम 31 कैदी फांसी पर लटके पाए गए। जेल के अधिकारियोंका कहना कहना है कि चार कैदियों को गोली मार दी गई थी। बाकी कैदियों को फांसी पर लटकाकर या फिर गला घोंटकर मार दिया गया। इक्वाडोर के गृह मंत्री ने बताया कि शाम को करीब 6 बजे कैदियों के शव लटके हुए पाए गए थे। विरोधी गैंग ने उन्हें मारकर लटका दिया। उन्होंने कहा कि इस जेल में करीब 1000 कैदी थे। इस घटना के बाद देश में आपातकाल की घोषणा कर दी गई है।



**क्यों हुआ था दंगा :** रिपोर्ट्स के मुताबिक ड्रग्स स्मग्लिंग के सरगनाओं की जेल बदलने को लेकर यह दंगा हुआ था। जेल में बंद कैदियों के गैंग का कहना था कि उन्हें ट्रांसफर ना किया जाए। वहीं सरकार ने गुयाकिल की जेल में उन्हें ट्रांसफर करने का फैसला किया था। गृह मंत्री ने बताया कि अब तक 300 खूंखार कैदियों को नई जेल में शिफ्ट किया जा चुका है। बता दें कि इक्वाडोर की इस जेल में अकसर दंगे होते हैं। 2020 से अब तक कम से कम 500 कैदी इस जेल में मारे जा चुके हैं। इक्वाडोर की गिनती दुनिया के बेहद खतरनाक देशों में होती है। राष्ट्रपति डैनियल नोबोआ ने कई संगठनों को आतंकी संगठन घोषित किया है और कई अपराधियों को प्रत्यर्पित किया है। ऐसे में ये संगठन और भी हिंसक हो गए हैं। बता दें कि अप्रैल में ही इक्वाडोर में चुनाव करवाए गए थे। नोबोआ ने अपने प्रतिद्विंद्वी लुइसा गोंजालेज को हराया था। उनके बीच मतों का अंतर भी बेहद कम था। चुनाव के दौरान भी हिंसा की खबरें सामने आई हैं। इक्वाडोर में रोजगार और अपराध बड़ी समस्या बने हुई है। नोबोआ एक दक्षिणपंथी नेता हैं। वह कानून व्यवस्था को लेकर कड़े फैसलों के लिए जाने जाते हैं।

## वायरल टिकटॉकर को बीच चौराहे गोलियों से भूना, जिहादियों ने लाइव स्ट्रीमिंग के समय किया था अगवा



**बामको, एजेंसी।** माली में एक युवा टिकटॉकर की सरेआम हत्या ने पूरी दुनिया में सनसनी मचा दी है। जानकारी के मुताबिक आंतरिक संघर्षों से जूझ रहे माली में हाल ही में मारियम सिसे नाम की सोशल मीडिया स्टार की किडनैपिंग के बाद सार्वजनिक रूप से हत्या कर दी गई। कथित तौर पर यह हत्या जिहादी समूहों ने की। रिपोर्ट्स में बताया गया है कि मारियम पर आरोप था कि वह माली की सेना की मदद करती है। इस घटना से पूरा देश में सहम उठा है। बता दें कि माली 2012 से जिहादी हिंसा का सामना कर रहा है।

पीड़ित मारियम सिसे के टिकटॉक पर एक लाख से ज्यादा फॉलोअर थे। वह अक्सर अपने इलाके की जिंदगी के वीडियो शेयर करती थी और कई बार सेना के समर्थन में भी पोस्ट करती थी। उसके परिवार के मुताबिक बीते गुरुवार को जिहादियों ने उसे यह कहते हुए पकड़ लिया कि वह सेना को उनकी गतिविधियों की जानकारी दे रही है। उसके भाई ने बताया कि मारियम उस समय शहर के बाजार में लाइव-स्ट्रीम कर रही थी, तभी उसे उठा लिया गया।

अगले दिन मारियम को मोटरसाइकिल से टोंका लाया गया। यहां चौराहे पर उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई। उसी समय उसका भाई भी वहां मौजूद भीड़ में था। एक सुरक्षा सूत्र ने बताया कि जिहादियों ने आरोप लगाया कि मारियम ने उनका वीडियो बनाकर सेना को भेजा था।

माली मे बिगड़े हालात

यह घटना ऐसे समय हुई है जब देश की सैन्य सरकार जिहादी हिंसा को रोकने में संघर्ष कर रही है। हाल के हफ्तों में अल-कायदा से जुड़े समूह जेएनआईएम ने ईंधन आपूर्ति पर रोक लगा दी है, जिससे आम लोगों की जिंदगी पर बड़ा असर पड़ा है। इस बीच अफ्रीकी संघ आयोग के अध्यक्ष महमूद अली यूसुफ ने हाल ही में एक बयान में कहा कि हालात तेजी से बिगड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिहादी समूहों की वजह से जरूरी सामान की आपूर्ति बाधित हो रही है और आम लोगों के लिए हालात बहुत कठिन हो गए हैं। उन्होंने निर्दोष नागरिकों पर हमलों की निंदा की है और कहा है कि अफ्रीकी संघ माली और पूरे साहेल क्षेत्र की मदद के लिए हमेशा तैयार है।

## शेख हसीना ने दिल्ली लाल किला ब्लास्ट की कड़ी निंदा की, आतंकवाद को मानवता का दुश्मन बताया

**ढाका , एजेंसी।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए भीषण हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने इसे किसी भी परिस्थिति में अस्वीकार्य बताया। हसीना की यह टिप्पणी सोमवार शाम दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास खड़ी कार में हुए विस्फोट के बाद आई है। विस्फोट में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए हैं। विस्फोट के प्रभाव से आस-पास के कई वाहन आग की चपेट में आ गए और आसपास की स्ट्रीट लाइटें और खड़ी कारें क्षतिग्रस्त हो गईं। हसीना ने निर्दोष लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की, साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। हसीना द्वारा जारी एक बयान में कहा गया, आधुनिक दुनिया में चरमपंथी आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं है। ये चरमपंथी आतंकवादी समूह एक धर्मनिरपेक्ष, मानवीय और कल्याणकारी राज्य की नींव पर प्रहार करते हैं। पाकिस्तान में जड़ें जमाए ये आतंकवादी समूह बांग्लादेश सहित विभिन्न देशों में अपने नेटवर्क में घुसपैठ कर चुके हैं और क्षेत्रीय शांति और स्थिरता को कमजोर करने के लिए भारत में हमले कर रहे हैं। यह बयान अवामी लीग के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किया गया था। उन्होंने आगे कहा, हमें इन आतंकवादियों का विरोध करना चाहिए और लोगों के बीच संबंध मजबूत करके दक्षिण एशिया में शांति और स्थिरता बनाए रखनी चाहिए। बांग्लादेश अवामी लीग आतंकवाद के खिलाफ इस सैद्धांतिक संघर्ष में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना पूरा समर्थन देती है। हसीना ने इस बात पर जोर दिया कि मानवता के खिलाफ ऐसे जघन्य अपराधों के लिए आज की सभ्य दुनिया में कोई जगह नहीं है और न ही वे माफी के हकदार हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि आतंकवाद की जड़ें जहां कहीं भी हों, उन्हें



जड़ से मिटा दिया जाना चाहिए। हसीना ने कहा, बांग्लादेश और अन्य जगहों पर इन आतंकवादी समूहों का समर्थन करने वाले लोग मानवता के दुश्मन हैं और हम उनकी कड़ी निंदा भी करते हैं। उन्होंने भारत के लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त की और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में हर संभव सहयोग का वादा किया। हसीना ने कहा, हम आतंकवाद और उग्रवाद के खिलाफ अपने रुख पर अडिग हैं। हमारा मानना है कि इन आतंकवादी समूहों की हार से न्याय और मानवाधिकारों की रक्षा होगी और दुनिया सुरक्षित बनेगी।

## इंडोनेशिया में पूर्व तानाशाह को राष्ट्रनायक का दर्जा

**जकार्ता, एजेंसी।** इंडोनेशिया ने सोमवार को अपने पूर्व तानाशाह सुहार्तो को राष्ट्रीय नायक घोषित किया। इससे मानवाधिकार संगठनों में भारी आक्रोश फैल गया। संगठनों ने आरोप लगाया कि सरकार इस कदम से सुहार्तो के शासनकाल के दौरान हुए मानवाधिकार हनन और भ्रष्टाचार को सफेद करने की कोशिश कर रही है। सुहार्तो 32 वर्षों तक सत्ता में रहें। इस दौरान लाखों राजनीतिक विरोधियों की हत्या की गई थी। इसके बावजूद उन्हें राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय नायक दिवस पर सम्मानित किया। संस्कृति मंत्री फदली जोन ने कहा कि सुहार्तो ने डच औपनिवेशिक शासन से स्वतंत्रता की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और गरीबी व मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में योगदान दिया था। उन्होंने भ्रष्टाचार और मानवाधिकार हनन के आरोपों को निराधार बताया। राष्ट्रपति प्रबोवो, जो कभी सुहार्तो के दामाद थे, समारोह के बाद चुप रहे। मानवाधिकार समूहों का कहना है कि यह फैसला तानाशाही शासन को वैध ठहराने की कोशिश है।

जानकारी

# बच्चों को दूसरी महिला से स्तनपान कराना कितना सुरक्षित?

## खतरनाक नहीं, लेकिन सुरक्षा भी जरूरी

कई महिलाएं होती हैं, जिनके स्तनों में बच्चे के जन्म के बाद भी दूध नहीं आता। ऐसे में कई बार सवाल आता है कि क्या कोई दूसरी महिला किसी के बच्चे को स्तनपान करा सकती है?

दूसरे के बच्चे को ब्रेस्टफीडिंग कराना वेट-नर्सिंग कहलाता है, लेकिन क्या यह बच्चे के लिए सुरक्षित है। हालांकि यह स्थिति तब बनती है जबकि बच्चे के जन्म के बाद महिलाओं के स्तनों में दूध नहीं आता या बहुत कम दूध आतो है, जो बच्चे के लिए पर्याप्त नहीं होता। हर शिशु के लिए मां का दूध शुरुआती समय में एक संपूर्ण आहार माना जाता है, लेकिन, ऐसी कई महिलाएं होती हैं जिनके स्तनों में बच्चे के जन्म के बाद भी दूध नहीं आता। ऐसे में कई बार सवाल आता है कि क्या कोई दूसरी महिला किसी के बच्चे को स्तनपान करा सकती है? आपको बता दें कि दूसरे के बच्चे को ब्रेस्टफीडिंग कराना वेट-नर्सिंग कहलाता है, लेकिन क्या यह बच्चे के लिए सुरक्षित है। आपने अपनी दादी या नानी से भी इसके बारे में सुना ही होगा कि उन्होंने घर या रिश्तेदारों में किसी और के बच्चे को अपना स्तनपान करवाया है और दोनों ही पूरी तरह से स्वस्थ हैं। अगर आपके स्तनों में दूध की मात्रा बहुत ही कम बनती है या दूध होता ही नहीं है, तो ऐसी स्थिति में वेट-नर्सिंग की मदद ले सकते हैं।



### कितना सुरक्षित है वेट-नर्सिंग?

विशेषज्ञों की मानें, तो किसी और के बच्चे को ब्रेस्टफीडिंग करवाना खतरनाक नहीं है, लेकिन, यह पूरी तरह से सुरक्षित भी नहीं है। यह बच्चे के लिए कितना सुरक्षित है, यह स्तनपान करवाने वाली महिला के स्वास्थ्य पर निर्भर करता है। बहुत-सी कामकाजी महिलाएं आज के समय में एक-दूसरे के बच्चे को ब्रेस्टफीडिंग कराती हैं। कई मामलों में यह पूरी तरह से सुरक्षित पाया गया है, लेकिन कुछ हालातों में किसी और से अपने बच्चे को ब्रेस्टफीडिंग करवाने से बचना चाहिए।

### इन बातों का रखें ध्यान

अगर स्तनपान कराने वाली महिला गंभीर बीमारी की मरीज हो, जैसे: एचआईवी, कैंसर या दूसरी कोई स्वास्थ्य संबंधी समस्या तो यह बच्चे के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। अगर महिला किसी तरह के नशीले पदार्थों का सेवन करती हों, जैसे शराब, सिगरेट आदि। अगर महिला नियमित तौर पर किसी तरह के दवा की आदी हो।



नहाकर आप हमेशा ही फ्रेश फील करते हैं पर क्या आप भरोसा करेंगे कि नहाने के कुछ नुकसान भी हैं। नहीं न! तो आइए हम आपको बताते हैं नहाते वक्त ऐसी कौन सी चीजें न करें, जिससे आपके शरीर या त्वचा को कोई नुकसान पहुंचे।

# ठंड में नहाते समय 5 गलतियां खराब कर सकती है आपकी त्वचा और बाल

आपको हर दिन नहाने की जरूरत है, लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि क्या कभी हर दिन नहाना भी आपके लिए नुकसानदायक हो सकता है? हो सकता है कि नहाने के कारण भी आपकी त्वचा को नुकसान पहुंच रहे हो। आपको न पता हो पर नहाते वक्त आपकी त्वचा के नेचुरल ऑयल भी पानी के साथ बह जाते हैं। इसके अलावा बहुत देर तक गर्म और ठंडे पानी से नहाने के भी अपको नुकसान होते हैं। इसके लिए जरूरी है हम कुछ चीजों को नहाते वक्त करने से बचें। आइए हम आपको बताते हैं इन्हीं कुछ चीजों को बारे में।

### गर्म पानी से न नहाएं

हमें न तो बहुत गर्म पानी से नहाना चाहिए, न ही बहुत ठंडे पानी से, क्योंकि इसके कारण आपके शरीर को कुछ नुकसान भी हो सकते हैं तो कोशिश करें कि हमेशा ही गुनगुने पानी से नहाएं, जिसका तापमान बैलेंस हो। पर कुछ लोग ज्यादा आराम पाने के लिए गर्म पानी से नहाते हैं, लेकिन इससे आपकी त्वचा को नुकसान हो सकता है। दरअसल गर्म पानी आपकी त्वचा से प्राकृतिक तेलों को निकाल सकता है। गर्म पानी की वजह से भी आपकी त्वचा खुजली और सूखी हो सकती है। यदि आप ठंडे स्थान पर भी रहते हैं, तो सुनिश्चित करें कि पानी का तापमान नहाते वक्त ज्यादा न हो, जिससे आपकी त्वचा के नेचुरूल ऑयल बने रहे।

### बहुत लंबे समय तक नहाने से बचें

शॉवर में 30 मिनट बिताना आपके लिए आकर्षक हो सकता है, लेकिन आपकी त्वचा के लिए यह हानिकारक हो सकता है। यह आपकी त्वचा से नेचुरल लिपिड को हटा सकता है, जो त्वचा को नम रखने के लिए पानी को त्वचा में बांधकर रखने में मदद करते हैं। इसलिए कोशिश करें कि शॉवर में 10 मिनट से ज्यादा न बिताएं। साथ ही बाल्टी के पानी से धीरे-धीरे नहाएं। इससे आपकी त्वचा पर सीधे पानी की धार नहीं पड़ेगी और त्वचा एक दम से ठंडी और गर्मी के लिए सेंस्टिव भी नहीं होगा।

### बहुत ज्यादा सुगंध वाले साबुन के इस्तेमाल से बचें

सुगंध वाले साबुन में ऐसी सामग्री भी होती है, जो आपकी त्वचा से नमी को छीन सकती है। वे त्वचा में अत्यधिक सूखापन पैदा कर सकते हैं। अक्सर साबुनों में पैराबिन्स, सिंथेटिक रंग, सुगंध, सोडियम लॉरिल सल्फेट और फॉर्मलाडेहाइड शामिल होते हैं, जिससे शरीर की त्वचा पर अलग-अलग तरीकों से नुकसान पहुंचता है। कुछ लोगों को तो इन साबुनों से इंफेक्शन भी हो जाता है। ऐसे में कोशिश करें कि बिना सुगंध वाले और मिल्क प्रोटीन वाले साबुनों का इस्तेमाल करें। अगर आप साबुन से नहाकर अपने पसीने की बदबू को हटाना चाहते हैं, तो आप नहाते वक्त पानी में इत्र डाल सकते हैं। इसके अलावा आप साबुन लगाने के बाद एक बार नहाकर कोई सुगंधित तेल लगा लें और फिर नहा लें। इससे आपके शरीर की त्वचा सुगंधित भी रहेगी और मॉइश्चराइज भी।

### नहाने के बाद शरीर को अच्छे से सुखाएं

कुछ लोग नहाने के बाद शरीर को बिना अच्छे से सुखाए ही कपड़े पहन लेते हैं। ऐसे में शरीर में लगे हुए पानी के कण बाद में दाद और खुजली का कारण भी बन सकते हैं। इसके साथ ही सुनिश्चित करें कि आप साबुन और अन्य उत्पादों को अच्छी तरह से धोकर नहाएं। इससे आपके त्वचा के पोर्स भी ब्लाक हो सकते हैं, जिससे मुंह पर मुंहासे होने की संभावना बढ़ जाती है। इसके लिए मुंहासों को रोकने के लिए अपने बालों को अच्छी तरह से साफ करें।

### गीले तौलिए से शरीर न पोंछे

कोशिश करें कि नहाने के बाद सूती कपड़े से शरीर को पोंछे। दरअसल सूती तौलिया शरीर के पानी को अच्छे से पोंछता है और साफ कर देता है। साथ में कोशिश यह भी करें कि नहाने के बाद शरीर को गीले तौलिए से न पोंछे। इससे स्किन इंफेक्शन्स हो सकते हैं। इससे आप दाद-खाज और खुजली से हमेशा बचे रह सकते हैं।




सेहत

# वैज्ञानिकों ने बताया भारतीयों में क्यों छोटा होता है दिमाग

## छोटा दिमाग होने का है फायदा

भारतीयों में पश्चिमी व पूर्वी देशों की तुलना में छोटा दिमाग होता है, इस बात का खुलासा हाल में हुए एक अध्ययन में किया गया। शोधकर्ताओं ने पहली बार भारतीय ब्रेन एटलस बनाया है, जिसमें कि अध्ययन से पता चला है कि पश्चिमी और अन्य पूर्वी देश की आबादी की तुलना में भारतीय मस्तिष्क, औसतन, ऊंचाई, चौड़ाई और मात्रा में छोटा है, लेकिन इसमें कोई बुरा मानने या नुकसान वाली कोई बात नहीं है, बल्कि फायदा है। जी हां शोधकर्ताओं ने बताया कि छोटा दिमाग, अल्जाइमर यानि भूलने की बीमारी और मस्तिष्क संबंधी अन्य बीमारियों के जल्दी ठीक करने में मदद मिलती है। यह शोध 'जर्नल न्यूरोलॉजी इंडिया' में प्रकाशित हुआ है। सेंटर फॉर विजुअल इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के जयंती शिवस्वामी, जिन्होंने इस प्रोजेक्ट पर काम किया ने कहा कि मॉन्ट्रियल न्यूरोलॉजिकल इंस्टीट्यूट (MNI) टेम्पलेट, जो मानक के रूप में उपयोग किया जाता है, उसे कोकेशियान ब्रेन का उपयोग करके बनाया गया था। शोधकर्ताओं के अनुसार, यह भारतीय आबादी में मस्तिष्क के अंतर का विश्लेषण करने के लिए आदर्श नहीं है, क्योंकि भारतीयों का दिमाग टेम्पलेट से छोटा होता है, जो कि कई स्कैन में साबित हुआ है।



जयंती शिवस्वामी ने बताया कि मॉन्ट्रियल न्यूरोलॉजिकल इंस्टीट्यूट (MNI) की तुलना में भारतीय दिमाग आकार में छोटा होता है, स्कैन में आने वाले अंतर चिंताजनक और खतरनाक भी हो सकता है। उन्होंने कहा कि एमआरआई इमेज की तुलना एमएनआई टेम्पलेट से की गई। अध्ययन के आधार पर स्पष्ट सबूत हैं कि बड़े एटलस का निर्माण करना जरूरी है, क्योंकि यह संरचनात्मक रूप से समझना महत्वपूर्ण है कि सामान्य क्या है। इससे मस्तिष्क की कई स्थितियों को जल्द पकड़ने में मदद मिलेगी।

### कैसे किया गया अध्ययन?

इस अध्ययन में जयंती ने बताया कि टेम्पलेट निर्माण के लिए उन्होंने चीन और कोरिया की आबादी का ब्रेन स्ट्रक्चर तैयार किया। जबकि भारतीयों के दिमाग का एटलस बनाने का यह पहला प्रयास था, जिसमें भारतीय मस्तिष्क एटलस बनाने में आईआईआईटी-हैदराबाद टीम द्वारा पहले प्रयास में 50 महिलाएं और 50 पुरुष शामिल थे, जिसमें स्कैनिंग मशीनों में भिन्नता का पता लगाने के लिए इन विषयों के दिमाग के एमआरआई स्कैन को तीन अलग-अलग अस्पतालों में तीन अलग-अलग स्कैनरों में लिया गया। पायलट अध्ययन के परिणामों के अनुसार, एटलस के अंतिम निर्माण में 100 इच्छुक प्रतिभागियों को भर्ती करने के लिए आगे बढ़े, जिन्हें आईबीए 100 कहा जाता है।

जयंती ने कहा एटलस को विभिन्न आबादी के लिए अन्य एटलस के खिलाफ मान्य किया गया था। ऊंचाई, चौड़ाई और मात्रा यानि वॉल्युम में ये अंतर संरचनात्मक स्तर पर भी पाए जाते हैं, जैसे कि हिप्पोकैम्पस की मात्रा, लेकिन कुल मिलाकर, IBA 100 चीनी और कोरियाई एटलस के साथ दूर के कोकेशियान एक (MNI) की तुलना में अधिक है। उन्होंने कहा कि उनकी टीम वर्तमान में उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को समझने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। कई परिवर्तन हैं जो मस्तिष्क में बढ़ती उम्र के कारण होते हैं, जिसमें सबसे विशिष्ट है, संरचनाओं का सिकुड़ना उन्होंने यह भी कहा कि इससे डिमेंशिया या अल्जाइमर का इलाज करने में मदद मिल सकती है, क्योंकि वे हिप्पोकैम्पस से जुड़े हैं।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। राजकीय कार्यों से लाभ। बिगड़ा कार्य बनेगा। शुभांक-3-6-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। शुभ कार्यों में व्यय होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शुभांक-4-6-8

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेगें। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। मेहमानों का आगमन होगा। पारिवारिक प्रेमभाव बढ़ेगा। शुभांक-3-5-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-2-4-6

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। संतान पक्ष की समस्या खत्म होगी। अपने काम पर नजर रखिए। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-1-3-5

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। धन लाभ की संभावना। शुभांक-4-6-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। धन लेन-देन में सतर्क रहें। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। शांतिपूर्वक कार्य करें, जान है तो जहान हैं अत: वाहन आदि चलाने में सावधानी बरतें। अपना कार्य स्वयं करें, किसी के भरोसे न रहें। शुभांक-2-6-9


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): नये लोगों से मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्धि है। घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं। कार्य स्थल पर नियमपूर्वक व्यवहार लाभकारी होगा। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंग। शुभांक-6-8-9

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। माता-पिता के स्वास्थ्य में गिरावट से चिंता रहेगी। कला क्षेत्र के जातकों को मेहनत के बाद सफलता मिलेगी। शुभांक-4-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। पुराना विवाद समाप्त होगा। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं। आर्थिक योजनाएं फलित होंगी। स्त्री, संतान, मित्र के साथ मनोविनोद बढ़ेंगे। बकाया धन की प्राप्ति के योग हैं। शुभांक-3-6-9


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): आय के नये स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंग। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता हैं। व्यवसायिक क्षेत्र में आपकी मेहनत व लगन की परीक्षा होगी। महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति होगी। शुभांक-2-4-7

## काकुरो पहेली - 2634




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



5 + 6 + 7 + 8 + 9 = 35
4 + 6 + 7 + 8 + 9 = 34
5 + 7 + 8 + 9 = 29
6 + 7 + 8 + 9 = 30

काकुरो - 2633 का हल



## हंसी के फूव्वारें

दो बेवकूफ एक नाव में यात्रा कर रहे थे. अचानक नाव में एक छेद हो गया. जब नाव में पानी भरने लगा तो एक बेवकूफ ने चिन्तित होते हुए कहा-'नाव में पानी भर रहा है.'

'लगता है कोई छेद हो गया है.' दूसरा बेवकूफ बोला.

'फिर ?'

'एक छेद और कर देते हैं. एक छेद से पानी आ रहा है, दूसरे छेद से निकल जायेगा.' दूसरे बेवकूफ ने सुझाव दिया तो पहले बेवकूफ ने सिर हिलाकर उसकी बात का अनुमोदन कर दिया.

□ □ □

एक भिखारी ने एक बार लाटरी का टिकट खरीद लिया. टिकट खरीदने के बाद वह उछलने-कूदने लगा. अन्त में वह घर पहुंचकर अपनी घरवाली से बोला-'मैंने लाटरी का टिकट खरीद लिया है. अब हम बहुत जल्दी लखपति बनने वाले हैं.'

'ओह!'


घरवाली करवट बदलते हुए बोली-'यह कितनी अच्छी बात है. फिर तो हम कार में बैठकर भीख मांगा करेंगे!'

□ □ □

एक अभिनेत्री को अपना पासपोर्ट बनवाना था. उसे एक फार्म भरने को दिया गया. उस फार्म में एक प्रश्न यह भी था-'आप विवाहित हैं, अविवाहित हैं या तलाकशुदा ?'

अभिनेत्री ने तुरन्त जवाब लिखा-'तीनों !'

## फिल्म वर्ग पहेली - 2634



**बायें से दायें:-**

१. कारगिल युद्ध पर बनी जे. पी. दत्ता की बहु-सितारा फिल्म-२,१,१
३. 'रूप सलोना तेरा' गीत वाली सनी, अक्षय, मनीषा की फिल्म-२,३
६. आमिर, माधुरी दीक्षित की 'खंभे जैसी खड़ी है' गीत वाली फिल्म-२
७. 'अपना बनाना है' गीत वाली अनिल कपूर, शिल्पा, करिश्मा की फिल्म-२
८. कुमार गौरव, माधुरी की 'पहली बारिश मैं और' गीत वाली फिल्म-२
९. 'रिमझिम के गीत' गीत वाली राजेद्र कुमार, बबीता की फिल्म-४
१२. 'छोटा कद और पेट बड़ा' गीत वाली संजयदत्त, नम्रता की फिल्म-३
१३. अजय देवगन, मधु, सोनाली की 'किसी के इश्क' गीत वाली फिल्म-४
१५. फिल्म 'साया' में जॉन अब्राहम की नायिका कौन थी-२
१८. अक्षय कुमार, माधुरी की 'अब तेरे दिल में' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'सात सुरों के तार' गीत वाली जैकी, माधुरी दीक्षित की फिल्म-३
२१. फरदीन, करीना की 'तेरे बिना तेरे बिना' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'डैडी कूल कूल' गीत वाली शाहरूख खान, पूजा भट्ट की फिल्म-३
२३. राजीव कपूर, डिम्पल की 'कोई भी नाम दो' गीत वाली फिल्म-२
२४. अभिनेत्री पूजा भट्ट के पिता-३
२६. दिलीपकुमार, वहीदा रहमान की 'कल के सपने' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'तुझे ना देखूँ तो' गीत वाली जीतेंद्र, कमल सदाना, दिव्या की फिल्म-२
३०. सुमीत सहगल, शिखा की 'पीछे पीछे आजा' गीत वाली फिल्म-४

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'दिल लगाने की' गीत वाली अक्षय, अमिताभ, राखी, जूही की फिल्म-२,२
२. अतीन भल्ला, संदली की एक फिल्म-२
३. 'पहला पहला प्यार' गीत वाली फिल्म-२
४. संजयदत्त, काजोल की 'आवाज दो हमको' गीत वाली फिल्म-३
५. 'मैं तेरी दुश्मन' गीत वाली फिल्म-३
६. अजय देवगन, रवीना की 'कितना हसीन चेहरा' गीत वाली फिल्म-४
९. राजेश खन्ना, शबाना आजमी की फिल्म-४
१०. जैकी श्रॉफ, रति की 'जितना कभी किसी ने' गीत वाली फिल्म-२
११. 'दिलवालों के दिल का' गीत वाली मनोज वाजपेयी, रवीना की फिल्म-२
१३. सनी, बॉबी, उर्मीला की 'कोई नहीं है' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'तुम आए तो आया' गीत वाली अजय देवगन, पूजा भट्ट की फिल्म-२
१६. 'कहाँ से आई रानी' गीतवाली फिल्म-२,२
१७. 'मैं जब बोलूँ हाँ' गीत वाली जीतेंद्र, नीतूसिंह की फिल्म-४
१८. अशोककुमार, सुमिता की 'रेलगाड़ी रेलगाड़ी' गीत वाली फिल्म-४
१९. 'दोस्त दोस्त ना रहा' गीत वाली फिल्म-३
२०. अक्षय, करिश्मा की 'दिल ले गया' गीत वाली फिल्म-३
२५. 'रजिया सुल्तन' में रजिया सुल्तन की शीर्षक भूमिका किसने की हैं-२
२६. 'तेरा क्या लगता है' गीत वाली फिल्म-२
२७. फिल्म 'काजल' की नायिका कौन थी-३
२८. 'नचना तेरे नाल' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली - 2633



## सूडोकु -2634


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -2633 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

## शब्द पहेली - 2634



**बाएँ से दाएँ**

1.जायकेदार,लजीज-5
4.नट का खेल-4
7.राय,वोट-2
8.दुरुह,कठिन-3
9.प्रहार,घात-2
10.अचरज भरा कार्य-4
11.शराब,मद्य-2
13.साझेदार-4
14.क्षण,लम्हा-2
16.सहयोग-3
18.अड़िग-3
19.कैद, बंधक-3,2
21.चुगली करना-2,3
24.धावक (अंग्रेजी-3)
26.अग्नि, आग-3
28.टैक्स, हाथ-2
29.एक मुगल सम्राट-4
30.टकटकी-2
32.कैंची से काटना-4
33.आत्मा-2
35.सीरा,मिष्ठान-3
36.आगमन-2
37.जोरदार-4
38.तेज दौड़ना-5

**ऊपर से नीचे**

1.बुरी आदत-2
2.झगड़ा,रार-4
3.फिल्मी दुनिया-3,2
4.लेखनी,पेन-3
5.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
6.वटवृक्ष-4
7.मन को भाने वाला-5
10.बुरा आचरण-4
12.यमराज-2
15.चुनौती-4
17.विदरण,एकता भंग-3
18.आर्द्रक-4
20.भूमि,धरती-3
22.आवेश में आना-4
23.नामकरण-2,3
25.नरक में रहना-5
26.जामफल-4
27.बेल,लतिका-2
29.प्रार्थना,ईश्वर वंदना-4
31.जलजला-3
34.मैं का बहुवचन-2
36.रुपये का सोलहवां भाग-2

शब्द पहेली -2633 का हल



## जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल मामले में हरियाणा के धर्मगुरु को हिरासत में लिया

**एजेंसी**

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बुधवार को फरीदाबाद के एक विश्वविद्यालय से संचालित सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल के सिलसिले में हरियाणा के मेवात से एक धर्मगुरु को हिरासत में लिया। अधिकारियों ने बताया कि मौलवी इश्तियाक जिसे श्रीनगर लाया गया है, फरीदाबाद में अल फलाह विश्वविद्यालय परिसर में एक किराए के मकान में रह रहा था। अधिकारियों ने बताया कि उसके घर से पुलिस ने 2,500 किलोग्राम से अधिक अमोनियम नाइट्रेट, पोटेशियम क्लोरेट और सल्फर बरामद किया था। वह इस मामले में पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया जाने वाला नौवां व्यक्ति होगा। पुलिस ने 10 नवंबर को हरियाणा और उत्तर प्रदेश में अपने समकक्षों के साथ मिलकर प्रतिबंधित जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) और अंसार गजवत-उल-हिंद के सफेदपोश आतंकी नेटवर्क का पर्दाफाश करने के लिए अंतरराज्यीय छापेमारी की थी। विस्फोटक सामग्री डॉ. मुजम्मिल गनई उर्फ मुसैब और डॉ. उमर नबी द्वारा अपने किराए के आवास पर रखी गई थी। डॉ. नबी ही वह व्यक्ति था जो विस्फोटकों से लदी कार चला रहा था जिसने सोमवार शाम को लाल किले के बाहर विस्फोट किया था और जिसमें 12 लोगों की मौत हो गई थी।

## आधार में बच्चों का अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट बढ़ाने के लिए यूआईडीएआई अपनाएगा व्यवहारिक तरीका

**नई दिल्ली।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) अब बच्चों के आधार में अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट (एमबीयू) को बढ़ावा देने के लिए व्यवहारिक विज्ञान का उपयोग करेगा। इसके लिए यूआईडीएआई ने रिसर्च संस्था बिहेवियरल इनसाइट्स लिमिटेड (बीआईटी) के साथ समझौता किया है। इस साझेदारी का उद्देश्य यह समझना है कि किस कारण से अभिभावक समय पर बच्चों का बायोमेट्रिक अपडेट नहीं कराते और किस तरह उन्हें इसके लिए प्रेरित किया जा सकता है। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय के अनुसार, यूआईडीएआई ने हाल ही में 5 वर्ष और 15 वर्ष की उम्र वाले बच्चों के लिए बायोमेट्रिक अपडेट को पूरी तरह निशुल्क कर दिया है। यह व्यवस्था 1 अक्टूबर से लागू है और एक वर्ष तक जारी रहेगी। इस निर्णय से लगभग 6 करोड़ बच्चों को लाभ मिलने की उम्मीद है। समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर यूआईडीएआई की उपमहानिदेशक तनुस्री देव बर्मा और बीआईटी के समूह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि गुरुमूर्ति ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर यूआईडीएआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश कुमार भी मौजूद रहे। भुवनेश कुमार ने कहा कि जब तकनीक मानव व्यवहार से मेल खाती है तो डिजिटल पहचान केवल तकनीकी प्रक्रिया नहीं रहती बल्कि यह एक भरोसेमंद और सशक्त अनुभव बन जाती है। उन्होंने कहा कि इस समझौते से हम यही प्रभाव हासिल करना चाहते हैं।

## तमिलनाडु में डीएमके सरकार आंकड़ों बाजीगरी कर अच्छी योजनाओं को आने से रोक रही है: निर्मला सीतारमण

**कोयंबटूर।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कोयंबटूर में आयोजित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कार्यकारिणी बैठक में भाग लिया और संगठन को मजबूत करने तथा विस्तार देने जैसे विभिन्न मुद्दों पर पार्टी पदाधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया। उन्होंने तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) सरकार की आलोचना भी की।कोयंबटूर के मुदालीपलायम इलाके में एक निजी हॉल में भाजपा इकाई, राज्य और ज़िला कार्यकारिणी की बैठक हुई, जिसमें केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। बैठक के दौरान पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि तमिलनाडु की जनता को यह बताया जाना चाहिए कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ इस राज्य को भी मिल रहा है। निर्मला सीतारमण ने राज्य सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि डीएमके के लोग केंद्र सरकार के खिलाफ झूठा प्रचार कर रहे हैं, जिसे तुरंत रोका जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु सरकार का कहना है कि उसे उतना पैसा नहीं मिल रहा, जितना मिलना चाहिए, उनके हिस्से का पैसा उत्तर भारत के राज्यों को चला जाता है। डीएमके सरकार का आरोप है कि अगर वे 20 रुपये कर के रूप में देते हैं, तो उन्हें उसमें से 2 रुपये भी नहीं मिलते हैं, पर डीएमके का आरोप सरासर गलत है।


## फिरोजपुर में सीमा पार से हथियारों की तस्करी करने वाले नेटवर्क का पर्दाफाश

**चंडीगढ़।** फिरोज़पुर पुलिस ने सीमा पार से हथियारों की तस्करी करने वाले नेटवर्क के दो सदस्यों को गिरफ्तार करके इस नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। इनके पास से चार नौ एमएम ग्लॉक पिस्तौल, चार मैगज़ीन और चार जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि फिरोज़पुर के गांव रुहेला हाजी निवासी गुरप्रीत सिंह उर्फ गोरी और फाजिल्का के जलालाबाद निवासी विक्रमजीत सिंह उर्फ विक्की को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इनके पास से हथियार बरामद करने के साथ ही उनकी हीरो डीलक्स मोटरसाइकिल (पी बी 05 ए के9761) भी जब्त की है, जिस पर वे सवार थे। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच से खुलासा हुआ है कि विक्रमजीत सिंह के पाकिस्तान-आधारित अवैध हथियार तस्कर से सीधे संपर्क थे। उन्होंने कहा कि विक्रमजीत ने पूछताछ के दौरान यह स्वीकार किया कि वह अपने पाकिस्तानी हैंडलरों के निर्देशों पर स्थानीय संपर्कों को हथियार सप्लाई करता था।

# छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र सीमा पर हुई मुठभेड़ में छह नक्सली ढेर, ऑटोमैटिक हथियार बरामद

**एजेंसी**

**बीजपुर।** छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र सीमा पर बीजापुर जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में बीजापुर डीआरजी, दंतेवाड़ा डीआरजी और स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की संयुक्त टीम के जवानों ने 6 नक्सलियों को मार गिराया है। मारे गए नक्सलियों के शव के साथ कई ऑटोमैटिक हथियार भी बरामद किए गए हैं। बीजापुर एसपी ने इसकी पुष्टि की है। बताया जा रहा है कि जवानों ने बड़े नक्सल लीडर को घेर रखा है। वहीं छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर पर तारलागुड़ क्षेत्र में अन्नाराम के जंगलों में भी पुलिस-नक्सलियों की मुठभेड़ हुई है। सर्चिंग के दौरान एनकाउंटर स्पॉट से एक घायल नक्सली को पकड़ा गया है। घायल नक्सली के उपचार के बाद नक्सली को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। बीजापुर एसपी डॉ. जितेन्द्र यादव ने



बताया कि इस अभियान के दौरान आज मंगजवार सुबह 10 बजे से डीआरजी बीजापुर, डीआरजी दंतेवाड़ा एवं एसटीएफ की सयुंक्त टीमों और नक्सलियों के बीच रुक-रुक कर फायरिंग जारी है। अब तक सर्च ऑपरेशन के दौरान मुठभेड़ स्थल से 6 नक्सलियों के शव, ऑटोमैटिक हथियार इंसास, स्टेनगन, .303 रायफल सहित अन्य हथियार, विस्फोटक सामग्री एवं नक्सल सामग्री मौके से बरामद हुई है। पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज, सुन्दरराज पी. ने कहा कि, आज के अभियान में 6 कुख्यात नक्सली कैडर मारे गए हैं, सुरक्षाबलों के लिए यह एक निर्णायक और महत्वपूर्ण बढ़त है। यह सफलता ऐसे समय में मिली है, जब नक्सली संगठन नेतृत्वविहीन, दिशाहीन और मनोबलहीन स्थिति में अपने कुछ बचे हुए ठिकानों में सिमटकर रह गया है। डीआरजी/एसटीएफ/बस्तर फाइटर्स/सीआरपीएफ/सीएएफ पुलिस बल की अतिरिक्त टीमें आस-पास के क्षेत्रों में भेजी गई हैं, ताकि अन्य फरार नक्सली कैडरों की घेराबंदी की जा सके।

चूंकि ऑपरेशन अभी जारी है, इसलिए मुठभेड़ के स्थान, ऑपरेशन में शामिल सुरक्षाबलों की संख्या तथा अन्य संवेदनशील जानकारी इस समय साझा नहीं की जा सकती, ताकि ऑपरेशन में लगे जवानों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। अभियान पूर्ण होने के पश्चात विस्तृत रिपोर्ट अलग से साझा की जाएगी।

## प्रधानमंत्री मोदी ने भूटान के चौथे राजा से की मुलाकात, ग्लोबल पीस प्रेयर फेस्टिवल में हुए शामिल

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को भूटान की राजधानी थिम्फू में भूटान के चौथे राजा महामहिम जिग्मे सिंगे वांगचुक से मुलाकात की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने चौथे राजा को उनके 70वें जन्मदिवस की बधाई दी और भारत सरकार व भारतीय जनता की ओर से उनके अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत-भूटान मित्रता को मजबूत बनाने में चौथे राजा के नेतृत्व, मार्गदर्शन और सलाह के लिए आभार व्यक्त किया। इस बातचीत में आपसी संबंधों और साझा हितों के मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने भारत और भूटान के लोगों के बीच गहरे आध्यात्मिक और सांस्कृतिक संबंधों को रेखांकित किया, जो दोनों देशों को एक-दूसरे के और करीब लाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने भूटान के राजा, चौथे राजा और भूटान के प्रधानमंत्री के साथ थिम्फू के चांगलिमिथांग स्टेडियम में आयोजित ग्लोबल पीस प्रेयर फेस्टिवल में भी भाग लिया। यह आयोजन कालचक्र दीक्षा समारोह का हिस्सा था, जिसकी अध्यक्षता भूटान के मुख्य अभिषेकाचार्य जे खेनपो ने की।



## आचार्य कृपलानी स्मृति व्याख्यान-2025 : आपातकाल में कृपलानी जी की भूमिका पर चर्चा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में आचार्य कृपलानी मेमोरियल ट्रस्ट ने 'आचार्य कृपलानी स्मृति व्याख्यान-2025' का सफलतापूर्वक आयोजन किया। गांधीवादी नेता और स्वतंत्रता सेनानी आचार्य जेबी कृपलानी की स्मृति में आयोजित व्याख्यान का विषय आपातकाल में आचार्य जेबी कृपलानी है, जिसमें पूर्व सांसद केसी त्यागी ने कृपलानी के सिद्धांतों और लोकतंत्र की रक्षा के लिए उनके निर्भीक संघर्ष को विस्तार से रेखांकित किया। इस दौरान, मुख्य अतिथि पूर्व सांसद केसी त्यागी और व्याख्यान की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार रामबहादुर राय ने दीप प्रज्ज्वलित किया गया।

इस मौके पर 'चदरिया झीनी रे झीनी... ' जैसे दो भजन की प्रस्तुति दी गयी। केसी त्यागी ने बताया कि कृपलानी ने सत्ता के सामने झुकने से इनकार कर दिया था और लोकतंत्र की बहाली के लिए संघर्ष किया, जिसके कारण उन्हें जेल भी जाना पड़ा। व्याख्यान की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार रामबहादुर राय ने की। उन्होंने आपातकाल के समय प्रेस की स्वतंत्रता और कृपलानी के योगदान को रेखांकित किया। इस स्मृति व्याख्यान का




आयोजन आचार्य कृपलानी मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा किया गया। ट्रस्ट का उद्देश्य आचार्य कृपलानी के आदर्शों, मूल्यों और भारतीय राजनीति तथा समाज में उनके अतुलनीय योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है।ट्रस्ट के प्रतिनिधियों ने बताया कि आचार्य कृपलानी हमेशा से ही नैतिक राजनीति और सिद्धांतवादी जीवन के प्रतीक रहे हैं। आपातकाल के विरुद्ध उनका खड़ा होना भारतीय लोकतंत्र के लिए एक प्रेरणा स्रोत है। इस व्याख्यान में शिक्षाविद, राजनेता, पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति शामिल थे। उल्लेखनीय है कि आचार्य जेबी कृपलानी स्वतंत्रता संग्राम के एक प्रमुख गांधीवादी नेता और शिक्षाविद् थे, जिन्हें गुजरात विद्यापीठ के प्राचार्य रहने के कारण 'आचार्य' की उपाधि मिली। वह 1946 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष चुने गए थे और 15 अगस्त 1947 को देश की आज़ादी के समय इसी पद पर थे। उन्होंने अपनी वृद्धावस्था के बावजूद आपातकाल कड़ा विरोध किया और लोकतंत्र की रक्षा के लिए जेल गए।

## महानगरी एक्सप्रेस में बम की अफवाह के बाद महाराष्ट्र के सभी रेलवे स्टेशनों पर हाई अलर्ट

**एजेंसी**

**मुंबई।** वाराणसी से मुंबई आ रही महानगरी एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 22178) में बुधवार को सुबह जैसे ही भुसावल स्टेशन पर पहुंची, ट्रेन में बम की अफवाह से खलबली मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे डिब्बे की तलाशी ली गई, लेकिन कहीं संदिग्ध वस्तु न मिलने से सुरक्षा एजेंसियों और मध्य रेलवे ने राहत की सांस ली। इसके बाद ट्रेन को आगे रवाना कर दिया गया। इस घटना के बाद महाराष्ट्र के सभी स्टेशनों पर हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है।

इस घटना की छानबीन कर रहे अधिकारी ने बताया कि महानगरी एक्सप्रेस के जनरल डिब्बे के शौचालय में 'पाकिस्तान जिंदाबाद' और 'आईएसआई' और ट्रेन में बम होने का संदेश हाथ से लिखा गया था। भुसावल स्टेशन पर ट्रेन के पहुंचने से पहले एक यात्री ने यह संदेश देखा। उसने तुरंत गार्ड को सूचित किया। सुरक्षा विभाग को सूचित करने के बाद रेलवे सुरक्षा बल, रेलवे पुलिस और डॉग स्क्वायड तुरंत भुसावल स्टेशन पहुंचे। सुबह 8.30 बजे भुसावल के बाद भुसावल, जलगांव, नासिक, मनमाड और मुंबई मंडल के सभी प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर 'हाई अलर्ट'




स्टेशन पर ट्रेन के पहुंचते ही पूरी ट्रेन, कोच, सामान के डिब्बे और यात्रियों के बैग की जांच की गई। डॉग स्क्वायड और बम निरोधक दस्ते ने गहन तलाशी ली। हालांकि, कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इसके बाद, ट्रेन का निरीक्षण किया गया और सुबह करीब 9 बजे उसे मुंबई के लिए रवाना कर दिया गया। इस घटना घोषित कर दिया गया है। यात्रियों में भय का माहौल है और रेल प्रशासन की सुरक्षा एजेंसियों ने किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की है। यह संदेश महज़ एक शरारत है या इसके पीछे कोई गंभीर साजिश है, इसकी जाँच जारी है और रेलवे व पुलिस विभाग ने साइबर विशेषज्ञों की मदद से जांच शुरू कर दी है।

## सात राज्यों की आठ सीटों पर उपचुनाव संपन्न, मिजोरम के डाम्पा में सबसे ज्यादा, तेलंगाना के जुबली हिल्स में सबसे कम मतदान

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** देश के सात राज्यों की आठ विधानसभा सीटों पर शांतिपूर्ण ढंग से उपचुनाव हुए। मिजोरम की डाम्पा सीट पर सबसे ज्यादा 82.34 प्रतिशत वोटिंग और तेलंगाना की जुबली हिल्स सीट पर सबसे कम 48.44 प्रतिशत मतदान हुआ। आठों सीटों के नतीजे 14 नवंबर को घोषित किए जाएंगे।

चुनाव आयोग के अनुसार, जम्मू-कश्मीर के बडगाम में 75.08 प्रतिशत, नगरोटा में 50.02 प्रतिशत, राजस्थान के अंता में 80.32 प्रतिशत, झारखंड के घाटशिला में 74.63 प्रतिशत, तेलंगाना के जुबली हिल्स में 48.44 प्रतिशत, पंजाब के तरनतारन में 60.95 प्रतिशत, मिजोरम के डाम्पा में 82.34 प्रतिशत और ओडिशा के नुआपाड़ा में 78.92 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। जम्मू-कश्मीर के नगरोटा विधानसभा क्षेत्र में दिवंगत विधायक देवेंद्र सिंह राणा के निधन के बाद




उपचुनाव कराया गया। भाजपा ने उनकी बेटी देवयानी राणा को उम्मीदवार बनाया है, जबकि नेशनल कॉन्फ्रेंस से शमीम बेगम और जेकेएनपीपी से हर्ष देव सिंह मैदान में हैं। राजस्थान के बारां जिले की अंता विधानसभा सीट पर भाजपा की ओर से मोरपाल सुमन और कांग्रेस की ओर से पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया मैदान में हैं। यह सीट भाजपा विधायक कंवरलाल मीणा की अयोग्यता के कारण खाली हुई थी। मिजोरम के मामित जिले की डाम्पा सीट पर रिकॉर्ड मतदान दर्ज हुआ। यह उपचुनाव सत्तारूढ़ जोराम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) के लिए अहम माना जा रहा है। जुलाई में एमएनएफ विधायक ललरिंतलुआंगा सैलो के निधन के बाद यह सीट रिक्त हुई थी। ओडिशा की नुआपाड़ा सीट पर बीजू जनता दल (बीजद) और भाजपा के बीच कड़ा मुकाबला है। यह चुनाव मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और बीजद अध्यक्ष नवीन पटनायक दोनों के लिए राजनीतिक प्रतिष्ठा से जुड़ा हुआ है। झारखंड की घाटशिला सीट पर झामुमो और भाजपा के बीच मुकाबला है। यह उपचुनाव झामुमो विधायक और पूर्व मंत्री रामदास सोरेन के निधन के बाद कराया गया। पंजाब के तरनतारन में आम आदमी पार्टी के विधायक कश्मीर सिंह सोहल के निधन के बाद खाली हुई थी। यहां आप, कांग्रेस और शिरोमणि अकाली दल सहित 15 उम्मीदवार मैदान में हैं। तेलंगाना की जुबली हिल्स सीट पर कांग्रेस और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के बीच सीधा मुकाबला है।

## आतंकी गतिविधियों में लिप्त डॉ शाहीन का भाई डॉ परवेज हिरासत में लिया गया

**एजेंसी**

**लखनऊ।** यूपी एटीएस ने जम्मू कश्मीर पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए आतंकी गतिविधियों में शामिल डॉक्टर शाहीन के भाई डॉ परवेज अंसारी को हिरासत में लिया है। इससे पहले एटीएस ने लखनऊ, सहारनपुर, शामली और कई जगह पर छापेमारी की थी। हिरासत में लिए गए परवेज अंसारी से पुलिस की टीम पूछताछ कर रही है। डॉ परवेज ने गुडंबा स्थित इंटीग्रल यूनिवर्सिटी में वर्ष 2021 में सीनियर रेजिडेंट के तौर पर नौकरी शुरू की थी। 6 नवंबर को उसने अचानक अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इससे पहले एटीएस और जम्मू कश्मीर पुलिस ने मंगलवार सुबह मड़ियांव के मुत्तकीपुर में डॉ परवेज के घर पर छापा मारा था। घर पर तो कोई नहीं मिला था, लेकिन छापेमारी के दौरान घर से इलेक्ट्रानिक उपकरण , कार बाइक और कई अहम दस्तावेज बरामद हुए थे, जिन्हें टीम ने अपने कब्जे में ले लिया था। शाहीन का भाई है परवेज डॉ परवेज फरीदाबाद से गिरफ्तार की गई डॉक्टर शाहीन का भाई हैं। लखनऊ के अलावा सहारनपुर चौक में उसका क्लिनिक है। जांच में यह बात सामने आई है कि यह लोग एक दूसरे के संपर्क में रहते थे। कई कई घंटों दोनों में बातचीत होती थी। लेकिन 48 घंटे पहले परवेज ने अपना मोबाइल बंद कर लिया था। आतंकी गतिविधियों में पकड़ी गई डॉक्टर शाहीन के लाल बाग वाले घर पर एटीएस और जम्मू कश्मीर पुलिस ने छापा मारा। यहां पर उसके पिता सईद अंसारी ने नहीं बताया कि वह डेढ़ वर्षों से परिवार के संपर्क में नहीं थी। उन्हें अब विश्वास नहीं हो रहा है कि वह किसी गलत गतिविधियों में शामिल हो सकती है।

## छत्तीसगढ़ में डॉ. हेडगेवार के जीवन पर अद्भुत नाट्य मंचन, वंदे मातरम के जयघोष से गूंज उठा अंबिकापुर

**एजेंसी**

**अंबिकापुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के प्रेरणादायी जीवन पर आधारित नाट्य मंचन ने छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर के दर्शकों को आज भावविभोर कर दिया। स्थानीय पी.जी. कॉलेज के सभागार में छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति विभाग एवं संस्कार सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस भव्य नाट्य प्रस्तुति में नादब्रम्हा नाट्य ग्रुप ने डॉ. हेडगेवार के जीवन दर्शन को मंच पर जीवंत कर दिया। महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रहीं, जबकि संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने अध्यक्षता की। आरएसएस प्रांत सेवा प्रमुख तुलसीदास और संस्कार सेवा समिति अध्यक्ष भगवानदास बंसल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। नाट्य मंचन के दौरान डॉ. हेडगेवार के प्रत्येक संवाद पर 'वंदे मातरम' और 'भारत माता की जय' के नारों से सभागार गूंज उठा। लंबे समय बाद शहर के कला प्रेमियों ने नाट्य विधा का ऐसा जीवंत अभिनय देखा, जिसकी सभी ने सराहना की। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि डॉ. कि डॉ. हेडगेवार केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचारधारा थे, जिनका सम्पूर्ण जीवन भारत माता की सेवा को समर्पित था। उन्होंने कहा



हेडगेवार ने राष्ट्र यज्ञ में स्वयं को पूर्णतः समर्पित कर दिया। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना कर देश को एकता और अनुशासन के सूत्र में बांधने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि डॉ. हेडगेवार की सोच थी कि भारत तभी प्रगति करेगा जब हर नागरिक में राष्ट्र चेतना और अनुशासन का भाव जागृत होगा। संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि ऐसे व्यक्तित्वों का जीवन नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत है।

नादब्रम्हा नाट्य ग्रुप के निर्माता पद्माकर धानोरकर ने बताया कि महाराष्ट्र और गोवा के बाद अब छत्तीसगढ़ तीसरा राज्य है जहां इस नाट्य मंचन को अपार प्रेम और उत्साह मिला है। आने वाले समय में यह प्रस्तुति देश के अन्य राज्यों में भी दिखाई जाएगी।

## विशेष बी एड सहायक अध्यापक भर्ती में वंचित अभ्यर्थियों को आयु सीमा में छूट देने पर सरकार को निर्णय लेने का निर्देश

**एजेंसी**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को आठ साल बाद विशेष बी एड के आधार पर सहायक अध्यापक की नियुक्ति प्रक्रिया में आयु सीमा में छूट देने पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर निर्णय लेने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी ने गरिमा सिंह व 38 अन्य की याचिका को निस्तारित करते हुए दिया है। इनका कहना था कि आठ साल के बाद भर्ती की जा रही है, इसलिए इस दौरान भर्ती से वंचित रह गये अभ्यर्थियों को आयु सीमा में छूट दी जाए। सरकार ने इससे पहले कई भर्तियों में आयु की छूट दी है। कोर्ट ने याचियों को प्रत्यावेदन देने तथा प्राधिकारी को यथाशीघ्र निर्णय लेने का निर्देश दिया है।

## आंध्र प्रदेश में मोंथा से नुकसान का केंद्रीय दल ने लिया जायजा, मुख्यमंत्री से भी की मुलाकात

**एजेंसी**

**अमरावती।** केंद्रीय गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव पसुमी बसु के नेतृत्व में एक केंद्रीय दल ने चक्रवात मोंथा से राज्य में हुए नुकसान की समीक्षा के लिए मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू से मुलाकात की। इससे पहले इस केंद्रीय दल ने चक्रवात प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। केंद्रीय दल ने मुख्यमंत्री को चक्रवात के प्रभाव और राज्य की वर्तमान स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी दी और राज्य को तत्काल वित्तीय सहायता और अन्य मुद्दों पर चर्चा की।

चक्रवात मोंथा से हुए नुकसान का आकलन करने के केंद्रीय दल ने प्रभावित कोनासीमा, पूर्वी गोदावरी, एलुरु, कृष्णा, प्रकाशम और बापटला जिलों के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया और नुकसान का आकलन किया। दरअसल, राज्य सरकार ने मोंथा से हुए नुकसान की एक अंतरिम रिपोर्ट पहले ही केन्द्र को सौंप दी है। उस रिपोर्ट में मोंथा से राज्य में कुल 5,267 करोड़ रुपये का नुकसान होने का अनुमान व्यक्त किया गया



था। इस रिपोर्ट के आधार पर राज्य सरकार ने केंद्र से तत्काल राहत के रूप में 2,622 करोड़ रुपये स्वीकृत करने का अनुरोध किया है। सरकार ने बताया है कि राज्य के 443 मंडलों के 3,109 गांव इस चक्रवात से प्रभावित हुए हैं। इस भारी बारिश और चक्रवात के कारण लगभग 10 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। इस रिपोर्ट के अनुसार, राज्य में 9,960 घर पानी में डूब गए और 1.11 लाख परिवार बेघर हो गए हैं। इसके अलावा, चक्रवात और भारी बारिश के कारण 4,566 घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। चक्रवात से 1.61 लाख हेक्टेयर की फसलों को नुकसान हुआ है, जिससे 3.27 लाख किसान प्रभावित हुए हैं। सरकार ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि कृषि फसलों के साथ-साथ जलीय, पशुपालन और हथकरघा क्षेत्र भी बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। राज्यभर में 4,794 किलोमीटर सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं। इलाकों में 12,856 बिजली के खंभे उखड़ गए और 2,318 ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गए। सरकार ने केंद्र को सूचित किया है कि फसलों, सड़कों, घरों और अन्य बुनियादी ढांचे को कुल 6,384 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। सरकार की ओर से केंद्रीय दल को बताया गया कि 3.36 लाख परिवारों को तत्काल वित्तीय सहायता के रूप में तीन से पांच हजार रुपये वितरित किए गए। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की कि केंद्र से पर्याप्त वित्तीय सहायता मिलने पर राहत कार्यों में और तेजी लाई जाएगी।

## रेलवे सुरक्षा बल का जनसेवा अभियान : यात्रियों की सुरक्षा, बच्चों की मदद और मादक पदार्थों पर कड़ा प्रहार

**नई दिल्ली।** भारतीय रेल यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा और निश्चिंत यात्रा सुनिश्चित करने के लिए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहा है। जनवरी से अक्टूबर के बीच आरपीएफ ने न केवल अपराधों की रोकथाम और यात्रियों की सहायता में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी के तहत कई जनकल्याण अभियानों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। रेल मंत्रालय द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, आरपीएफ ने इस अवधि में 'ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते ', 'मिशन जीवन रक्षक ', 'ऑपरेशन नारकोस' और 'ऑपरेशन अमानत' जैसे अभियानों के तहत उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। आरपीएफ ने लापता और असहाय बच्चों को उनके परिवारों से मिलाने का मिशन चलाया है। जनवरी से अक्टूबर के बीच 16,450 बच्चों को बचाया गया, जिनमें 11,543 लड़के, 4,906 लड़कियां और एक अन्य बच्चा शामिल हैं। अक्टूबर माह में अकेले 1,586 बच्चों को (1,085 लड़के और 501 लड़कियां) सुरक्षित बचाकर संबंधित अधिकारियों को सौंपा गया। इस अभियान ने कई परिवारों को अपने बच्चों से मिलाने की खुशियां लौटाई हैं। रेलवे ट्रैक पर हादसों को रोकने और संकट में फंसे लोगों की मदद के लिए चल रहे मिशन जीवन रक्षक के तहत आरपीएफ ने जनवरी से अक्टूबर के बीच 2,658 लोगों की जान बचाई, जिनमें 1,757 पुरुष और 901 महिलाएं शामिल हैं। केवल अक्टूबर महीने में 296 व्यक्तियों (191 पुरुष और 105 महिलाएं) को समय रहते बचाया गया। यह मिशन आरपीएफ के मानवीय चेहरे को दर्शाता है।अवैध नशे के कारोबार के खिलाफ आरपीएफ ने ऑपरेशन नारकोस के तहत बड़ी कार्रवाई की है। जनवरी से अक्टूबर तक 1,794 मामले दर्ज किए गए, जिनमें 1,450 तस्करों को गिरफ्तार किया गया और 197.19 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए गए। अक्टूबर माह में अकेले 140 मामलों में कार्रवाई कर 14.68 करोड़ रुपये मूल्य के नशीले पदार्थ बरामद किए गए और 133 लोगों को गिरफ्तार किया गया। यह अभियान नशे के अवैध व्यापार के खिलाफ रेलवे की सख्त नीति को दर्शाता है। यात्रियों की सुविधा के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन अमानत के तहत आरपीएफ ने जनवरी से अक्टूबर 2025 तक 42,210 यात्रियों की छोड़ी गई वस्तुएं बरामद कर उन्हें वापस किया। इन वस्तुओं का कुल मूल्य लगभग 70.66 करोड़ रुपये रहा। अक्टूबर माह में 7,894 वस्तुएं, जिनकी कीमत लगभग 8.65 करोड़ रुपये आंकी गई, यात्रियों को वापस की गईं।

# आईपीएल 2026 का सबसे बड़ा ट्रांसफर : जडेजा लौट सकते हैं राजस्थान रॉयल्स, संजू सैमसन होंगे सीएसके के नए स्टार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2026 में अब तक का सबसे बड़ा खिलाड़ी ट्रांसफर देखने को मिल सकता है। रिपोर्ट्स के अनुसार चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) के दिग्गज ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा अपने करियर की शुरुआत करने वाली टीम राजस्थान रॉयल्स (RR) में वापसी करने वाले हैं। इस संभावित मेगा डील के तहत राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन CSK का हिस्सा बन सकते हैं। सूत्रों का कहना है कि जडेजा को RR में कप्तानी की जिम्मेदारी मिल सकती है, जिससे यह सौदा IPL इतिहास के सबसे चर्चित ट्रेड में से एक बन जाएगा।



### जडेजा की 'घर वापसी' - नेतृत्व के नए अवसर

रिपोर्ट के मुताबिक, 37 वर्षीय रवींद्र जडेजा अपने करियर के अंतिम चरण में कप्तानी की भूमिका निभाने के लिए उत्साहित हैं। उन्होंने IPL 2008 में राजस्थान रॉयल्स से ही अपने सफर की शुरुआत की थी और 2008 के खिताबी अभियान में अहम भूमिका निभाई थी। जडेजा ने 2012 में CSK जॉइन किया और अगले 13 सीजन में 2198 रन और 143 विकेट झटके, जिससे टीम ने तीन खिताब अपने नाम किए। राजस्थान रॉयल्स प्रबंधन का मानना है कि उनके अनुभव से टीम को स्थिरता और दिशा मिलेगी, खासकर रियान पराग और यशस्वी जायसवाल जैसे युवा खिलाड़ियों के साथ।

### क्यों राजस्थान को चाहिए जडेजा जैसा कप्तान

संजू सैमसन के नेतृत्व में राजस्थान ने कुछ अच्छे सीज़न जरूर खेले, लेकिन पिछले दो वर्षों में निरंतरता की कमी रही है। अब टीम एक ऐसे कप्तान की तलाश में है जो युवा खिलाड़ियों को मार्गदर्शन दे सके और दबाव के पलों में शांत रह सके और जडेजा इस भूमिका के लिए एकदम उपयुक्त हैं। सूत्रों के मुताबिक, जडेजा को 'लीडरशिप रोल' देने की चर्चा चल रही है ताकि वे ड्रेसिंग रूम में संतुलन और आत्मविश्वास ला सकें।

### संजू सैमसन की नई शुरुआत - धोनी के वारिस के रूप में

दूसरी ओर संजू सैमसन का चेन्नई सुपर किंग्स में शामिल होना फैंस के लिए बेहद रोमांचक खबर है। हालाँकि MS धोनी अब धीरे-धीरे टीम से पीछे हटने की तैयारी कर रहे हैं, लेकिन CSK फिलहाल रुतुराज गायकवाड़ को कप्तान बनाए रखेगी। संजू को धोनी के संभावित उत्तराधिकारी के रूप में देखा जा रहा है, जो टीम में नई ऊर्जा और टॉप ऑर्डर में स्थिरता लाएंगे। सैमसन के पास अब IPL की सबसे सफल फ्रैंचाइज़ी के साथ खुद को एक लीडर के रूप में साबित करने का मौका होगा।

### सैम कुरेन भी होंगे सौदे का हिस्सा

इस डील का एक और बड़ा पहलू यह है कि इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम कुरेन भी क्रममें जा सकते हैं। यदि ऐसा होता है, तो यह ट्रेड तीन खिलाड़ियों वाला मेगा सौदा बन जाएगा, जडेजा और कुरेन राजस्थान की ओर, जबकि सैमसन चेन्नई की ओर रुख करेंगे। यह ट्रांसफर IPL इतिहास में सबसे जटिल और चर्चित सौदों में गिना जा सकता है।

### आधिकारिक ऐलान जल्द - 15 नवंबर तक रिटेंशन सूची

सभी IPL टीमें दिसंबर में होने वाली मिनी ऑक्शन से पहले 15 नवंबर तक अपने रिटेंशन फाइनल करेंगी। उम्मीद है कि इसी अवधि में जडेजा-सैमसन ट्रेड की आधिकारिक घोषणा भी की जाएगी। अगर यह डील पक्की होती है, तो IPL 2026 सीज़न की शुरुआत से पहले ही लीग में जबरदस्त उत्साह देखने को मिलेगा।

# मुख्यमंत्री सैनी ने शैफाली को 1.5 करोड़ रुपए की इनामी राशि का चेक सौंपा




### -महिला आयोग ने ब्रांड एंबेसडर बनाया

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** विश्वकप विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा को हरियाणा सरकार ने 1.5 करोड़ रुपए इनाम दिया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शेफाली को इनामी राशि का चेक सौंपा। इसके साथही उन्हें अवॉर्ड और ग्रेड-ए प्रमाणपत्र भी दिया गया । वहीं शैफाली को हरियाणा महिला आयोग ने अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है। इस अवसर पर शेफाली ने कहा, यह केवल हमारी टीम की जीत नहीं, बल्कि पूरी महिला क्रिकेट की जीत है। हमारी टीम फाइनल में जीती, इसकी खुशी है। मुख्यमंत्री से मिलकर मुझे बहुत अच्छा लगा। हरियाणा में सरकार से खिलाड़ियों को काफी समर्थन मिलता है। मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद काफी आत्मविश्वास का अनुभव कर रही हूं। मैं हरियाणा के खिलाड़ियों से कहना चाहूंगी कि आप अच्छी मेहनत कीजिए। राज्य सरकार हमेशा खिलाड़ियों का सहयोग करती है। वहीं राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया ने कहा, शेफाली वर्मा हमारे देश और हमारे राज्य की सुपरस्टार हैं। हम चाहते हैं कि वह 2026 के लिए महिला आयोग की ब्रांड एंबेसडर बनकर युवाओं के लिए हमारे मिशन को बढ़ावा दें। अन्य महिला एथलीट्स के साथ, वह युवाओं को मादक पदार्थों के सेवन से बचने, एक उज्ज्वल भविष्य बनाने और राष्ट्र के लिए सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित करेंगी।

शेफाली को महिला विश्व कप 2025 के लिए भारत की शुरुआती टीम में शामिल नहीं किया गया था पर सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल के चोटिल होने के बाद उन्हें टीम में जगह मिली थी। शेफाली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खिताबी मुकाबले में 87 रन की पारी खेलकर भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

# मुझे पूरा विश्वास है कि हम यहां इतिहास रच सकते हैं, भारत के खिलाफ सीरीज से पहले बोले शुक्री कॉनराड

**कोलकाता (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच शुक्री कॉनराड को उम्मीद है कि केशव महाराज, सेनुरन मुथुस्वामी और साइमन हार्मर की उनकी स्पिन तिकड़ी भारत के अपने अनुभवी प्रतिद्वंद्वियों के सामने कड़ी चुनौती पेश करेगी और उनकी टीम दो मैच की टेस्ट श्रृंखला जीतकर इतिहास रचने में सफल रहेगी। उन्होंने इस श्रृंखला की तुलना ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल से की।

पहला टेस्ट मैच शुक्रवार से ईडन गार्डन्स में खेला जाएगा जबकि गुवाहाटी 22 नवंबर से अपने पहले टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा। दक्षिण अफ्रीका के स्पिनरों ने हाल में पाकिस्तान दौरे पर अच्छा प्रदर्शन किया था और वह भारत के खिलाफ भी ऐसा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कॉनराड ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'क्या आपकी



टीम में अच्छे स्पिनर होने से पूरे मुकाबले का रोमांच बढ़ जाता है। मेरा जवाब है हां। मुझे लगता है कि इससे हमें काफी आत्मविश्वास मिलता है।'

उन्होंने कहा, 'मैं यह नहीं कह रहा हूं कि अतीत में हमारे पास अच्छे स्पिनर नहीं थे, लेकिन हमें निश्चित रूप से लगता है कि अब केशव, साइमन और सेन के रूप में हमारे पास बेहतर स्पिनर हैं। अगर परिस्थितियां अनुकूल रहीं तो हम महसूस करेंगे कि हमारे पास भारत को चुनौती देने के लिए पर्याप्त मारक क्षमता है। हमें पूरा विश्वास है कि हम ईडन गार्डन्स और भारत में नया इतिहास रच सकते हैं।'

# अगली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में 12 टीमें और एकदिवसीय सुपर लीग शुरु करने की सिफारिश

**दुबई (एजेंसी)।** अगली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) 2027-29 चरण में सभी 12 पूर्णकालिक सदस्य एक ही डिवीजन में शामिल करने और एकदिवसीय सुपर लीग फिर से शुरु करने की सिफारिश की गई है। न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज रोजर टूज की अगुवाई में एक कार्य समूह ने पिछले हफ्ते दुबई में हुई तिमाही बैठकों के दौरान आईसीसी बोर्ड और मुख्य कार्यकारी समिति (सीईसी) को इस संदर्भ में अपनी सिफरिशें सौंपी।




इस समूह को को क्रिकेट के तीनों प्रारूपों से जुड़े जरूरी मुद्दों पर ध्यान देने का काम सौंपा गया है। कार्य समूह ने अगले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (2027-29) चक्र के लिए सभी 12 पूर्णकालिक सदस्यों की एक स्तरीय प्रणाली लागू करने की सिफारिश की गई। अफगानिस्तान, जिम्बाब्वे और आयरलैंड के अगले चक्र में शामिल होने की संभावना है। इस दौरान सदस्य देशों के साथ द्वि-स्तीय प्रणाली पर व्यापक चर्चा हुई।

श्रीलंका, वेस्टइंडीज और पाकिस्तान जैसे देशों ने द्वि-स्तरीय प्रणाली का विरोध करते हुए कहा कि अगर बड़े देशों के खिलाफ मैच नहीं हुए तो उनके बोर्ड पैसे नहीं कमा पाएगा। अभी केवल 9 देश विश्व टेस्ट चैंपियनशिप खेल रहे है। बोर्ड के एक निदेशक ने बताया, 'इससे यह सुनिश्चित होता है कि हर कोई टेस्ट क्रिकेट खेल रहा है। जो लोग वास्तव में इस प्रारूप में खेलना चाहते हैं, उनके पास अब अवसर हैं और अन्य टीमों के लिए भी उन्हें खेलने का प्रोत्साहन है।' इसके अलावा 2023 में रद्द हुई एकदिवसीय सुपर लीग को फिर से शुरू की सिफारिश की गई। 13 टीमों की यह लीग जुलाई 2020 में ही शुरू हुई थी। कार्य समूह के प्रस्ताव में यह नहीं बताया गया है कि 2028 में फिर शुरु होने वाली लीग में कितनी टीमें हिस्सा लेंगी। ऐसा माना जा रहा है कि 50 ओवरों के विश्व कप में टीमों की संख्या बढ़ाने पर कोई जोर नहीं दिया जा रहा है। 2027 में यह प्रतियोगिता 14 टीमों की होगी, जबकि पिछले दो संस्करणों में यह केवल दस टीमों तक सीमित थी।

टी20 विश्व कप में भी 20 टीमें ही रहेंगी, हालांकि कुछ प्रशासक धीरे-धीरे इसमें चार टीमें बढ़ाने पर जोर दे रहे हैं, जिसका लक्ष्य अंततः 32 टीमों तक पहुंचना है। एसोसिएट सदस्यों ने टी-20 विश्व कप क्वालीफाइंग प्रारूप में बदलाव का प्रस्ताव भी रखा है। फिलहाल कुछ टीमों की एंट्री रैंकिंग के आधार पर होती है, इसे बदलकर सभी टीमों को क्वालिफायर राउंड में शामिल करना चाहिए। इन सब के बावजूद आईसीसी ने टी-10 को क्रिकेट को आधिकारिक प्रारुप नहीं माना। बोर्ड अगले साल की शुरुआत में होने वाली आईसीसी की अगली बैठकों में इन मुद्दों पर चर्चा हो सकती है।

# लक्ष्य सेन कुमामोतो मास्टर्स में जीते, कोकी वतानबे को सीधे सेटों में हराया



कुमामोतो (जापान) ।भारत के लक्ष्य सेन ने बुधवार को यहां कोकी वतानबे को सीधे गेम में हराकर कुमामोतो मास्टर्स जापान बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल वर्ग के दूसरे दौर में जगह बनाई।सातवें वरीय लक्ष्य ने जापान के दुनिया के 26वें नंबर के खिलाड़ी सिर्फ 39 मिनट में 21-12 21-16 से हराया। दुनिया के 15वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य अगले दौर में सिंगापुर के जिया हेंग जेसन और कनाडा के विक्टर लेई के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेंगे।भारत के किरण जॉर्ज को हालांकि मलेशिया के जिंग होंग कोक के खिलाफ पहले दौर के मुकाबले में 20-22 10-21 से हार का सामना करना पड़ा। रोहन कपूर और रुतविका शिवानी गड्डे की मिश्रित युगल जोड़ी ने प्रेस्ले स्मिथ और जेनी गेई की अमेरिका की जोड़ी को कड़ी चुनौती पेश की लेकिन इसके बावजूद भारतीय जोड़ी को तीन गेम में 12-21 21-19 20-22 से हार का सामना करना पड़ा।

# भारत-दक्षिण अफ्रीका सीरीज में सबसे अधिक रनों का रिकार्ड है रोहित के नाम

कोलकाता।भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच गुरुवार से दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी।इस सीरीज में दोनो ही टीमों की नजरें जीत दर्ज करने पर रहेंगी।अभी तक के रिकार्ड को देखें तो दोनो के बीच कुल 44 मैच खेले गए हैं जिसमें अब तक सबसे अधिक 500 रनों का रिकार्ड रोहित शर्मा का है, अब देखना है कि इस सीरीज में कौन रोहित के रिकार्ड को तोड़ पाता है। रोहित ने साल 2019 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली गई घरेलू सीरीज में ये रिकार्ड बनाया था।इस पूरी सीरीज में रोहित ने तीन मुकाबलों की चार पारियों में 132.25 के औसत से 529 रन बनाए थे। इस सीरीज में रोहित ने चार पारियों में 3 शतक लगाए थे। सीरीज का पहला मैच विशाखापत्तनम में खेला गया था। जिसमें रोहित ने पहली पारी में 244 गेंदों पर 6 छक्कों और 23 चौकों के साथ 176 रन बनाए।वहीं दूसरी पारी में उन्होंने 149 गेंदों में 127 रन बनाए।अगला मुकाबला पुणे में खेला गया, जिसमें रोहित ने 35 गेंदों में 1 चौके के साथ 14 रन बनाए। कप्तान विराट कोहली 254 और मयंक अग्रवाल 108 की शानदार पारियों से भारतीय टीम ने ये मुकाबला जीता था।सीरीज का तीसरा मुकाबला रांची में खेला गया। इस मुकाबले में रोहित ने पहली पारी में बतौर सलामी बल्लेबाज 212 रन बनाए थे।इस मैच को भारतीय टीम ने पारी और 202 रन से जीतकर सीरीज अपने नाम की थी। रोहित ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है अब देखना है कि कौन सा खिलाड़ी सबसे अधिक रनों का उनका रिकार्ड तोड़ पाता है।



# इस्लामाबाद में आत्मघाती बम विस्फोट, बढ़ाई गई श्रीलंकाई क्रिकेट टीम की सुरक्षा

**रावलपिंडी (एजेंसी)।** पाकिस्तान में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले के बाद इस देश के दौरे पर आई श्रीलंकाई क्रिकेट टीम की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने श्रीलंकाई टीम के अधिकारियों से मुलाकात की और उन्हें पूर्ण सुरक्षा का आश्वासन दिया। नकवी पाकिस्तान के गृहमंत्री भी हैं।

पाकिस्तान ने अप्रत्यक्ष रूप से अफगानिस्तान की तालिबान सरकार पर एक बार फिर आरोप लगाया है कि उसने अपनी जमीन का इस्तेमाल तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (TTP) को पाकिस्तान में आतंकवादी हमले करने के लिए करने दिया। मंगलवार को इस्लामाबाद में एक न्यायिक परिसर के बाहर एक आत्मघाती हमलावर ने खुद को उड़ा लिया, जिसमें 12 लोग मारे गए और कई घायल हो गए।




इस बीच उत्तरी पाकिस्तान के वाना क्षेत्र में वाना कैडेट कॉलेज पर आतंकवादी हमले को सुरक्षा बलों ने विफल कर दिया और लगभग 300 छात्रों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। पाकिस्तान के सूचना मंत्री अता तरार ने कहा कि यदि सुरक्षा बलों ने तुरंत कार्रवाई नहीं की होती तो पाकिस्तान 2018 में पेशावर स्कूल हमले जैसी बड़ी घटना का गवाह बन सकता था। तीन वर्ष पहले न्यूजीलैंड की टीम ने पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली सीमित ओवरों की श्रृंखला रद्द कर रही थी।

न्यूजीलैंड की टीम तब संभावित आतंकवादी हमले की विश्वसनीय खुफिया सूचना मिलने के बाद बिना कोई मैच खेले ही स्वदेश लौट गई थी। सूत्र ने कहा, 'यही कारण है कि मोहसिन नकवी व्यक्तिगत रूप से स्टेडियम गए और मेहमान टीम के सदस्यों से मिले तथा उन्हें सुरक्षा को लेकर आश्वस्त किया।'

मार्च 2009 में TTP आतंकवादियों ने गद्दाफी स्टेडियम के पास श्रीलंकाई टीम की बस पर हमला किया था, जिसके कारण लगभग 10 वर्षों तक पाकिस्तान में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच आयोजित नहीं किए गए क्योंकि विदेशी टीमों ने सुरक्षा चिंताओं के कारण देश का दौरा करने से इनकार कर दिया था।

सूत्र ने कहा, 'श्रीलंका की टीम की सुरक्षा बढ़ा दी गई है और पाकिस्तानी सेना तथा अर्धसैनिक रेंजर्स को मेहमान खिलाड़ियों और अधिकारियों की सुरक्षा पर नजर रखने के लिए तैनात किया गया है।' रावलपिंडी में तीन एकदिवसीय मैच खेलने के बाद श्रीलंका 17 से 29 नवंबर तक टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला में भाग लेगा जिसमें तीसरी टीम जिंबॉब्वे की होगी।

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में बुमराह के खेलने पर संशय, अभ्यास सत्र बीच में ही छोड़कर ड्रेसिंग लौटे थे




कोलकाता ।भारतीय टीम को यहां ईडन गार्डन में गुरुवार से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरु हो रहे पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में अपने मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बिना ही उतरना पड़ सकता है।इसका कारण है कि बुमराह साल 2025 की शुरुआत में लगी चोट से अब तक नहीं उबरे हैं और इसी कारण वह अभ्यास सत्र भी बीच में ही छोड़कर चले गये थे।ऐसे में उनकी फिटनेस पर संशय बना हुआ है।अभ्यास सत्र में, शुभमन गिल, साई सुदर्शन, रवींद्र जडेजा, यशस्वी जायसवाल, वाशिंगटन सुंदर और नितीश कुमार रेड्डी जैसे खिलाड़ी शामिल हुए।वहीं अभ्यास सत्र के दौरान बुमराह के घुटने पर पट्टी बंधी दिखी।बुमराह ने धीमी शुरुआत की और आधे घंटे तक अभ्यास किया।इस दौरान उन्होंने छोटा रन-अप किया और ड्रेसिंग रूम लौट गए।वहीं अभ्यास सत्र के दौरान मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ ही सहयोगी स्टाफ में शामिल सीतांशु कोटक और मोर्ने मोर्कल भी थे।पहले टेस्ट में भारतीय टीम तीसरें नंबर पर किये उतारती है ये देखना होगा।इस नंबर के लिए साई सुदर्शन के साथ ही ध्रुव जुरेल भी कतार में हैं।शुभम गिल, यशस्वी जायसवाल और सुदर्शन ने नेट पर लंबे समय से अभ्यास किया।जिससे अंदाजा होता है कि उन्हें शामिल किया जा सकता है।

# ईडन गार्डन्स की पिच से असंतुष्ट नजर आये शुभमन, क्यूरेटर से की बात

कोलकाता ।भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान शुभमन गिल यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुक्रवार से शुरु हो रहे पहले क्रिकेट टेस्ट मैच से पहले ईडन गार्डन की पिच से संतुष्ट नजर नहीं आये।शुभमन ने यहां टीम के कुछ खिलाड़ियों के साथ अभ्यास सत्र में भाग लिया था।इसी दौरान वह पिच की हालत देखकर नाराज हो गये।पिच पर कई दिनों से पानी नहीं पड़ा था।वह सूखी और सख्त थी।शुभमन ने तत्काल ही पिच क्यूरेटर सुजान मुखर्जी को बुलाया और उनसे इस बारे में बात की।बाद में बंगाल क्रिकेट बोर्ड (कैब) के प्रमुख सौरव गांगुली ने भी क्यूरेटर के साथ पिच को लेकर बात की।एक रिपोर्ट के अनुसार शुभमन के अलावा गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने भी पिच का निरीक्षण किया और वे संतुष्ट नहीं दिखे।पिच को पिछले एक हफ्ते से बिना पानी दिए छोड़ा गया लग रहा था।बाद में शाम को दक्षिण अफ्रीकी टीम ने भी अभ्यास किया और उनका जोर स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ अभ्यास पर रहा।शाम को ही गांगुली भी मैदान में पहुंचे और उन्होंने खुद पिच को देखा और बाद में क्यूरेटर सुजान से चर्चा की।मुख्य पिच तब भी सूखी हुई थी हालांकि आस-पास में पानी जरूर छिड़कर रखा था।गांगुली पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं भारतीय टीम ने स्पिनरों के लिए सहायक पिच बनाने की कोई अपील नहीं की थी।



# राइजिंग स्टार्स एशिया कप से भारत की ओर से टी20 में डेब्यू करेंगे वैभव



नई दिल्ली ।14 साल के उभरते हुए बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी राइजिंग स्टार्स एशिया कप टी20 मुकाबले में यूएई के खिलाफ खेलते हुए दिखेंगे।इसी के साथ ही वैभव टी20 में भारतीय टीम की ओर से अपना पहला मैच खेलेंगे।वैभन ने इससे पहले आईपीएल में अपने शानदार प्रदर्शन से सभी का ध्यान खींचा था।इसके बाद इंग्लैंड में अंडर-19 टीम की ओर से भी उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया था।अब सभी की नजरें 14 नवंबर को होने वाले राइजिंग स्टार टूर्नामेंट के इस मैच पर रहेंगी।इस मैच में वैभव के शानदार प्रदर्शन से भारतीय क्रिकेट को अपना अगला सितारा मिल सकता है।वैभव ने इससे पहले भारत की अंडर 19 टीम के लिए एकदिवस मुकाबले खेले हैं पर वह पहली बार टी20 मुकाबला खेलते हुए दिखेंगे।ये पहली बार होगा जब वैभव भारतीय टीम की नीली जर्सी में खेलते दिखेंगे।वैभव की ताकत उनकी बल्लेबाजी है।मैदान पर उनका जुनून और आत्मविश्वास उन्हें सभी से अलग करता है।वैभव ने अब तक कुल 8 टी20 मुकाबले खेले हैं जिसमें उन्होंने 207.03 की शानदार स्ट्राइक रेट से 265 रन बनाए और उनके नाम 1 शतक और 1 अर्धशतक भी शामिल है।इस क्रिकेटर ने बिहार के लिए टी20 डेब्यू पर केवल 13 रन बना पाए थे।वहीं आईपीएल डेब्यू पर 34 रन बनाए थे।अब ये देखना है कि वैभव इंडिया ए के लिए डेब्यू करते समय कितना बड़ा स्कोर कर पाते हैं।

# पीटी उषा का बड़ा ऐलान: 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी पर जल्द फैसला, इतिहास रचने को तैयार भारत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा कि 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की घोषणा जल्द ही की जाएगी और 25-26 नवंबर को ग्लासगो में होने वाली वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के दौरान इसकी सार्वजनिक घोषणा होने की उम्मीद है। पीटी उषा मंगलवार को साकेत स्थित डीएलएफ एवेन्यू में मौजूद थीं, जहाँ केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने राष्ट्रीय राजधानी में होने वाले 2026 ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों (सीडब्ल्यूजी) के लिए किंग्स बैटन का अनावरण किया।

2030 राष्ट्रमंडल खेलों की घोषणा पर बोलते हुए, पीटी उषा ने मीडिया से कहा कि 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की घोषणा बहुत जल्द की जाएगी और 25-26 नवंबर को इसकी सार्वजनिक घोषणा की जाएगी। ग्लासगो में वार्षिक आम बैठक (एजीएम) है... यह हमारे सभी खिलाड़ियों के लिए एक अच्छी प्रेरणा होगी। पिछले महीने, कॉमनवेल्थ स्पोर्ट के कार्यकारी बोर्ड ने घोषणा की कि वह अहमदाबाद को कॉमनवेल्थ गेम्स के 2030 शताब्दी संस्करण के मेज़बान शहर के रूप में सुझाएगा।

कॉमनवेल्थ गेम्स की आधिकारिक वेबसाइट, जो कॉमनवेल्थ स्पोर्ट की भी आधिकारिक वेबसाइट है, से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, अहमदाबाद को अब पूर्ण कॉमनवेल्थ स्पोर्ट सदस्यता के लिए आगे रखा जाएगा, जिसका अंतिम निर्णय 26 नवंबर 2025 को ग्लासगो में होने वाली कॉमनवेल्थ स्पोर्ट महासभा में लिया जाएगा। यह सिफारिश कॉमनवेल्थ स्पोर्ट मूल्यांकन समिति द्वारा एक कठोर मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद की गई है, जिसमें तकनीकी प्रदर्शन, एथलीट अनुभव, बुनियादी ढाँचा, शासन और कॉमनवेल्थ मूल्यों के साथ संरेखण सहित कई मानदंडों पर उम्मीदवार शहरों का मूल्यांकन किया गया था।

संगठन के %गेम्स रीसेट% सिद्धांतों के तहत, जो नवाचार और सहयोग को प्रोत्साहित करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं, अहमदाबाद (भारत) और अबुजा (नाइजीरिया) दोनों ने खेलों की मेजबानी के लिए अपनी तत्परता और दूरदर्शिता को दर्शाते हुए आकर्षक प्रस्ताव प्रस्तुत किए। यह सिफारिश राष्ट्रमंडल खेल आंदोलन के लिए एक ऐतिहासिक क्षण का प्रतिनिधित्व करती है। 2030 के खेल, 1930 में हैमिल्टन, कनाडा में आयोजित उद्घाटन समारोह की शताब्दी का प्रतीक होंगे। ग्लासगो 2026 तेज़ी से नज़दीक आ रहा है और एथलीटों और प्रशंसकों, दोनों के लिए एक %वाह% कारक लाने का वादा करता है, आज की सिफारिश शताब्दी खेलों और उससे आगे के लिए एक रोमांचक मंच प्रदान करती है, जो दीर्घकालिक स्थिरता और गति प्रदान करती है।





# सामंथा ने राज निदिमोरु संग रिश्ता किया कन्फर्म

एक्ट्रेस सामंथा ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की, जिसमें उन्होंने इस साल लिए गए बोल्ड डिसीजन और अपने एक्सपीरियंस के बारे में बात की, लेकिन इस पोस्ट में सबसे ज्यादा चर्चा उनकी एक तस्वीर को लेकर हुई, जिसमें वे डायरेक्टर राज निदिमोरु के साथ नजर आईं। इस फोटो ने उनके रिश्ते की अफवाहों को एक बार फिर हवा दे दी है। फोटो में सामंथा ब्लैक लेस ड्रेस में नजर आ रही हैं, जबकि राज ब्लैक सूट में नजर आ रहे हैं। दोनों कैमरे की तरफ देख रहे हैं। राज का एक हाथ सामंथा की कमर पर है और सामंथा दोनों हाथों से उन्हें पकड़कर पोज दे रही हैं। यह तस्वीर सामंथा के फ्रैगरेंस लॉन्च इवेंट की है। यह इवेंट इसी हफ्ते की शुरुआत में आयोजित किया गया था। इस इवेंट की कई तस्वीरें उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर कीं। इसी पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने बीते कुछ सालों में लिए गए फैसलों और छोटी-छोटी सफलताओं को सेलिब्रेट करने की बात कही।

सामंथा ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा – दोस्तों और परिवार से घिरी हुई हूं। पिछले डेढ़ साल में मैंने अपने करियर के कुछ सबसे हिम्मत भरे कदम उठाए हैं। मैंने रिस्क लिए, अपनी इंट्यूशन पर भरोसा किया और चीजें सीखते हुए आगे बढ़ी। आज मैं इन छोटी-छोटी जीतों को सेलिब्रेट कर रही हूं। मैं बहुत आभारी हूं कि मैं इतने ईमानदार और मेहनती लोगों के साथ काम कर रही हूं। भरोसा है, यह तो बस शुरुआत है। उनके इस पोस्ट पर कई लोगों ने रिएक्शन दिए। कुछ यूजर्स ने उन्हें बधाई भी दी। कुछ ने पूछा कि क्या सामंथा और राज ने अपने रिश्ते को ऑफिशियल कर दिया है। एक यूजर ने लिखा – अब यह ऑफिशियल है। वहीं दूसरे ने लिखा – अगर यह ऑफिशियल है तो बहुत खुशी होगी।

गौरतलब है कि पिछले कुछ समय से सामंथा और राज के रिलेशन को लेकर चर्चाएं चल रही हैं। दोनों के बीच नजदीकियां तब बढ़ीं जब उन्होंने साथ में वेब सीरीज द फैमिली मैन 2 में काम किया। बताया जाता है कि सीरीज के बाद से ही दोनों के बीच अच्छी बॉन्डिंग बनी हुई है। राज ने सामंथा के प्रोडक्शन हाउस की पहली फिल्म शुभम में भी सहयोग किया था। हालांकि दोनों ने अब तक अपने रिश्ते को लेकर कोई पब्लिक बयान नहीं दिया है, लेकिन सोशल मीडिया पर शेयर की गई तस्वीरों और उनके एक साथ देखे जाने से यह चर्चा लगातार बनी रहती है।



# मैंने अपनी शर्तों पर हॉलीवुड में किया काम

दीपिका पादुकोण ऐसी अभिनेत्री हैं, जिन्होंने बिना किसी फिल्मी घराने से आने के बावजूद इंडस्ट्री में अपनी एक खास पहचान बनाई है। आज उनकी गिनती बॉलीवुड की टॉप अभिनेत्रियों में होती है। अब दीपिका अपनी शर्तों पर काम करती हैं। यही कारण है कि अपने आठ घंटे काम करने की मांग के चलते उनके हाथ से कई बड़ी फिल्में भी निकलीं, लेकिन उन्होंने खुद से समझौता नहीं किया। अब दीपिका ने अपने हॉलीवुड करियर को लेकर भी एक बड़ा बयान दिया है। दीपिका ने कहा कि वो हॉलीवुड में अपनी शर्तों पर काम करेंगी, न कि वैसा जैसी हमारी वहां छवि बनी हुई है।

## विदेशों में भारतीयों की घिसी-पिटी छवि बनी हुई है

दीपिका ने कहा विदेशों में आज भी भारत को लेकर एक छवि है। साथ ही उन्होंने अपने साथ वहां हुए भेदभाव पर भी खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि मैं भारत को दुनिया के सामने लाने को लेकर बहुत स्पष्ट थी, लेकिन जिस भारत को मैं जानती हूं, वह ऐसा नहीं है। उदाहरण के लिए हॉलीवुड में जाना और कुछ ऐसी चीजें करना जो हमसे उम्मीद की जाती हैं या जो ग्लोबल ऑडियंस के हिसाब से करना, कुछ ऐसा है जो मैं कभी नहीं करना चाहती थी। विदेशों में यात्रा के दौरान भी मैंने अक्सर देखा है कि वहां लोगों के मन में भारतीयों के बारे में वही पुरानी और घिसी-पिटी छवि है। चाहे वह कास्टिंग को लेकर हो, या हमारे बोलने के तरीके को लेकर हो या मेरी त्वचा के रंग को लेकर हो। यही कारण है कि हमें वहां टैलेंट को देखते हुए काम नहीं मिला, बल्कि घिसे-पिटे रोल दिए गए।

## विदेश में इंटरनेशनल ब्रांड के होर्डिंग पर खुद को देखकर हुआ गर्व


दीपिका ने कहा कि मैं बिल्कुल स्पष्ट थी कि मैं यह काम अपने तरीके से और अपनी शर्तों पर करूंगी। बेशक इसमें ज्यादा समय लगा। हाल ही में अपने एक इंटरनेशनल ब्रांड के अभियान को याद करते हुए दीपिका ने बात की, जब सनसेट बुलेवार्ड पर जगह-जगह उनके होर्डिंग लगे थे। अभिनेत्री ने कहा कि मैं उस समय लॉस एंजिल्स में थी। यह देखकर पहले मुझे अजीब लगा, लेकिन साथ ही मुझे गर्व भी हुआ। एक वैश्विक लक्जरी ब्रांड के होर्डिंग पर एक भूरे रंग का चेहरा देखकर अच्छा लगा। मैंने ऐसा पहले कभी नहीं देखा था और यह हर एक भारतीय महिला की जीत जैसा लगा।

## विन डीजल के साथ हॉलीवुड डेब्यू

दीपिका ने 2017 में विन डीजल के साथ 'XXX: रिटर्न ऑफ जेंडर केज' से हॉलीवुड में कदम रखा था। तब से दीपिका ने कई इंटरनेशनल ब्रांड साइन किए हैं और ग्लोबल मंच पर लगातार अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। हालांकि, उसके बाद से दीपिका किसी हॉलीवुड फिल्म में नजर नहीं आई हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो दीपिका पादुकोण इन दिनों शाहरुख खान के साथ 'किंग' की शूटिंग कर रही हैं। साथ ही वो एटली और अल्लू अर्जुन की फिल्म को लेकर भी चर्चाओं में हैं।



# शाहरुख खान के कहने पर किंग का हिस्सा बने अभिषेक बच्चन



शाहरुख की फिल्म किंग का फर्स्ट लुक सामने आने के बाद से ही यह फिल्म सुर्खियों में है। इस फिल्म में शाहरुख के साथ उनकी बेटी सुहाना खान भी लीड रोल में नजर आएंगी। इसका निर्देशन सिद्धार्थ आनंद कर रहे हैं, जो पठान और वॉर जैसी हिट फिल्मों का निर्देशन कर चुके हैं। अब फिल्म से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है कि इसमें अभिषेक बच्चन मुख्य विलन की भूमिका निभाते दिखेंगे। यह पहली बार होगा जब अभिषेक किसी निगेटिव किरदार में नजर आएंगे। फिल्म से जुड़े एक करीबी सूत्र के मुताबिक... अभिषेक शुरुआत में इस रोल को करने को लेकर थोड़ा हिचकिचा रहे थे, क्योंकि उन्होंने हाल ही में आई वांट टू टॉक और कालीधर लापता जैसी फिल्मों में सौम्य किरदार निभाए थे लेकिन शाहरुख ने उन्हें यह चुनौती स्वीकार करने के लिए प्रेरित किया। ट्रेड्स के मुताबिक, अगर शाहरुख का सुझाव न होता, तो शायद अभिषेक यह भूमिका नहीं निभाते। शाहरुख और अभिषेक की दोस्ती किसी से छिपी नहीं है। दोनों इससे पहले फराह खान की फिल्म हैप्पी न्यू ईयर (2014) में साथ नजर आए थे।

# अनीस के साथ फिर काम करेंगे अक्षय



अक्षय कुमार साल में कई फिल्में करने के लिए जाने आते हैं। इस साल उनकी फिल्म कसरी चैप्टर 2 और हाउसफुल 5 जैसी कई बड़ी फिल्मों ने चर्चा बटोरी। अब अक्षय अगला साल की अपनी नई फिल्मों की तैयारी में जुट गए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक... अक्षय जल्द ही साउथ की मशहूर फिल्म संक्रांतिकी वस्तुनम के हिंदी रीमेक में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म का निर्देशन अनीस बज्मी करेंगे। यह फिल्म मूल कहानी को बरकरार रखते हुए नए ट्विस्ट और हास्य से भरपूर होगी। अक्षय और अनीस को इस फिल्म की कहानी काफी पसंद आई है। साउथ वर्जन में एक्टर वेंकटेश मुख्य भूमिका में थे, जो अपनी पत्नी और प्रेमिका के बीच उलझे हुए दिखाए गए थे। बताया जा रहा है कि हिंदी वर्जन में इसे और मजेदार अंदाज में पेश किया जाएगा। फिल्म में कई नए कॉमिक सीन जोड़े जाएंगे, जिससे यह मूल से कहीं बड़ी और मनोरंजक बनेगी। फिल्म की कहानी लेखन का काम जारी है और अगले साल फरवरी से शूटिंग शुरू करने की प्लानिंग है।


# जूटोपिया 2 में जुड़ी हॉप्स की आवाज बनेंगी श्रद्धा कपूर



अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने हॉलीवुड फिल्म जूटोपिया 2 में अपनी आवाज देंगी। इंस्टाग्राम पर पोस्ट की गई तस्वीर में श्रद्धा जूडी हॉप्स के साथ बैठी नजर आ रही हैं। अभिनेत्री ने पोस्ट कर इसे कैप्शन दिया, जूटोपिया 2 परिवार में शामिल होने के लिए और जूडी हॉप्स की आवाज देने के लिए बहुत खुश हूं। वह बहादुर, निडर, उत्साही और बहुत प्यारी है और मैं इसे बचपन से पसंद करती हूं। आज आपके लिए एक खास सरप्राइज भी आने वाला है। जुड़े रहिए। अभिनेत्री की पोस्ट देखने के बाद फैंस जूटोपिया 2 के लिए काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। वे कमेंट सेक्शन में तरह-तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं। जूटोपिया 2016 की डिज्नी की एनिमेटेड फिल्म है, जिसमें एक खरगोश पुलिस अधिकारी (जूडी हॉप्स) और एक लोमड़ी ठग (निक वाइल्ड) एक रहस्यमय षड्यंत्र का पर्दाफाश करते हैं। इसे दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया भी मिली थी। साथ ही, इसने ऑस्कर भी जीता था। अब इसका सीक्वल जल्द ही आने वाला है, जिसे जारेड बुश और जोसी ट्रिनिडैड ने मिलकर निर्देशित किया है और जिसे आवाज श्रद्धा कपूर देंगी। अभिनेत्री जल्द ही पीरियड ड्रामा फिल्म में नजर आने वाली हैं। हालांकि, मेकर्स ने फिल्म से जुड़ी जानकारी और नाम की घोषणा नहीं की है। इसी के साथ अभिनेत्री ने निर्माता एकता कपूर के साथ एक मल्टी-फिल्म के लिए कॉन्ट्रैक्ट साइन किया है। खबर है कि लोकप्रिय फिल्म धूम फ्रैंचाइजी के लिए भी श्रद्धा की बातचीत चल रही है।

# निर्देशक कबीर खान के साथ एक बार फिर काम करेंगे कार्तिक आर्यन

का र्तिक आर्यन और निर्देशक कबीर खान नए प्रोजेक्ट के लिए फिर साथ आएंगे। दोनों ने साथ में फिल्म चंदू चैंपियन पर काम किया था। यह फिल्म साल 2024 में रिलीज हुई थी। फिल्म की अपार सफलता के बाद कार्तिक एक भारी-भरकम बजट वाली एक्शन ड्रामा फिल्म का हिस्सा बनने जा रहे हैं। इसका निर्देशन कबीर करेंगे। सूत्रों के अनुसार... कबीर को हर एक फिल्म के साथ थ आगे बढ़ना पसंद है और उनकी अगली फिल्म एक्शन, ड्रामा और भावनाओं से भरपूर दमदार और रोमांचक कहानी है। उन्हें लगता है कि कार्तिक इसके लिए बिल्कुल सही हैं और यह जोड़ी खुद को एक ऐसे कॉम्बो के रूप में स्थापित करना चाहती है जो दर्शकों को हमेशा एक नया सिनेमाई अनुभव प्रदान करे। कबीर अगले साल इस फिल्म की घोषणा करेंगे। इसके अलावा कार्तिक इन दिनों फिल्म नागजिला को लेकर चर्चा में बने हुए हैं।





# वर्दी पहनते ही एक चौड़ आ जाती है

**जानी-मानी अदाकारा शेफाली शाह ने यूं तो अपने करियर की शुरुआत टीवी से की। फिर सत्या, मॉनसून वेडिंग, दिल धड़कने दो और वक्त जैसी फिल्मों के लिए चर्चा में रहीं, लेकिन उनकी एक्टिंग का असली दमखम दिखा ओटीटी पर, जब वह एमी अवॉर्ड विनिंग सीरीज दिल्ली क्राइम में मैडम सर यानी एसीपी वर्तिका चतुर्वेदी के रूप में नजर आईं। दिल्ली क्राइम 2 के लिए प्रतिष्ठित एमी अवॉर्ड जीतने वाली शेफाली अब इसके तीसरे सीजन में लौटी हैं। जाहिर है यह शो उनके लिए बेहद स्पेशल है। वह कहती हैं कि उन्हें इस शो और किरदार से बेहद प्यार है।**

दिल्ली क्राइम सीजन 3 से क्राइम और इन्वेस्टीगेशन की इस दुनिया में लौटने के बारे में शेफाली बताती हैं, मेरा एक्साइटमेंट तभी शुरू होता है, जब मुझे पता चलता है कि इस शो का नया सीजन आ रहा है। मुझे इस शो और मैडम सर से प्यार है। हालांकि, जब सेट पर जाने का वक्त आता है तो मेरा टेंशन, स्ट्रेस सब बढ़ जाता है। ऐसा लगता है कि मुझे कुछ नहीं आता, लेकिन जब मैं उसके जूते में पैर रखती हूं, मेरी चाल बदल जाती है। वह यूनिफॉर्म पहनते ही मुझमें अचानक एक चौड़ आ जाती है। वैसे, यह इमोशनली आपको सुखा देने वाला शो है। बहुत इंटेंस शो है। मैंने तीन सीजन कर लिए, मगर कभी भी ऐसा नहीं लगा कि सबकुछ आसान है। मैं सब आसानी से कर रही हूं, क्योंकि हर बार अलग केस है तो उनका रिएक्शन अलग होगा। वह पहले एसीपी थी, अब डीआईजी है, ट्रांसफर हो चुका है, तो काफी चीजें बदल चुकी हैं, इसलिए इसे करते वक्त कुछ भी बोरिंग या प्रिडिक्टेबल नहीं लगता है।

## बदलाव सबसे पहले घर से आता है

दिल्ली क्राइम 4 गर्ल ट्रैफिकिंग यानी लड़कियों की तस्करी के मुद्दे पर आधारित है। शो करते हुए ये घटनाएं शेफाली शाह पर कितना असर करती हैं? यह पूछने पर वह कहती हैं, बहुत असर करती हैं। अगर मुझ पर असर नहीं होगा, मुझे महसूस नहीं होगा तो मैं दिखाऊंगी क्या? अगर मुझे ये चीज अंदर तक नहीं झकझोरेगी तो मैं उसे दिखा भी नहीं पाऊंगी। मैं सच में कह रही हूं कि जो इमोशन आप स्क्रीन पर देखते हैं, वो 100 फीसदी सच होता है।

मगर शेफाली को खुद लड़कियों से जुड़े कौन से मुद्दे परेशान करते हैं? इस पर वह कहती हैं, बहुत सारी समस्याएं हैं। भ्रूण हत्या, किसी भी तरह का मानसिक, शारीरिक या सेक्शुअल शोषण। समाज में बराबरी का न होगा लेकिन ये सब इतनी आसानी से नहीं बदलेगा। ये बरसों की सोच है जिसे बदलना है और यह बदलाव सबसे पहले आपके घर से आएगा। मैं हमेशा कहती रही हूं कि हमारी बेटियां तभी सुरक्षित होंगी जब हम अपने बेटों की सही तरह से परवरिश करेंगे। यह हमारी जिम्मेदारी है।

## अपनी प्राथमिकताएं तय करना सीख गई हूं

सीरीज रसिका दुग्गल के किरदार के बहाने औरतों पर घर और काम के दबाव को भी दिखाती है। शेफाली खुद इन दोनों के बीच कैसे बैलेंस बनाती हैं? इस पर वह बताती हैं, आपको बस करना होता है। हमारे पास ऑप्शन क्या है? ये है कि मेरे बच्चे बड़े हो गए हैं तो अब उन्हें मेरी उतनी जरूरत नहीं है, पर अब भी बहुत सारी चीजें हैं। हालांकि, वक्त के साथ मैं प्राथमिकताएं तय करना सीख गई हूं कि कौन सी चीज तुरंत करना जरूरी है। जैसे, मेरा यह रहता है कि अगर घर पर सब खुश, स्वस्थ और सुरक्षित हैं तो ठीक है। अगर इन तीन चीजों में दिक्कत है तो मैं दुनिया की बाकी सब चीजें छोड़ दूंगी। उसके अलावा खाना नहीं बना, खाना नहीं खाया, पानी नहीं आया, ये सब हैंडल करना बहुत थकाऊ होता है। खासकर, इसलिए कि वर्तिका की तरह मैं भी अपने काम में डूब जाती हूं, तो उस वक्त अगर घर में खाना नहीं बना तो क्या करूं? लेकिन फोन आता है, तो मैं कहती हूं ऑर्डर कर लो। उस पर भी ओटीपी की व्यथा कथा शुरू हो जाती है (हंसती हैं)। ये ओटीपी बहुत दर्दनाक चीज है। मतलब, दिल्ली क्राइम के पहले सीजन की सनडांस में स्क्रीनिंग चल रही थी। शो शुरू होने वाला था और मेरा बेटा फोन पर फोन किए जा रहा है। मैंने पूछा क्या हुआ, सब जिंदा हैं, तो बोला- मुझे ओटीपी चाहिए। मतलब क्या कहूं पर मुझे देना पड़ा।

## फूड

# घर पर ऐसे बनाएं लादी पाव, मार्केट की पाव भाजी खाना छोड़ देंगे आप



अगर आपको मार्केट में जाते ही पाव भाजी खाने का मन करता है तो आप एक बार घर पर लादी पाव बनाकर इसे भाजी के साथ खाएं।यकीन मानिए इसके बाद आपको मार्केट की दूसरा कोई भी पाव पसंद नहीं आएगा।पाव भाजी का असली स्वाद तभी आता है जब पाव नर्म हो।मार्केट में मिलने वाले पाव फ्रेश नहीं होते इसलिए आप उसे खा तो लेते हैं लेकिन जिन लोगों ने लादी पाव खाया है उन्हें ये पाव कभी पसंद नहीं आएंगे।घर की रसोई में रखे सामान से आप आसानी से लादी पाव घर पर बना सकते हैं।हम आपको इस स्टोरी में कढ़ाई में लादी पाव बनाने की रेसिपी बता रहे हैं।इसे बनाने के लिए आपको क्या सामग्री चाहिए और इसे बनाने की विधि क्या है आइए जानते हैं। - सबसे पहले एक कप में इन्सटेंट एक्टिव यीस्ट, चीनी, हल्का गुनगुना दूध डाल कर मिक्स करें और इसे 6-7 मिनट के लिए एक ओर रख दें. - एक बाउल लें और उसमें मैदा और नमक डालें - 6-7 मिनट बाद मैदा और नमक वाले बाउल में इन्सटेंट एक्टिव यीस्ट, चीनी, हल्का गुनगुना दूध वाला मिक्चर डालकर इसे गूंथे - थोड़ा-थोड़ा तेल डालकर भी आप इस डो को अच्छे से मुलायम होने तक गूंखे।याद रखें कि डो जितना मुलायम होगा आपके पाव भी उतने ही मुलायम बनेंगे। - अब इसे कम से कम 1 घंटे के लिए किसी गर्म जगह पर रख दें या कपड़े से ढ़ककर रखें। 1 घंटे बाद डो से ऐसे बनाएं मुलायम पाव - एक कंटेनर को तेल से ग्रीस करें। - अब हाथ में थोड़ा सा आटा लगाकर डो से लोई निकालें और हाथ से गोल करके उसे कंटेनर पर रखकर दबा दें।इसी तरह सारे डो की या कंटेनर में जितना आ सके उतनी लोई लेकर बना लें। - अब इस पर आप पानी और क्रीम का घोल बनाकर ब्रश से लगाएं और फिर कपड़े से ढककर इसे आधें घंटे के लिए छोड़ दें।इतनी देर में... - एक कढ़ाई में 2 कप नमक डालकर इस पर एक जाली स्टेंड लगाकर इसे अच्छे से फूल फ्लेम पर गर्म करें। - जितनी देर में ये गर्म होगा उतनी देर में आपके कंटेनर पर डो की लोई भी सेट हो जाएगी. - अब गर्म नमक वाली कढ़ाई में आप कंटेनर को रख दें - इसे 20 मिनट ढ़ककर रखें और फिर इसे चेक करें। - 20 मिनट बाद चेक करने के बाद इसे आप तब तक स्टीम में पकाएं जब तक ये गोल्डन ब्राउन ना हो जाएं।




## जानें स्टाइलिश और ग्लैमरस लुक के लिए कौन सी जींस है बेस्ट, इस तरह करें कैरी



आजकल जींस स्टाइल स्टेटमेंट है। स्टाइलिश लुक के लिए लड़कियां जींस कैरी करती है। आजकल कई टाइप की जींस की है जिसे कैरी कर आप स्टाइलिश और ग्लैमरस लुक कैरी कर सकते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं स्टाइलिश लुक के लिए अपनी हाइट और बॉडी टाइप के अनुसार जींस कैरी करना चाहिए। अगर आप भी कंफ्यूज रहती है कि कौन सी जींस पहने या फिर नहीं चालिए जानते हैं स्टाइलिश और ग्लैमरस लुक के लिए कौन सी जींस है बेस्ट। इन दिनों हाई वेस्ट जींस काफी ट्रेंड मे हैं। बहुत ही महिलाएं हाई वेस्ट जींस को लेकर हमेशा की कंफ्यूज रहती है कि हाई वेस्ट जींस कैरी करें या नहीं। स्टाइलिश और ग्लैमरस लुक के लिए आप हाई वेस्ट जींस कैरी कर सकती हैं। हाई वेस्ट जींस और क्रॉप टॉप आपको स्टनिंग लुक देगा। अगर आप बेली फेट से परेशान है तो हाई वेस्ट जींस आपके लुक को खराब कर सकती हैं। स्किनी फिट जींस का ट्रेंड कभी नहीं जाता है। स्किनी फिट जींस हमेशा ट्रेंड में रहती हैं। दुनिया भर में स्किनी फिट जींस को काफी पसंद किया जाता है। स्किनी फिट जींस को आप आसानी से कैरी कर सकती हैं। स्किनी फिट जींस के साथ स्टाइलिश टॉप कैरी कर आप पार्टी में भी जा सकती हैं। जिसकी टांगे मोटी है उनके लिए स्किनी फिट जींस बेस्ट है।





पिछले दो तीन सालों से फ्लेयर्ड जींस का ट्रेंड देखने को मिल रहा है। हॉलीवुड एक्ट्रेस से लेकर बॉलीवुड एक्ट्रेस फ्लेयर्ड जींस कैरी करती है। स्टाइलिश लुक के लिए प्लेन लूज टीशर्ट के साथ फ्लेयर्ड जींस कैरी करें। जिन महिलाओं की टांगे काफी पतली है उनके लिए प्लेयर्ड जींस काफी बेस्ट है। रिप्ड जींस पिछले काफी टाइम से ट्रेंड में है। स्टाइलिश और स्टनिंग लुक के लिए आप रिप्ड जींस को कैरी कर सकती हैं। प्लेन व्हाइट टीशर्ट के साथ ब्लू रिप्ड जींस बेहद कमाल की लगती हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस और टीवी एक्ट्रेस भी स्टाइलिश लुक के लिए रिप्ड जींस कैरी करती हैं।

## हेल्थ



# पॉल्यूशन और सिगरेट के घातक जहर से फेफड़ों का ऐसे करें बचाव

सर्दी के मौसम में प्रदूषण के कारण लोगों की परेशानियां काफी ज्यादा बढ़ जाती है। पिछले कई सालों से सर्दी आते ही इस तरह की समस्याएं परेशान करने लगी है। बता दें कि प्रदूषण की वजह से सबसे ज्यादा दिक्कत फेफड़ों को होती है। वहीं जिन लोगों को सांस संबंधी समस्या होती है, उनको सर्दी में ज्यादा परेशानी होती है। प्रदूषण की वजह से ब्रोंकाइटिस से लेकर क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज और गले में जलन आदि की समस्या होने लगती है। ऐसे में लंग्स को हेल्दी रखना काफी ज्यादा जरूरी होता है। ऐसे में जरूरी है कि लंग्स को इतना मजबूत बनाया जाए, जिससे कि प्रदूषण की मार लंग्स पर बहुत कम हो। आज इस आर्टिकल के जरिए आपको कुछ ऐसे टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको फॉलो कर आप अपने लंग्स को हेल्दी रख सकते हैं। बता दें कि गुड़ सांस की नली को साफ करने का काम करता है। गुड़ में एंटी-इंफ्लामेटरी गुण पाया जाता है। वहीं सांस में लिए गए विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में भी गुड़ सहायक होता है। गुड़ को एक प्राकृतिक सफाई एजेंट माना जाता है। यह श्वसन रोगों और अस्थमा के लक्षणों को कम करने में मदद कर सकता है। प्रदूषण के समय सांस की दिक्कतों को कम करने में नीलगिरी का तेल बहुत फायदेमंद है। अगर छाती में प्रदूषण की वजह से कंजेशन हो गया है, तो वायु मार्ग को आराम देने के लिए आपको नीलगिरी तेल की कुछ बूंदे डाल देनी चाहिए। हांलाकि हम सब अदरक के लाभकारी गुणों से भलीभांति वाकिफ हैं। अदरक के सर्दी में अनेकों फायदे हैं। क्योंकि सर्दी के मौसम में प्रदूषण का सबसे ज्यादा सामना करना पड़ता है। ऐसे में अदरक और तुलसी के पत्ते का मिश्रण आपके गले की दिक्कतों को कम करने में मददगार होता है। ऐसे में अगर आप भी प्रदूषण से बचना चाहते हैं, तो ज्यादा से ज्यादा समय घर पर ही रहें।

## फिटनेस




# 3 आर्म एक्सरसाइज



कोरोना महामारी ने हमारे जीवन को कई तरह से बदल दिया है। यही कारण है कि हम में से ज्यादातर लोग जरूरी एहतियात बरतते हुए ज्यादा भीड़-भाड़ वाली जगहों पर जाने से बच रहे हैं। जैसा कि हम सभी जानते हैं एक्सरसाइज करना स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी है, लेकिन ज्यादातर लोग इन दिनों जिम जानें से कतरा रहे हैं। लेकिन अच्छी बात यह है कि कुछ एक्सरसाइज ऐसी हैं, जिन्हें करने के लिए आपको जिम जाने की आवश्यकता नहीं है, आप घर पर रहकर ही इन एक्सरसाइज को कर सकते हैं। जिनमें से एक है आर्म वर्कआउट । बाजुओं की ऐसी कई एक्सरसाइज हैं जो कोर मसल्स को टारगेट करते हुए आपकी बाजुओं को मजबूत और टोन करने में मदद कर सकती हैं- वो भी घर पर आराम से। हम यहां आपको ऐसी ही 3 सरल आर्म एक्सरसाइज के बारे में बता रहे हैं, साथ ही आप इन्हें घर पर कैसे कर सकते हैं।

### इंचवर्म

शरीर के अधिकतम और पूर्ण लाभों प्राप्त करने के लिए इंचवर्म को रुटीन में शामिल। यह न केवल आपकी बाहों, कंधों, कोर और निचले शरीर को मजबूत करता है बल्कि आपकी हृदय गति को भी बढ़ाता है। अपने पैरों को कूल्हों की चौड़ाई के समान सीधा लंबा खड़ा करें और अपने हाथों को फर्श पर रखें। अपनी रीढ़ को यथासंभव तटस्थ रखते हुए अपने कोर को कस कर रखें, अपने हाथों को आगे बढ़ाएं। आपकी एड़ी फर्श से ऊपर उठ जाएगी, और जब आप अपने हाथों को आगे की ओर एक उच्च प्लैंक पोजीशन में ले जाएंगे तो आपके पैर सीधे रहेंगे।

### ट्राइसेप्स डिप्स

डिप्स एक बेहतरीन बॉडीवेट एक्सरसाइज है। जो मुख्य रूप से ट्राइसेप्स को टार्गेट करता है, वहीं कंधे और छाती की मांसपेशियों को भी टोन करता है। लेकिन अगर आपको कंधे की समस्या है, तो इस एक्सरसाइज को करने से बचें। अपने पैरों को मजबूती से फर्श को छूते हुए एक कुर्सी के किनारे पर बैठें। आपके हाथ की हथेलियां आपके कंधों के नीचे होनी चाहिए, जो आपके कूल्हों के बगल में कुर्सी के किनारे पर टिकी हों। अपने ग्लूट्स को कस लें और अपने कूल्हों को कुर्सी से तब तक उठाएं जब तक कि आपकी बाहें सीधी न हो जाएं। अपनी कोहनी मोड़ें और अपने शरीर को जितना नीचे कर सकते हैं उतना नीचे करें जब तक कि आप अपने कंधों को महसूस न करें या अपनी पीठ को आगे की ओर गोल करना शुरू न करें।


### चतुरंगा

चतुरंगा स्टैंडर्ट प्लैंक का एक रूप है जो अन्य प्लैंक पोजीशन की तुलना में बाइसेप्स की मांसपेशियों को अधिक टार्गेट करता है। कैसे करें: अपने कोर को मिलाते हुए, अपने हाथों को कोहनी के नीचे और अपने शरीर के करीब रखते हुए एक पारंपरिक प्लैंक पोजीशन में शुरू करें। अपने पैर की उंगलियों को आगे रोल करें और अपनी कोहनी को तब तक मोड़ें जब तक कि आपकी बाहें 90 डिग्री का कोण न बना लें।

## ब्यूटी

### गाउन पर सेलिब्रिटी की तरह बनाएं हेयर स्टाइल

# सबसे खूबसूरत दिखेंगी आप



**अप-टू-डेट और स्टाइलिश दिखने के लिए हम अपने आपको अलग-अलग लुक कैरी करते हैं। मेकअप और आउटफिट के बार परफेक्ट हेयर स्टाइल होना बहुत जरूरी है। आजकल गाउन का ट्रेंड काफी ज्यादा चल रहा है। ऐसे में आज हम आपको गाउन के साथ स्टाइल किए जाने वाले कुछ ट्रेंडी हेयर स्टाइल के बारे में बताने जा रहे हैं। यह हेयर स्टाइल आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करेंगे। साथ ही आपका लुक भी स्टाइलिश लगेगा।**

### ओपन ट्विस्टिंग हेयर स्टाइल

कुछ लोग बालों को खुला रखना पसंद करते हैं। ऐसे में अगर आप भी अपने बालों को खुला रखना पसंद है। तो हम आपको मिनटों में बनने वाले हेयर स्टाइल के बारे में बताने जा रहे हैं। बता दें कि ओपन ट्विस्टिंग हेयर स्टाइल बनाना काफी ज्यादा आसान है। इस हेयर स्टाइल को बनाने के लिए सबसे पहले आप बालों की एक-एक लेयर की ट्विस्टिंग करनी होगी। इसके बाद उसे पिनअप करना होगा। बचे हुए बालों को भी लेंथ तक कर्ल कर दें। इसके बाद इसे सजाने के लिए आप बीड्स या फ्लोरल हेयर क्लिप का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

### मेसी पोनीटेल

मेसी लुक देखने में काफी मॉडर्न लगने के साथ बेहतरीन भी लगता है। इस हेयर स्टाइल को बनाना काफी ज्यादा आसान होता है। इस हेयर स्टाइल को सजाने के लिए बालों की सिर्फ एक लेयर को पोनीटेल के शुरूआत में गोल-गोल व्रैप कर लें। बता दें कि इस हेयर स्टाइल को बनाने के लिए हेयर स्टाइलर की मदद से पहले सारे बालों को कर्ल कर लें। बालों को कर्ल करने से एक बाउंस बनकर तैयार हो जाएगा। यह हेयर स्टाइल आपको खूबसूरत होने के साथ प्रोफेशनल टच देगा।



### हाफ-टाई बन हेयर स्टाइल

बता दें कि आज के समय में हाफ-टाई बन हेयर स्टाइल काफी चलन में है। इस हेयर स्टाइल को बनाने के लिए सबसे छोटे साइज वाले डोनट का उपयोग करना चाहिए। वहीं बचे हुए बालों को हेयर स्टाइलिंग टोंग की मदद से कर्ल कर लें। इस तरह से आपका हेयर स्टाइल बन जाएगी।


# अमृतसर के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों की दो दिन में करें सैर, बजट में बनाएं सफर की योजना



दिल्ली-हरियाणा के पास घूमने के लिए बहुत सारे पर्यटन स्थल हैं। पहाड़ों से लेकर झरनों-झीलों के बीच आप अपने खाली वक्त को सुकून से बिता सकते हैं। छुट्टी है तो पंजाब की खूबसूरत को करीब से निहारने के लिए सफर पर निकल सकते हैं। पंजाब में बहुत से पर्यटन स्थल हैं, जिनकी सुंदरता और कहानियां आपको अपनी ओर आकर्षित करती हैं। अपनी प्राकृतिक सुंदरता के साथ ही पंजाब धार्मिक और आध्यात्मिकता के लिए भी प्रसिद्ध है। यहां आप हरे-भरे लहराते खेत, ट्यूबवेल से गिरते पानी और स्वर्ण मंदिर की छवि देखने मात्र से आनंदित हो सकते हैं। हालांकि अगर घूमने के लिए वक्त की कमी है और महज दो से तीन दिन में आपको पंजाब की खूबसूरती को करीब से देखना है तो यहां के कुछ मुख्य शहरों की यात्रा करें। पंजाब के सबसे प्रमुख शहरों में से एक अमृतसर है, जहां स्वर्ण मंदिर स्थित है। लेकिन अमृतसर केवल स्वर्ण मंदिर के लिए प्रसिद्ध नहीं, इसके अलावा इस शहर में देशभक्ति से सराबोर कर देने वाला वाघा बॉर्डर, जलियांवाला बाग, अकाल तख्त जैसे दार्शनिक स्थल भी स्थित हैं। सफर के पहले दिन की शुरूआत अमृतसर के मशहूर स्वर्ण मंदिर से करें। लगभग 400 साल पुराना स्वर्ण मंदिर गहरी झील के बीच स्थित है। यहां आकर मन को शांति मिलती है और सेवा का मौका मिलता है। दो मंजिला गोल्डन टेंबल सोने का बना हुआ है। स्वर्ण मंदिर के दर्शन के बाद अकाल तख्त और दुर्गियाना मंदिर के लिए निकल सकते हैं। एक दिन में ये तीन जगह घूमी जा सकती है। अकाल तख्त और दुर्गियाना मंदिर में भी काफी पर्यटक दूर दराज से आते हैं। सफर के दौरान रात्रि बिताने के बाद अगले दिन वाघा बॉर्डर रवाना हो जाएं।




भारत-पाकिस्तान सीमा से पहले जो अंतिम भारतीय क्षेत्र है, वही सीमा वाघा बार्डर है। किसी राष्ट्रीय पर्व या खास मौके पर वाघा बार्डर जाना अधिक बेहतर रहता है, क्योंकि इस दौरान यहां विशेष आयोजन देखने को मिलता है। सीमा द्वार का कोई प्रवेश शुल्क नहीं है। सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक वाघा बार्डर पर्यटकों के लिए खुला रहता है। अमृतसर में दूसरा दिन देशभक्ति के नाम कर दें।



वाघा बार्डर से निकलकर जलियांवाला बाग घूमने जा सकते हैं। जलियांवाला बाग गुलाम भारत के इतिहास के उस काले दिन का गवाह है, जब निहत्थे भारतीयों का नरसंहार किया गया था।इसके अलावा आप गोबिंदगढ़ फोर्ट भी घूमने जा सकते हैं। दो दिन के अमृतसर ट्रिप के दौरान यहां के स्थानीय लजीज पकवानों का लुत्फ भी उठाएं। मक्के की रोटी, सरसों का साग, लस्सी और छाछ का स्वाद ले सकते हैं।